महानगर नई दिल्ली सोमवार 14 अक्तूबर, 2019, रु. 5.00 (12 पेज) दिल्ली, कोलकाता, लखनऊ और चंडीगढ़ से प्रकाशित

जनसत्ता

jansatta.com epaper.jansatta.com facebook.com/jansatta twitter.com/jansatta

पंजाब में पराली जलाने से

फिर बिगड़ी दिल्ली की आबोहवा

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 13 अक्तूबर।

दिल्ली एनसीआर से सटे पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में अक्तूबर के पहले हफ्ते में पराली जलाने की घटनाएं पिछले साल की तुलना में कम होने के बावजूद पिछले चार दिनों में पंजाब में ये घटनाएं बढ़ने से दिल्ली धुंध के घेरे में आ गई है।

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के साथ कृषि मंत्रालय द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के मुताबिक पिछले साल एक से आठ अक्तूबर की बाकी पेज 8 पर

12 अक्तूबर तक पंजाब में पराली जलाने की 630 घटनाएं दर्ज की गई हैं। पिछले साल इस अवधि में इनकी संख्या 435 थी।
(पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के ताजा आंकड़ों के मुताबिक)

11 अक्तूबर से दिल्ली में हवा की गुणवत्ता में गिरावट ने पर्यावरण संबंधी चिंताओं को बढ़ा दिया है।

2018 अक्तूबर के शुरुआती आठ दिनों की तुलना में इस साल पंजाब में पराली जलाने की घटनाओं में 60 फीसद, हरियाणा में 48 फीसद और उत्तर प्रदेश में 75 फीसद गिरावट दर्ज की गई।
(कृषि मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक)

मोदी की चुनौती, कांग्रेस-राकांपा घोषणा पत्र में लाएं यह बात

370 की बहाली का एलान करके दिखाएं विपक्षी दल

जलगांव, 13 अक्तूबर (भाषा)।

अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधान रद्द करने के मुद्दे पर कांग्रेस और राकांपा पर अपना हमला तेज करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें अपने घोषणापत्र में जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले रद्द प्रावधानों को बहाल करने की रविवार को चुनौती दी।

महाराष्ट्र में 21 अक्तूबर को विधानसभा चुनाव से पहले अपनी पहली रैली में मोदी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर महज जमीन का टुकड़ा नहीं बल्कि भारत का ताज है। साथ ही उन्होंने कहा कि वहां पिछले 40 सालों से जो स्थिति थी, उसे सामान्य करने में चार महीने का भी समय नहीं लगेगा।

उन्होंने विपक्षी दलों पर अनुच्छेद 370 के मुद्दे का राजनीतिकरण करने का आरोप लगाया और कहा कि ऐसा लग रहा है कि अनुच्छेद 370 पर विपक्ष पड़ोसी देश की जुबान बोल रहा है। प्रधानमंत्री ने देवेंद्र फड़णवीस नीत महाराष्ट्र सरकार के पांच साल के प्रदर्शन की प्रशंसा की और कहा कि यह भ्रष्टाचार मुक्त रहा और किसानों व उद्योगों समेत सभी के बीच भरोसा पैदा किया।

मोदी ने स्पष्ट तौर पर पाकिस्तान की तरफ इशारा करते हुए बिना किसी नेता का नाम लिए कहा, आप कांग्रेस, राकांपा के बयानों को देखें। वे पड़ोसी देश की जुबान बोलते हुए मालूम होते हैं। अनुच्छेद 370 के मुद्दे पर घड़ियाली आंसू बहाने का विपक्ष पर आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा, मैं उन्हें चुनौती देता हूं कि अगर उनमें हिम्मत है, वे राज्य के चुनाव और भविष्य के चुनावों के लिए भी अपने घोषणापत्र में एलान करें कि वे अनुच्छेद 370 और 35ए के रद्द प्रावधानों को बहाल करेंगे जिन्हें भाजपा, मोदी सरकार ने रद्द कर दिया। कहें कि वे पांच अगस्त के फैसले को बदल देंगे।

मोदी ने कहा कि बीते सालों में जम्मू-कश्मीर में केवल अलगाववाद और आतंकवाद फैला है। उन्होंने ध्यान दिलाया कि गरीब, महिलाओं, दलितों व शोषित वर्गों के विकास की संभावना क्षीण थी। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में वाल्मीकि समुदाय के सदस्यों को मानवाधिकारों से भी वंचित रखा गया।

मोदी ने कहा कि भाजपा नीत सरकार की कथनी-करनी में कोई फर्क नहीं है। उन्होंने तीन तलाक प्रतिबंधित करने के मुद्दे को लेकर भी विपक्ष पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि वे मुसलिम बहनों को न्याय मिलते नहीं देख पा रहे।

विपक्ष पर तंज कसते हुए मोदी ने बिना किसी दल का नाम बाकी पेज 8 पर

विपक्ष पर आरोप

अनुच्छेद 370 पर विपक्ष पड़ोसी देश की जुबान बोल रहा है।
जम्मू-कश्मीर महज जमीन का टुकड़ा नहीं बल्कि भारत का ताज है।

40 साल से कश्मीर में जो स्थिति थी, उसे सामान्य करने में चार महीने का भी समय नहीं लगेगा।

भाजपा नीत सरकार की कथनी-करनी में कोई फर्क नहीं है।

विश्व बैंक ने भारत की आर्थिक वृद्धि का अनुमान घटाया

वाशिंगटन, 13 अक्तूबर (भाषा)।

विश्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष में भारत की आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान घटाकर रविवार को छह फीसद कर दिया। 2018-19 में वृद्धि दर 6.9 फीसद रही थी। विश्व बैंक ने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में सुस्ती के कारण भारतीय अर्थव्यवस्था पर भी बुरा असर पड़ा है। बावजूद इसके भारतीय अर्थव्यवस्था अब भी व्यापक संभावनाओं के साथ तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बनी हुई है।

विश्व बैंक के मुख्य अर्थशास्त्री (दक्षिण एशिया) हंस टिम्मर बाकी पेज 8 पर

बेटियों की मुफ्त शिक्षा व फसली कर्ज पर ब्याज माफी का वादा

चंडीगढ़, 13 अक्तूबर (जनसत्ता)।

हरियाणा में लगातार दूसरी बार सरकार बनाने की तैयारी में जुटी सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी ने किसानों, युवाओं तथा दलितों के सहारे मिशन 75 पार को हासिल करने की तैयारी कर ली है। भाजपा के संकल्प पत्र में इन्हीं वर्गों पर फोकस किया गया है। पार्टी ने एक लाख 80 हजार तक की सालाना आय वाले परिवारों में बेटियों को केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा और किसानों के तीन लाख रुपए तक के सभी फसली ऋण ब्याजमुक्त करने का वादा किया है।

भाजपा का संकल्प पत्र रविवार को चंडीगढ़ में पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष जेपी नड्डा की मौजूदगी में जारी किया गया। इस मौके पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर, विस चुनाव प्रभारी व केंद्रीय मंत्री बाकी पेज 8 पर



हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा का संकल्प पत्र जारी।
किसानों, युवाओं व दलितों के सहारे मिशन 75 का लक्ष्य पाने की तैयारी।
जेपी नड्डा, मुख्यमंत्री खट्टर व राव इंद्रजीत समेत दिग्गजों ने जारी किया संकल्प पत्र।

प्रधानमंत्री की भतीजी का बैग झपटने वाले गिरफ्तार

एक को सोनीपत, तो दूसरे को सुल्तानपुरी में धरा गया

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 13 अक्तूबर।

दिल्ली पुलिस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भतीजी का बैग झपटने वाले दोनों आरोपियों को रविवार को गिरफ्तार कर लिया। यह वारदात शनिवार सुबह करीब सात बजे हुई थी। इसमें एक बदमाश गौरव उर्फ नोनू (21) को हरियाणा के सोनीपत से गिरफ्तार किया गया है, जहां वह अपने रिश्तेदार के घर छिपा हुआ था। इस वारदात में शामिल दूसरे बदमाश बादल (20) को देर शाम सुल्तानपुरी से गिरफ्तार किया गया।

गौरव की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने नकदी, झपटमारी में इस्तेमाल की गई स्कूटी, मोबाइल फोन और दस्तावेज जब्त किए हैं। नोनू की निशानदेही पर पुलिस को कलाई घड़ी और कुछ दस्तावेज मिले हैं। फिलहाल पुलिस दोनों से पूछताछ कर रही है। पुलिस ने बताया कि इन बदमाशों की पहचान घटनास्थल के पास लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर की गई थी।

बदमाशों ने पीएम मोदी की भतीजी दमयंती बेन मोदी (40) का बैग शनिवार सुबह अति सुरक्षित माने जाने वाले पॉश इलाके सिविल लाइंस में झपट लिया था। वारदात के समय वे अपने पति और बच्चों के साथ गुजराती समाज भवन में ठहरने के लिए ऑटो से आई थीं।

उत्तरी जिला पुलिस उपायुक्त मोनिका भारद्वाज ने बताया कि शनिवार को घटना की सूचना मिलने पर पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची थी। पीड़िता दमयंती बेन मोदी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात बदमाशों बाकी पेज 8 पर

पुलिस ने नकदी, झपटमारी में इस्तेमाल की गई स्कूटी, मोबाइल फोन और दस्तावेज जब्त किए हैं।
पुलिस ने बताया कि इन बदमाशों की पहचान घटनास्थल के पास लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर की गई थी।

निशानेबाज की करंट से मौत

निर्भय कुमार पांडेय
नई दिल्ली, 13 अक्तूबर।

पुल प्रहलादपुर थाना क्षेत्र में स्थित एक होटल में राष्ट्रीय स्तर के निशानेबाज (शूटर) की करंट लगने से मौत हो गई। घटना की जानकारी रविवार दोपहर करीब 12:30 बजे पुलिस को मिली। पुलिस 15 साल के प्रियांशु को एम्स ट्रामा सेंटर लेकर पहुंची, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

देहरादून (उत्तराखंड) में एक बोर्डिंग स्कूल में पढ़ने वाले निशानेबाज प्रियांशु तुगलकाबाद स्थित करणी सिंह शूटिंग रेंज में चल बाकी पेज 8 पर

आज से फिर होगी सुनवाई

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 13 अक्तूबर।

दशहरे की हफ्ते भर की छुट्टी के बाद सुप्रीम कोर्ट में अयोध्या के राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद भूमि विवाद मामले की सुनवाई सोमवार को अंतिम चरण में प्रवेश कर जाएगी। इस तरह पांच जजों वाली संविधान पीठ 38वें दिन इस मामले की सुनवाई करेगी।

प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई की अध्यक्षता वाले संविधान पीठ ने इस जटिल मुद्दे का सौहार्दपूर्ण हल निकालने के लिए मध्यस्थता प्रक्रिया के बाकी पेज 8 पर

प्रसाद ने फिल्मों की कमाई से जोड़ने वाला बयान वापस लिया

नई दिल्ली, 13 अक्तूबर (भाषा)।

मेरे बयान के एक हिस्से को तोड़-मरोड़ कर पेश किया गया।

बॉलीवुड की तीन फिल्मों की बॉक्स आफिस पर एक दिन में हुई 120 करोड़ रुपए की कमाई का उदाहरण देकर अर्थव्यवस्था की सेहत अच्छी बताने का बयान देकर निशाने पर आए केंद्रीय विधि मंत्री रविशंकर प्रसाद ने रविवार को अपना बयान वापस ले लिया।

उन्होंने कहा- मेरे बयान के एक हिस्से को संदर्भ से हटकर तोड़-मरोड़कर पेश किया गया। एक संवेदनशील इंसान होने के नाते मैं अपनी इस टिप्पणी को वापस लेता हूं। प्रसाद बाकी पेज 8 पर

आस्था साइरो-मालाबार चर्च की चौथी संत, लाखों लोग शामिल हुए समारोह में

भारतीय नन मरियम थ्रेसिया को संत का दर्जा

वेटिकन सिटी, 13 अक्तूबर (भाषा)।

पोप फ्रांसिस ने वेटिकन सिटी में एक भव्य समारोह में भारतीय नन मरियम थ्रेसिया और चार अन्य को रविवार को संत घोषित किया। मई 1914 में केरल के त्रिसूर में 'कॉन्ग्रिगेशन ऑफ द सिस्टर्स ऑफ द होली फैमिली' (सीएचएफ) की स्थापना करने वाली मरियम थ्रेसिया को सेंट पीटर्स स्क्वायर में एक समारोह के दौरान सदियों पुराने इस संस्थान के सबसे ऊंचे पद का सम्मान दिया गया।

केरल की नन के साथ ही ब्रिटिश कार्डिनल जॉन हेनरी न्यूमैन, स्विस लेवुमन मार्गरेट बेज, ब्राजील की सिस्टर डुल्स लोप्स और इतालवी सिस्टर ग्यूसेपिना वानीनि को भी संत की उपाधि से विभूषित किया गया। पोप फ्रांसिस ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा, 'आज अपने नए संतों के लिए हम ईश्वर के शुक्रगुजार हैं। इस समारोह के दौरान सेंट पीटर्स के बैसिलिका से पांच नए संतों की विशाल तस्वीरें लटकाई गईं। इस समारोह बाकी पेज 8 पर

सिस्टर थ्रेसिया ने 50 साल के अपने छोटे से जीवनकाल में ही मानवता की भलाई के लिए जो कार्य किए, वो पूरी दुनिया के लिए एक मिसाल है। सिस्टर थ्रेसिया ने जो भी कार्य किया, उसे निष्ठा और लगन के साथ पूरे समर्पण भाव से पूरा किया। समाज सेवा और शिक्षा के क्षेत्र से उनका अद्भुत लगाव था। उन्होंने कई स्कूल, छात्रावास और अनाथालय बनवाए।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री,

TORQUE'S
SHUDH
RAKTASHODHAK
हर्बल ब्लड प्युरीफायर
TORQUE Ayurveda
/TorqueShudhRaktashodhak
/torqueshudhraktashodhak
/TorqueShudh
/TorqueShudhRaktashodhak
शुद्ध रक्तशोधक हर्बल ब्लड प्युरीफायर रक्त से सम्बंधित विकारों में लाभकारी है, यदि रक्त साफ न हो तो शरीर में फोड़े, फुंसी त्वचा रोग, चेहरे पर मुंहासे आदि निकल आते है, दुषित रक्त शरीर की कार्य प्रणाली को बाधित करता है और अन्य प्रकार के रोगों को जन्म देता है।
रक्तशोधक आजमाएं और दमकती त्वचा पाएं
27 हर्बल जड़ी बूटियों से निर्मित
सनायः सनाय की पत्तियां हमारे शरीर से टोक्सिन को समाप्त करती हैं।
नीमः नीम एक शक्तिशाली खून शोधक और विषहरन के रूप में कार्य करता है।
बबूलः बबूल खून साफ करने के साथ कई अन्य रोगों में भी फायदेमंद है।
तुलसीः तुलसी के पत्ते खून को साफ करते हैं और ऑक्सीजन से भरपूर होते हैं।
चिरायताः चिरायता में पाए जाने वाला आयरन खून में नई कोशिकाओं का निर्माण करता है।
दारुहरिद्रा दारुहरिद्रा का काढ़ा खून से सम्बंधित विकारों में लाभकारी होता है।

For Trade Enquiries, please contact : Delhi - Raj Ayurmed Bhagirath Palace 92108 01700, 80764 36657
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें : +91 97792 14455 / care@torqueayurveda.com

बीकानेर-श्रीगंगानगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर राजियासर के पास रविवार को सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। (भाषा)

जलजमाव पीड़ितों ने सुशील मोदी के आवास का घेराव किया

50-60 लोगों ने विरोध प्रदर्शन और नारेबाजी की

पटना, 13 अक्तूबर (भाषा)।

पटना शहर में जलजमाव से पीड़ित लोगों ने बिहार के उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी के राजेंद्रनगर स्थित आवास का रविवार को घेराव किया। गौरतलब है कि 27 सितंबर से 29 सितंबर तक लगातार हुई भारी बारिश के कारण हुए जलजमाव के बाद 30 सितंबर को सुशील और उनके परिवार के अन्य सदस्यों को एसडीआरएफ की टीम ने उनके राजेंद्रनगर स्थित आवास से सुरक्षित निकाला था ।

पटना के विभिन्न इलाकों के जलमग्न होने के इतने दिन बाद जलजमाव से राहत नहीं मिलने से गुस्साए लोगों ने सुशील के आवास के समक्ष प्रदर्शन किया और हाथों में तख्तियां लेकर उनके खिलाफ नारेबाजी की तथा संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

पुलिस अधीक्षक (मध्य) विनय तिवारी ने बताया कि लगभग 50-60 संख्या में लोगों ने सुशील के घर वाले इलाके में मार्च निकाला और वापस लौट गए। कुछ देर बाद राजेंद्रनगर इलाके के लोग पटना नगर निगम कार्यालय पहुंचे और वहां किसी अधिकारी के उपस्थित नहीं होने पर विरोध प्रदर्शन किया।

जलजमाव के विरोध में पटना शहर के सगुना मोड़ के पास बेली रोड को भी रविवार सुबह लोगों ने जाम कर दिया और जगह जगह पुराने टायर जलाए। दानापुर अनुमंडल पुलिस अधिकारी अशोक मिश्र ने बताया कि स्थानीय लोगों ने सगुना मोड़ के पास सुबह आठ बजे आधे घंटे के लिए बेली रोड को अवरुद्ध कर दिया था।

पटना में रविवार को राजेंद्र नगर इलाके में उप मुख्यमंत्री सुशील मोदी के आवास के बाहर जलजमाव की समस्या से पीड़ित लोगों के विरोध प्रदर्शन को नियंत्रित करते पुलिसकर्मी।

जनसत्ता क्लासीफाइड

व्यक्तिगत

I,Vandna W/o Sidharth Nandal R/o-Ward.No.9,Pratap School Campus,Kharkhoda,Sonipat Haryana(Pin-131402),have changed my name Vandna Dahiya for all purpose. 0040515839-1

I Dimple alias Shreya Mehta D/o Pawan Kumar and W/o Rahul Mehta R/o 106, Sector21B, Gandhi Nagar, Mandi Gobindgarh, Fatehgarh Sahib, Punjab-147301, have changed my name to Shreya Mehta. 0070678571-1

I, Sunita Dhoundiyal W/O, Sachin Khawas R/o Gardenia Glory Aims Tower B6 / 1101 Sec-46 Noida have changed my name to Sunita Khawas. 0040515851-2

I, Sugandha Garg D/o Sanjeev Garg and Ex. Wife of Rushil Bansal, R/o 343, Homeland Enclave, Goniana Road, Bathinda, Punjab-1581001, declare that I got divorce from my husband Rushil Bansal vide court decree CRN NO-DMC-638/2016, Dated 22.05.2017. Further I have changed the name of my minor daughter Tanaaya aged 3 years and she shall here-after be known as Anyza. 0070678568-1

I, Sudhanshu S/o Hariprakash Sharma R/o H.no. 686, Nai Basti , Devli Village New Delhi 110080 have changed my name to Sudhanshu Sharma for all purposes. 0040515831-1

I, Shama Parveen W/o Mohd Anis Qureshi R/o Flat No.B-8/4, DDA Flats Sarai Khalil Sadar Bazar Delhi-6 have changed my name to Uzma for all purposes. 0040515793-1

I, Rita Rani, w/o Shri Avinash Choudhary, r/o 244, Street No-14, Balbir Nagar Extn. Shahdara, Delhi-110032, have changed my name to Rita Choudhary for all future purpose. 0040515791-1

I, Pravin Singh Salaria/Paravin Singh S/O Prabhat Singh Salaria R/O-Plotno.260, D-Block, Rajeev-Nagar, Begumpur, Delhi-110086. Changed my Name to Pravin Salaria. 0040515852-6

I, Mukesh Ranjan S/o Anuj Kumar Singh R/o Village -Bali, Post-Apsadh, Block-Warisaliganj, Subdivision-Nawada, Bihar-805108, that name of my mother has been wrongly written as Shobha Singh in my Passport J9760325 and School Certificates of 10th, 11th and 12th class. The actual name of my mother is Shobha Sinha 0070678565-1

I, Mayank Agarwal S/O Amar Chand Agarwal R/O Ew-6, Ground Floor Backside, Mainwali-Nagar, Paschim-Vihar, Delhi-110087. Changed my Name to Mayank Aggarwal. 0040515852-7

I, Kiranpreet Sethi W/o S. Ravneek Singh R/o FD-15, Shivaji Enclave, New Delhi-110027, have changed my name to Kiranpreet Kaur Virdi for all purposes. 0040515798-1

I, Jyoti, w/o Shri Neeraj Arya, r/o D-80, Rameshwar Park, Loni, Ghaziabad, Uttar Pradesh-201102, have changed my name to Jyoti Arya for all future purpose. 0040515790-1

I Naseema alias Naseema Khanam D/o Mubarak Ali R/o G-655, Gama-2, Greater Noida, GB Nagar, UP-201310, have changed my name to Naseema Khanam. 0070678567-1

I Gagandeep Bhatia S/o Ramanjeet Bhatia R/o J-111, Patel Nagar-I, Ghaziabad have changed my fathers name from Ramanjeet Bhatia to Ramanjeet Singh Bhatia for all future purposes. 0040515852-4

I,Nitish Chandra R/o-B-29, Sector-52, Noida, G.B.Nagar, U.P.have changed the name of my minor daughter from Nitya to Nitya Srivastava,for all purposes. 0040515850-3

I, Munna Lal S/o Sh.Raja Ram R/o-24/84, Trilokpuri, Delhi-110091, have changed my name to Genda Lal for all future purposes. 0040515852-5

I, Rajiv Bhasin S/o Late Sh.Sunil Bhasin previously R/o D-37, South Extension Part-I, New Delhi-110049, presently residing at C-41, Oakwood Estate, DLF Phase-2, Sector-25, Gurgaon, Haryana-122002, that inadvertantly in the class 10th records my name has been wrongly written as Rajeev and in Class 12th records as Rajiv Bhasin and also in my college records my name has been written as Rajeev instead of Rajiv Bhasin which may be amended accordingly. 0040515152-2

The Indian EXPRESS Classifieds FROM ANYTHING TO EVERYTHING

EXPRESS EDUCATION

SYNERGY
AN INSTITUTE FOR CIVIL SERVICES EXAMINATION
PUBLIC ADMINISTRATION
CLASSROOM PROGRAMME by M.K. MOHANTY
31 OCT. @ 11:00 AM
TOP SCORES FROM OUR FULL COURSE CLASSROOM PROGRAMME (EXCLUDING TEST SERIES & SIMILAR OTHER PROGRAMMES)
Marks 314/500 · Marks 310/500 · Marks 310/500
GS PREPARATORY TEST SERIES 2020 — TOTAL 13 TESTS — ONLINE/OFFLINE — 3 NOV.
PRELIMS TEST SERIES 2020 — TOTAL 18 TESTS — ONLINE/OFFLINE — 10 NOV.
ADMISSION OPEN
Email: info@synergy.edu.in | Website: www.synergyraftar.com
Ph:- 011-25744391, 9870146185
16-A/2, Ist Floor, Ajmal Khan Road, W.E.A. Karol Bagh, New Delhi-05

LAW AMBITION LAW INSTITUTE
BIHAR JUDICIARY MOCK INTERVIEW 2019...
IS SCHEDULED ON 12th Oct. 10:00am to 4:30pm
&
PANEL MOCK 13th Oct. 10:00am to 5:00pm
REGISTER AS SOON AS POSSIBLE
Contact No.- 8800660301
Email- ambitionlaw1@gmail.com
New batch for IAS law optional
Hurry up limited seats
8800662140 10th NOV.
MUKHERJEE NAGAR: JUDICIAL FOUNDATION 17 OCT. WEEKEND 20 OCT. CLAT 14 OCT. 880066-0301 / 2130 / 0380
KAROL BAGH / PUSA ROAD: JUDICIAL 16 OCT. IAS (LAW) 10 NOV. CLAT 15 OCT. 880066-2140 / 011-49841810
B-10, 1st Floor, Above Maharashtra Bank, Mukherjee Ngr, Delhi -9
011-47532639 / 8800660301 Toll Free No. 1800-12000-2001
www.ambitionlawinstitute.com

Contact for Advt. Booking: M/s Friends Publicity Service
Ph.23276901, 23282028 (M): 9212008155, 9212665841.

पाकिस्तानी गोलीबारी में जवान शहीद

श्रीनगर, 13 अक्तूबर (भाषा)।

जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में नियंत्रण रेखा पर पाकिस्तानी सैनिकों की ओर से की गई गोलीबारी में रविवार को सेना का एक जवान शहीद हो गया। सेना के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि पाकिस्तानी सेना ने उत्तरी कश्मीर के उरी सेक्टर में बिना उकसावे के भारतीय चौकियों पर गोलीबारी कर-के संघर्षविराम का उल्लंघन किया। उन्होंने बताया कि पाकिस्तान की ओर से की गई गोलीबारी में घायल सेना के जवान को अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई।

निजी विवि के अधिकारियों पर मामला दर्ज

ठाणे, 13 अक्तूबर (भाषा)।

महाराष्ट्र की ठाणे पुलिस ने यहां के छात्रों से आठ करोड़ रुपए की धोखाधड़ी करने के आरोप में राजस्थान के एक निजी विश्वविद्यालय के अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी।

कपूरबावड़ी थाने के निरीक्षक एसएस निंबालकर ने बताया कि ठाणे की एक अदालत के आदेश के बाद यह कदम उठाया गया है। दरअसल, एनईईटी पारामेडिकल कॉलेज के अध्यक्ष पुरुषोत्तम ताहिलरमाणी ने एक याचिका दायर की थी। उन्होंने बताया, 'राजस्थान के ओपीजेएस विश्वविद्यालय की ओर से एनईटीटी ने 2015-2019 में 692 छात्रों को पारामेडिकल पाठ्यक्रम में दाखिला दिया था और शुल्क के रूप में छात्रों से कुल 8.39 करोड़ रुपए की राशि ली थी।

दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष के नाम पर आज लग सकती है मुहर

कीर्ति आजाद और सुभाष चोपड़ा दौड़ में आगे

कांग्रेस के कोषाध्यक्ष अहमद पटेल से मिले दिल्ली के प्रभारी चाको

अजय पांडेय
नई दिल्ली, 13 अक्तूबर।

दिल्ली कांग्रेस के मुखिया युवा कीर्ति आजाद होंगे या फिर पार्टी यह जिम्मेदारी अपने वरिष्ठ नेता सुभाष चोपड़ा को सौंपेगी, इसका फैसला सोमवार को होने की संभावना है। दिल्ली कांग्रेस के प्रभारी पी सी चाको ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के तौर पर यही दो नाम पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी के पास भेजे हैं। आजाद के नाम पर सहमति करीब-करीब कायम हो चुकी है लेकिन सूबे की पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के बेटे संदीप दीक्षित की चाको को लिखी गई चर्चित चिट्ठी और दीक्षित के ही करीबी कुछ कांग्रेसी नेताओं के चाको के खिलाफ मोर्चा खोल दिए जाने के बाद पैदा हुए विवाद के मद्देनजर आजाद की ताजपोशी का औपचारिक एलान टाल दिया गया।

सूत्रों का कहना है कि प्रदेश अध्यक्ष का नाम तय करने के मुद्दे पर दिल्ली के प्रभारी पीसी चाको रविवार शाम कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अहमद पटेल से मिले। दोनों नेताओं की करीब एक घंटे तक बातचीत हुई। पटेल रविवार को ही अमदाबाद से दिल्ली लौटे हैं। बताते हैं कि उनकी ओर से चाको को मुलाकात का संदेश दिया गया था। यह मुलाकात रविवार दोपहर ही तय थी लेकिन पटेल की व्यस्तता की वजह से चाको शाम सात बजे उनसे मिलने पहुंचे।

सूत्रों की मानें तो पटेल से अपनी बातचीत में चाको ने उन्हें विस्तार से बताया कि प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए अब तक किन-किन नामों पर विचार किया गया। चाको ने यह भी बताया कि आखिरकार उन्होंने कीर्ति आजाद व सुभाष चोपड़ा के नाम अंतिम फैसले के लिए कांग्रेस अध्यक्ष के पास भेजे थे। बताते हैं कि चाको ने पटले से यह गुहार भी लगाई कि अध्यक्ष पद के एलान को लेकर पहले ही काफी देरी हो चुकी है, लिहाजा इस संबंध में इस फैसले को अब और नहीं टाला जाए। उनके आग्रह पर ही पटेल ने उन्हें आश्वस्त किया कि सोमवार तक दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के नाम की घोषणा कर दी जाएगी। ऐसे संकेत हैं कि कांग्रेस अध्यक्ष गांधी से पटेल की मुलाकात के बाद फैसला हो जाएगा।

सूत्रों का कहना है कि दिल्ली के नए प्रदेश अध्यक्ष के तौर पर आजाद का नाम लगभग तय हो गया है। भाजपा द्वारा पुरबिया मनोज तिवारी को और आम आदमी पार्टी द्वारा पूर्वांचल के ही गोपाल राय को दिल्ली में पार्टी की कमान सौंप दिए जाने के बाद कांग्रेस के पास भी पूर्वांचल के चेहरे को चुनना ही विकल्प बचा है। कांग्रेस हाईकमान को प्रदेश की यही हकीकत बताई भी गई है।

कुछ लोगों की जकड़ तोड़कर कांग्रेस नई प्रतिभाओं को मौका देगी : जितिन

नई दिल्ली, 13 अक्तूबर (भाषा)।

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश कांग्रेस पार्टी पदों के लिए नई प्रतिभाओं को मौका देगी जो कुछ लोगों के शिकंजे की वजह से पहले आगे नहीं आ सके थे।

पार्टी नेता जितिन प्रसाद ने रविवार को कहा कि वह पार्टी की राज्य इकाई में बदलाव की तारीफ करते हैं जो पुराने और नए का मिलाजुला रूप है। प्रसाद ने कहा कि कांग्रेस को उम्मीद है कि वह उत्तर प्रदेश के भविष्य की पार्टी है और उन लोगों को अवसर देकर राज्य की सियासत में बदलाव लाने की तरफ देख रही है, जिन्हें पूर्व में पारिवारिक पृष्ठभूमि या वित्तीय बाधाओं के कारण वह मौका नहीं मिला जिसके वे हकदार थे।

आइआइटी रुड़की ने खोसला राष्ट्रीय पुरस्कार की घोषणा की

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 13 अक्तूबर।

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) रुड़की ने प्रतिष्ठित खोसला राष्ट्रीय पुरस्कार सहित 2017 और 2018 के लिए शोध पुरस्कारों की घोषणा कर दी है। पुरस्कारों की घोषणा दिल्ली में आयोजित प्रेसवार्ता में संस्थान के निदेशक प्रोफेसर एके चतुर्वेदी ने की।

प्रोफेसर चतुर्वेदी ने बताया कि 2018 के लिए राष्ट्रीय खोसला पुरस्कार आइआइएससी बंगलुरु के प्रोफेसर नीलेश बी मेहता और प्रोफेसर सुवेंद्रनाथ भट्टाचार्य को दिया जाएगा। वहीं, 2017 के लिए यह पुरस्कार आइआइटी खड़गपुर के प्रोफेसर शीर्षेंदू डे को दिया जाएगा। 2018 से इस पुरस्कार को दो श्रेणियों इंजीनियरिंग और विज्ञान/मानविकी / प्रबंधन के क्षेत्र में देने की शुरुआत की गई है, जबकि उससे पहले यह पुरस्कार केवल इंजीनियरिंग श्रेणी में दिया जाता था। खोसला राष्ट्रीय पुरस्कार जीतने वाले को पांच लाख रुपए नकद दिए जाते हैं। प्रो. चतुर्वेदी ने बताया कि संस्थान ने वीरेंद्र नाथ मालती मित्तल पुरस्कार के लिए साल 2018 और 2017 के लिए क्रमशः आइआइटी रुड़की के प्रोफेसर पी गोपीनाथ और आइआइटी कानपुर के प्रोफेसर तरुण गुप्ता को चुना गया है। 2018 का गोपाल रंजन प्रौद्योगिकी पुरस्कार गैमन इंडिया लि. के प्रधान सलाहकार डॉक्टर नारायण वेंकटेश नायक को दिया जाएगा।

बेटी को दफनाने गए व्यक्ति को घड़े में जिंदा मिली दूसरी नवजात बच्ची

बरेली (उप्र), 13 अक्तूबर (भाषा)।

बरेली में अपनी मरी हुई बच्ची को दफनाने गए एक व्यक्ति को श्मशान में गड्ढा खोदते समय जमीन में दबे घड़े में एक जिंदा नवजात बच्ची मिली। उसे भगवान का तोहफा मानते हुए वह शख्स उसे अपने घर ले आया।

पुलिस अधीक्षक (नगर) अभिनंदन सिंह ने रविवार को बताया कि बरेली शहर के सीबीगंज स्थित वेस्टर्न कॉलोनी के निवासी हितेश कुमार सिरोही के घर गुरुवार को एक बच्ची ने जन्म लिया, जिसकी कुछ देर बाद ही मौत हो गई थी। उन्होंने बताया कि हितेश शाम को ही बच्ची को दफनाने के लिए श्मशान पहुंचे और गड्ढा खुदवाया। करीब तीन फुट गड्ढा खोदने पर मजदूर का फावड़ा एक घड़े से टकराया। घड़े को जब बाहर निकाला गया तो उसके अंदर एक नवजात बच्ची थी। वह जिंदा थी और उसकी सांसें काफी तेज चल रही थीं। सिंह ने बताया कि हितेश ने उस बच्ची को अपना लिया है।

फिलहाल उसका बरेली के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। मुख्य जिला चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनीत शुक्ला ने बताया कि बच्ची की हालत में सुधार है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र पांडे ने कहा कि बच्ची को जिंदा किसने दफनाया, इसकी जांच की जा रही है।

प्रपत्र ए
सार्वजनिक उद्घोषणा
[भारत दिवाला तथा दिवालिया मंडल (कॉर्पोरेट व्यक्तियों के लिए दिवाला प्रस्ताव प्रक्रिया) विनियमन, 2016 के विनियमन 6 के अंतर्गत]
ग्लोबल फ्रैग्रैन्सेस प्राईवेट लिमिटेड के क्रेडीटरों के ध्यानार्थ

संबंधित विवरण

1.	कॉर्पोरेट ऋणधारक का नाम	ग्लोबल फ्रैग्रैन्सेस प्राईवेट लिमिटेड
2.	कॉर्पोरेट ऋणधारक के निगमन की तिथि	18.12.2008
3.	वह प्राधिकरण जिसके अंतर्गत कॉर्पोरेट ऋणधारक निगमित/पंजीकृत है	कम्पनी रजिस्ट्रार, रा.रा. क्षेत्र दिल्ली एवं हरियाणा
4.	कॉर्पोरेट पहचान संख्या/कॉर्पोरेट ऋणधारक का लिमिटेड लाएबिलिटी पहचान संख्या	U74120DL2008PTC185964
5.	कॉर्पोरेट ऋणधारक के पंजीकृत कार्यालय तथा प्रधान कार्यालय (यदि कोई हो) का पता	सी-138, हरि नगर, क्लॉट टावर, नई दिल्ली-110064
6.	कॉर्पोरेट ऋणधारक के संदर्भ में दिवाला आरंभ होने की तिथि	25.9.2019 (सूचना 11.10.2019 को दी गई)
7.	दिवाला प्रस्ताव प्रक्रिया के समापन की अनुमानित तिथि	23.3.2020
8.	अंतरिम प्रस्ताव प्रॉफिशनल का नाम, पंजीकरण संख्या, जो अंतरिम प्रस्ताव प्रॉफिशनल के रूप में कार्यरत है	योगेश कुमार गुप्ता IBBI/IPA-003/IP-N00078/2017-18/10701
9.	बोर्ड में यथा पंजीकृत अंतरिम प्रस्ताव प्रॉफिशनल का पता एवं ईमेलः	सी-17, बी, एलजीएफ, कालकाजी, नई दिल्ली-110019 ykgupta64@yahoo.co.in
10.	अंतरिम प्रस्ताव प्रॉफिशनल के साथ पत्राचार के लिये प्रयुक्त होने वाला पता तथा ईमेल	योगेश गुप्ता एंड एसोसिएट्स, कॉस्ट एकाउन्टैन्ट, सी-17, बी, एलजीएफ, कालकाजी, नई दिल्ली-110019 cirp.globalfragrances@gmail.com
11.	दावे जमा करने की अंतिम तिथि	25.10.2019
12.	क्रेडीटर का वर्ग यदि कोई हो, धारा 21 की उप धारा (6ए) के उपबंध (बी) के अंतर्गत, अंतरिम प्रस्ताव प्रॉफिशनल द्वारा सुनिश्चित किया गया	लागू नहीं
13.	किसी वर्ग में क्रेडीटर्स के प्राधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने के लिये पहचान किये गये इन्सॉल्वेन्सी प्रॉफिशनल का नाम (प्रत्येक वर्ग से तीन नाम)	लागू नहीं
14.	(क) संबंधित प्रपत्र तथा (ख)प्राधिकृत प्रतिनिधियों का विवरण उपलब्ध है	वेबलिंकः https://ibbi.gov.in/downloadform.html भौतिक पताः लागू नहीं

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय कम्पनी विधि अधिकरण, ने 25.9.2019 (सूचना 11.10.2019 को दी गई) को ग्लोबल फ्रैग्रैन्सेस प्राईवेट लिमिटेड के संदर्भ में कॉर्पोरेट इन्सॉल्वेन्सी प्रस्ताव प्रक्रिया शुरू करने का आदेश दिया है। एतद्द्वारा ग्लोबल फ्रैग्रैन्सेस प्राईवेट लिमिटेड कॉर्पोरेट ऋणधारक के क्रेडीटरों को निर्देश दिया जाता है कि प्रविष्टि सं. 10 में वर्णित पते पर अंतरिम प्रस्ताव प्रॉफिशनल के पास 25.10.2019 को या उससे पूर्व प्रमाण के साथ अपने दावे जमा करें।

फाइनांसियल क्रेडीटर्स केवल इलेक्ट्रॉनिक पद्धति से ही प्रमाण के साथ अपने दावे जमा कर सकते हैं। अन्य सभी क्रेडीटर्स व्यक्तिगत, डाक द्वारा अथवा इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से प्रमाण के साथ अपने दावे जमा कर सकते हैं। दावे का गलत अथवा भ्रामक प्रमाण जमा करने पर दंडित किया जा सकता है।

तिथिः 11 अक्टूबर, 2019 — योगेश कुमार गुप्ता
स्थानः नई दिल्ली — अंतरिम प्रस्ताव प्रॉफिशनल

प्रपत्र ए
सार्वजनिक उद्घोषणा
[भारत दिवाला तथा दिवालिया मंडल (कॉर्पोरेट व्यक्तियों के लिए दिवाला प्रस्ताव प्रक्रिया) विनियमन, 2016 के विनियमन 6 के अंतर्गत]
ओ-जोन नेटवर्क्स प्राईवेट लिमिटेड के क्रेडीटरों के ध्यानार्थ

संबंधित विवरण

1.	कॉर्पोरेट ऋणधारक का नाम	ओ-जोन नेटवर्क्स प्राईवेट लिमिटेड
2.	कॉर्पोरेट ऋणधारक के निगमन की तिथि	01.08.2007
3.	वह प्राधिकरण जिसके अंतर्गत कॉर्पोरेट ऋणधारक निगमित/पंजीकृत है	कम्पनी रजिस्ट्रार-दिल्ली
4.	कॉर्पोरेट पहचान संख्या/कॉर्पोरेट ऋणधारक का लिमिटेड लाएबिलिटी पहचान संख्या	U72300DL2007PTC166507
5.	कॉर्पोरेट ऋणधारक के पंजीकृत कार्यालय तथा प्रधान कार्यालय का पता	91, स्प्रिंगबोर्ड ई-43/1, ओखला इंडस्ट्रियल एरिया, फेज-2, दिल्ली दक्षिण पश्चिम दिल्ली-110020 इन
6.	कॉर्पोरेट ऋणधारक के संदर्भ में दिवाला आरंभ होने की तिथि	4 सितम्बर, 2019 (आदेश 11 अक्टूबर, 2019 को प्राप्त की गई)
7.	दिवाला प्रस्ताव प्रक्रिया के समापन की अनुमानित तिथि	2 मार्च, 2020
8.	प्रस्ताव प्रॉफिशनल का नाम, पंजीकरण संख्या, जो अंतरिम प्रस्ताव प्रॉफिशनल के रूप में कार्यरत है	**श्याम अरोड़ा तथा** IBBI/IPA-002/IP-N00546/2017-2018/11703
9.	बोर्ड में यथा पंजीकृत अंतरिम प्रस्ताव प्रॉफिशनल का पता एवं ईमेलः	96 अरावली अपार्टमेन्ट, अलकनंदा, नई दिल्ली, दिल्ली-110019, ईमेल आईडीः arora.shyaam@yahoo.com
10.	अंतरिम प्रस्ताव प्रॉफिशनल के साथ पत्राचार के लिये प्रयुक्त होने वाला पता तथा ईमेल	96 अरावली अपार्टमेन्ट, अलकनंदा, नई दिल्ली, दिल्ली-110019, ईमेल आईडीः arora.shyaam@yahoo.com
11.	दावे जमा करने की अंतिम तिथि	25 अक्टूबर, 2019
12.	क्रेडीटर का वर्ग यदि कोई हो, धारा 21 की उप धारा (6ए) के उपबंध (बी) के अंतर्गत, अंतरिम प्रस्ताव प्रॉफिशनल द्वारा सुनिश्चित किया गया	एन ए
13.	किसी वर्ग में क्रेडीटर्स के प्राधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने के लिये पहचान किये गये इन्सॉल्वेन्सी प्रॉफिशनल का नाम (प्रत्येक वर्ग से तीन नाम)	एन ए
14.	(क) संबंधित प्रपत्र तथा (ख) प्राधिकृत प्रतिनिधियों का विवरण उपलब्ध है : लागू नहीं	वेबलिंकः https://ibbi.gov.in/downloadform.html एन ए

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय कम्पनी विधि अधिकरण, नई दिल्ली पीठ III ने 4 सितम्बर, 2019 (आदेश 11 अक्टूबर, 2019 को प्राप्त की गई) को ओ-जोन नेटवर्क्स प्राईवेट लिमिटेड के संदर्भ में कॉर्पोरेट इन्सॉल्वेन्सी प्रस्ताव प्रक्रिया शुरू करने का आदेश दिया है। एतद्द्वारा ओ-जोन नेटवर्क्स प्राईवेट लिमिटेड के क्रेडीटरों को निर्देश दिया जाता है कि प्रविष्ट सं. 10 में वर्णित पते पर अंतरिम प्रस्ताव प्रॉफिशनल के पास **25 अक्टूबर, 2019 को** या उससे पूर्व प्रमाणों के साथ अपने दावे जमा करें।

फाइनांसियल क्रेडीटर्स केवल इलेक्ट्रॉनिक पद्धति से ही अपने दावे जमा कर सकते हैं। अन्य सभी क्रेडीटर्स व्यक्तिगत, डाक द्वारा अथवा इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से प्रमाणों के साथ अपने दावे जमा कर सकते हैं।

प्रविष्टि सं. 12 के समक्ष यथा सूचीबद्ध किसी वर्ग से संबंधित वित्तीय क्रेडीटर प्रपत्र सीए में वर्ग के प्राधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने के लिये (एन ए) प्रविष्टि सं. 13 के समक्ष सूचीबद्ध तीन इन्सॉल्वेन्सी प्रॉफिशनलों में से प्राधिकृत प्रतिनिधि की अपनी पसंद को दर्शाएं।

श्याम अरोड़ा
अंतरिम प्रस्ताव प्रॉफिशनल
ओ-जोन नेटवर्क्स प्राईवेट लिमिटेड
तिथिः 12 अक्टू. 2019 — पंजीकरण सं.: IBBI/IPA-002/IP-N00546/2017-2018/11703
स्थानः नई दिल्ली

COURT NOTICE
In the court of: sh.Devnoor singhJMIC Ludhiana
CNR NO. PBLD03-078261-2018
PESHI: 19-11-2019
PUBLICATION NOTICE FOR PROCLAMATION UNDER SECTION 82 CR.PC
M/S SURINDERA CYCLE PVT LTD
V/S
V.R.K. MURTHY
COMPLAINT R/w sec -138 of N.I Act
Notice to:1.V.R.K MURTHY 2. V.DURGA KUMARI BOTH C/O M/S RAJDHANI CYCLE CO. SHOP NO 23, 37-172, BANDAR RD, MG ROAD, PUNAMMATHOTA BUCKINGHAMPETA VIJAYWADA (ANDHRA PARDESH)
Whereas it has been proved to the satisfaction of the court that you, the accused above named cannot be served in the ordinary way of service. Hence,this proclamation under section 82 CRPC is hereby issued against you with a direction that you should appear personally before the court on **19-11-2019 at 10.00 a.m.** Or within 30 days of publication of this proclamation.
Take notice that, in default of your part to appear as directed above, the above said case will be heard and determined as per law, in your absence. Given under my hand and seal of the court, this 10.10.2019 For detail login to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district notice&district=ludhiana
JMIC LUDHIANA

"IMPORTANT"
Whilst care is taken prior to acceptance of advertising copy, it is not possible to verify its contents. The Indian Express (P) Limited cannot be held responsible for such contents, nor for any loss or damage incurred as a result of transactions with companies, associations or individuals advertising in its newspapers or Publications. We therefore recommend that readers make necessary inquiries before sending any monies or entering into any agreements with advertisers or otherwise acting on an advertisement in any manner whatsoever.

अंतिम संस्कार के लिए ले जाने के दौरान जीवित निकला व्यक्ति

ब्रह्मपुर, 13 अक्टूबर (भाषा)।

ओडिशा के गंजाम जिले में एक अजीबो-गरीब मामला सामने आया है। दरअसल जिस व्यक्ति को लोग मुर्दा समझकर अंतिम संस्कार के लिए ले गए थे, वह अचानक अपना सिर हिलाने लगा और जिंदा निकला। इससे कुछ लोग इतने घबरा गए कि वहां से भाग खड़े हुए।

डॉक्टरों ने बताया कि कपकहाला गांव में ग्रामीण सीमांचक मलिक को अंतिम संस्कार के लिए ले गए थे। लेकिन उनको सिर हिलाते देखने के बाद उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां इलाज के बाद उनकी हालत स्थिर बताई गई है। पुलिस ने बताया कि मलिक बकरियों और भेड़ों के साथ शनिवार को जंगल में गए थे लेकिन शाम में सारे मवेशी खुद घर लौट आए लेकिन वह नहीं लौटे।

उन्होंने बताया कि शनिवार सुबह में कुछ लोगों ने मलिक को बेजान स्थिति में देखा और उसे घर ले आए। परिवार के सदस्यों और ग्रामीणों ने मलिक को मरा हुआ जान अंतिम संस्कर की तैयार कर ली। जब मलिक को गांव में अंतिम संस्कार स्थल पर ले जाया गया तो अचानक उनका सिर हिलने लगा, जिससे लोग घबरा गए। कुछ मिनट बाद उनमें से कुछ तो वहां से भाग खड़े हुए। पलाकाटु पंचायत के पूर्व स्थानीय सरपंच रंजन मलिक ने बताया, '' मलिक को जीवित देख हम उन्हें सोराडा अस्पताल ले गए। इलाज के बाद उनकी स्थिति अच्छी है।'' मलिक का इलाज करने वाले एक डॉक्टर ने बताया कि बुखार की वजह से वह बेहोश हो गए थे और इलाज के बाद उनकी स्थिति अच्छी हो गई। डॉक्टर ने बताया कि मलिक को इलाज के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। मलिक की पत्नी सोली अपने पति को जीवित देख बेहद खुश हैं। उन्हें इस बात का अफसोस है कि वह उन्हें मरा हुआ मानने से पहले अस्पताल क्यों नहीं ले गईं। उन्होंने कहा कि उनके पति बुखार के बाद भी जंगल गए थे।

मौसम

तापमान	नई दिल्ली	
अधिकतम–33.2 डि.से.		सूर्योदय– 6:21
न्यूनतम– 20.0 डि.से.		सूर्यास्त– 17:54

सांसदों के बंगलों की मरम्मत पर खर्च होंगे 44 लाख

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 13 अक्तूबर।

- नॉर्थ एवेन्यू स्थित सांसदों के बंगलों को चमकाने की कवायद

लुटियंस दिल्ली के नॉर्थ एवेन्यू में सांसदों के लिए बने पुराने बंगलों को मरम्मत कर चमकाया जाएगा। केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्लूडी) की कवायद पर करीब 44 लाख रुपए का खर्च आने का अनुमान है। लुटियंस दिल्ली में बंगलों के मरम्मत की जिम्मेदारी सीपीडब्लूडी पर है।

विभाग के सूत्रों के अनुसार सांसदों के आवास को चाक चौबंद करने के लिए एक निजी एजंसी की सेवा ली जाएगी। उन्होंने बताया कि इस काम को पूरा करने में करीब दो महीने का समय लगेगा। एक अधिकारी ने बताया कि नॉर्थ एवेन्यू में सांसदों के बंगलों की मरम्मत का काम पूरा करने का जिम्मा जिस एजंसी को दिया जाएगा, वह सिर्फ स्वीकृत ब्रांडों के सामानों का ही इस्तेमाल करेगी। उन्होंने बताया कि मलबों को तुरंत हटाया जाएगा और निजी एजंसी उसका निस्तारण करेगी। विभाग ने हाल ही में 36 नए डूप्लेक्स फ्लैट का निर्माण किया है। प्रत्येक फ्लैट में चार शयनकक्ष, लिफ्ट, रसोईघर समेत कार्यालय क्षेत्र भी हैं। इन फ्लैटों से राष्ट्रपति भवन दिखेगा।

दिल्ली में वायु प्रदूषण एक प्रमुख समस्या है जो जाड़े के मौसम में कुछ ज्यादा ही बढ़ जाती है। ऐसे में किसी भी निर्माण के कार्य में मलबे का निस्तारण जल्दी किया जाना जरूरी होता है। समझा जा रहा है कि इसी बात को ध्यान में रखकर सीपीडब्लूडी ने पहले ही सुनिश्चित किया है कि मलबों का निस्तारण प्राथमिकता के आधर पर किया जाए। नॉर्थ एवेन्यू में काफी संख्या में सांसदों के बंगले बने हुए हैं।

आइपी में आज से शुरू होगी बीएससी नर्सिंग की काउंसलिंग

नई दिल्ली। गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ (आइपी) विश्वविद्यालय सोमवार से बीएससी नर्सिंग पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए पहली काउंसलिंग शुरू करेगा। काउंसलिंग विश्वविद्यालय के द्वारका परिसर में आयोजित होगी। प्रवेश परीक्षा के आधार पर बनी योग्यता सूची में शामिल सभी विद्यार्थियों को काउंसलिंग के कार्यक्रम में अनुसार परिसर पहुंचना होगा। **(जनसत्ता संवाददाता)**

जेएनयू दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि हो सकते हैं नायडू

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 13 अक्तूबर।

- 11 नवंबर को आयोजित होगा जेएनयू का तीसरा दीक्षांत समारोह
- केंद्रीय मंत्री सीतारमण और जयशंकर को किया जाएगा सम्मानित

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) अपना तीसरा दीक्षांत समारोह 11 नवंबर को आयोजित करेगा। स्थापना के 50वें वर्ष का जश्न माना रहे जेएनयू के इस दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू के आने की संभावना है। दीक्षांत समारोह में केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण और एस जयशंकर को प्रतिष्ठित पूर्व छात्र पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। 2018 में आयोजित दूसरे दीक्षांत समारोह में विश्वविद्यालय के कुलाधिपति वीके सरास्वत मुख्य अतिथि थे।

जेएनयू की वेबसाइट पर जारी सूचना के मुताबिक, विश्वविद्यालय का तीसरा दीक्षांत समारोह 11 नवंबर को आयोजित होगा, जिसमें एक जुलाई, 2018 से 30 जून, 2019 के बीच पीएचडी पूरी करने वाले विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की जाएगी। विश्वविद्यालय के सूत्रों ने बताया कि समारोह में मुख्य अतिथि उपराष्ट्रपति वेकैंया नायडू होंगे और जल्द ही इसकी आधिकारिक घोषणा कर दी जाएगी। 12 जून 2019 को आयोजित हुई विश्वविद्यालय की कार्यकारी परिषद (ईसी) बैठक में एकमत से निर्णय किया गया था कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और केंद्रीय विदेश में एस जयशंकर को पहला प्रतिष्ठित पूर्व छात्र पुरस्कार दिया जाए। सीतारमण ने जेएनयू से एमए और एमफिल की है जबकि जयशंकर ने एमफिल और डॉक्ट्रल रिसर्च किया है। दीक्षांत समारोह पंजीकरण शुल्क के रूप में विद्यार्थियों को 800 रुपए का ऑनलाइन भुगतान करना होगा। आवेदन की अंतिम तिथि 24 अक्तूबर तय की गई है। पीएचडी उपाधि की डिजिटल प्रति नेशनल एकेडमिक डिपोज्टरी (एनएडी) के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी।

डेंगू पर वार का सातवां रविवार भी जांच के नाम

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 13 अक्तूबर।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने लोगों से रविवार को अपील की है कि बस तीन हफ्ते और घर में साफ पानी की जांच करें और परिवार को डेंगू के खतरे से मुक्त करें। उन्होंने पत्नी सुनीता केजरीवाल के साथ रविवार सुबह दस बजे घर में साफ पानी को बदला व मच्छरों के लार्वा की जांच की। उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने भी ट्विटर पर अपने घर की जांच करते फोटो साझा की।

डेंगू के खिलाफ महा अभियान के सातवें रविवार को मुख्यमंत्री केजरीवाल ने दस हफ्ते, दस बजे, दस मिनट अभियान के तहत पत्नी सुनीता केजरीवाल के साथ घर में साफ पानी की जांच की। मुख्यमंत्री की अपील पर भारी संख्या में लोग भी डेंगू के खिलाफ अभियान में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने कहा कि रोक के प्रयासों के कारण डेंगू के मामले में आश्चर्यजनक कमी आई है। दिल्ली नगर निकायों के एंटी मलेरिया मुख्यालय की ओर से जारी रपटों के अनुसार इस हफ्ते डेंगू के सिर्फ 74 मामले ही सामने आए हैं। इस साल अक्तूबर के पहले सप्ताह तक यह आंकड़ा 356 तक ही पहुंचा है। 2018 में इस समय तक करीब 650 मामले सामने आ चुके थे। दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री गोपाल राय और राजेंद्र पाल गौतम ने भी अपनी फोटो, वीडियो ट्विटर पर साझा की। मुख्यमंत्री केजरीवाल से डॉक्टरों ने आशंका जताई थी कि इस साल डेंगू के मच्छर ज्यादा पांव पसार सकते हैं। इसी कारण इस साल यह महाभियान शुरू किया गया है।

दिल्ली की जनता को नहीं मिल रहा है मुफ्त में पानी : कांग्रेस

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 13 अक्तूबर।

दिल्ली कांग्रेस के नेता डॉक्टर नरेश कुमार ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर मुफ्त में पानी देने के नाम पर लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाया है।

उनका कहना है कि मुंडका के सवादा जेजे कॉलोनी के स्थानीय निवासियों के साथ रविवार को एक बैठक थी। इस दौरान उन्हें बताया गया कि लोगों को 2500 से 3000 रुपए तक का बिल भेजा जा रहा है, जबकि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने चुनाव पूर्व दावा किया था कि दिल्ली की जनता का पानी बिल माफ कर दिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि लोगों को पीने के लिए पानी नहीं मिल रहा है। बिल का भुगतान नहीं करने वाले लोगों को दिल्ली जल बोर्ड के कर्मचारी कनेक्शन काटने कर धमकी देते हैं।

एयूडी ने विद्यार्थियों को दिया आत्महत्या की प्रवृत्ति पहचानने का प्रशिक्षण

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 13 अक्तूबर।

आंबेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली (एयूडी) में विद्यार्थियों को आत्महत्या की प्रवृत्ति की पहचान करने और आत्महत्या के प्रयासों को रोकने के लिए प्राथमिक मनोवैज्ञानिक उपचार मुहैया कराने का प्रशिक्षण दिया गया।

एयूडी की कुलपति अनु सिंह लाठर ने बताया कि विश्वविद्यालय का स्कूल ऑफ ह्यूमन स्टडीज आत्महत्या वाले व्यवहार के बारे में अपने विद्यार्थियों के बीच जागरूकता फैलाने के लिए कई कार्यक्रमों का आयोजन कर रहा है। उन्होंने बताया कि मनोविज्ञान के विद्यार्थियों को आत्महत्या के संकेतकों की पहचान के लिए जरूरी कौशल से प्रशिक्षित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत प्राथमिक मनोवैज्ञानिक उपचार मुहैया कराने व खुदकुशी के प्रयास और ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए उन्हें तैयार किया जा रहा है। मनोविज्ञान के पांचवें सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए कर्मपुरा परिसर में प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। स्कूल ऑफ ह्यूमन स्टडीज, एयूडी और सुसाइड प्रिवेंशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया (एसपीएफआइ), बंगलुरु ने संयुक्त तौर पर इस कार्यक्रम का आयोजन किया।

This is a public announcement for information purposes only and is not a prospectus announcement. This does not constitute an invitation or offer to acquire, purchase or subscribe for securities.
Not for publication or distribution, directly or indirectly outside India.

IRCTC

INDIAN RAILWAY CATERING AND TOURISM CORPORATION LIMITED

Our Company was incorporated as "Indian Railway Catering and Tourism Corporation Limited" on September 27, 1999, as a public limited company under the Companies Act, 1956 and was granted a certificate of incorporation by the Deputy Registrar of Companies, N.C.T. of Delhi and Haryana. Our Company received its certificate for commencement of business from the Deputy Registrar of Companies, N.C.T. of Delhi and Haryana on December 2, 1999. For details of changes in the registered office of our Company, see "*History and Certain Corporate Matters*" on page 154 of the prospectus dated October 07, 2019 (**"Prospectus"**).

Registered Office: 11th Floor, B – 148, Statesman House, Barakhamba Road, New Delhi – 110 001, Delhi, India.
Contact Person: Suman Kalra, Company Secretary and Compliance Officer; **Telephone:** +91 11 2331 1263 / 64; **E-mail:** ipo@irctc.com; **Website:** www.irctc.com; **Corporate Identity Number:** U74899DL1999GOI101707

OUR PROMOTER: THE PRESIDENT OF INDIA ACTING THROUGH THE MINISTRY OF RAILWAYS, GOVERNMENT OF INDIA

Our Company has filed the Prospectus with the Registrar of Companies, National Capital Territory of Delhi and Haryana on October 7, 2019 and the Equity Shares are proposed to be listed on the Stock Exchanges and trading is expected to commence on October 14, 2019.

BASIS OF ALLOTMENT

INITIAL PUBLIC OFFERING OF 20,160,000 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹ 10 EACH ("EQUITY SHARES") OF INDIAN RAILWAY CATERING AND TOURISM CORPORATION LIMITED (OUR "COMPANY" OR THE "ISSUER") THROUGH AN OFFER FOR SALE BY THE PRESIDENT OF INDIA, ACTING THROUGH THE MINISTRY OF RAILWAYS, GOVERNMENT OF INDIA (THE "SELLING SHAREHOLDER"), FOR CASH AT A PRICE OF ₹ 320* PER EQUITY SHARE (INCLUDING A SHARE PREMIUM OF ₹ 310 PER EQUITY SHARE) (THE "OFFER PRICE"), AGGREGATING TO ₹ 6,379.72 MILLION (THE "OFFER"). THE OFFER COMPRISES OF A NET OFFER OF 20,000,000 EQUITY SHARES AND EMPLOYEE RESERVATION PORTION OF UPTO 160,000 EQUITY SHARES. THE OFFER LESS EMPLOYEE RESERVATION PORTION IS REFERRED TO AS THE NET OFFER. THE OFFER AND THE NET OFFER SHALL CONSTITUTE 12.60% AND 12.50%, RESPECTIVELY OF THE POST-OFFER PAID-UP EQUITY SHARE CAPITAL OF OUR COMPANY.

Retail Discount of 10.00 per Equity Share to the Offer Price was offered to the Retail Individual Bidders and Employee Discount of 10.00 per Equity Share to the Offer Price was offered to the Eligible Employees Bidding in the Employee Reservation Portion.

OFFER PRICE: ₹ 320 PER EQUITY SHARE OF FACE VALUE OF ₹ 10 EACH
THE OFFER PRICE IS 32.0 TIMES OF THE FACE VALUE
RETAIL DISCOUNT AND EMPLOYEE DISCOUNT: ₹ 10 PER EQUITY SHARE ON OFFER PRICE

Risks to Investors:

- The three Book Running Lead Managers associated with the Offer have handled 25 public issues in the past 3 years out of which 11 closed below the issue price on listing date.
- The Price/ Earnings ratio based on diluted EPS for Fiscal 2019 for the Issuer at the upper end of the Price Band is as high as 18.78.
- The average cost of acquisition per Equity Share for our Promoter is ₹ 1.25 per Equity Share. The Offer Price at the upper end of the Price Band is ₹ 320 per Equity Share.

BID/OFFER OPENED ON MONDAY, SEPTEMBER 30, 2019
BID/OFFER CLOSED ON THURSDAY, OCTOBER 3, 2019

The Offer was made in terms of Rule 19(2)(b) of the Securities Contracts (Regulation) Rules, 1957, as amended ("**SCRR**"), read with Regulation 31 of the Securities and Exchange Board of India (Issue of Capital and Disclosure Requirements) Regulations, 2018, as amended ("**SEBI ICDR Regulations**"). The Offer was made through the Book Building Process in terms of Regulation 6(1) of the SEBI ICDR Regulations, wherein not more than 50% of the Net Offer was available for allocation on a proportionate basis to Qualified Institutional Buyers ("**QIBs**") ("**QIB Portion**"). 5% of the QIB Portion was available for allocation on a proportionate basis to Mutual Funds only and the remainder of the QIB Portion was available for allocation on a proportionate basis to all QIB Bidders, including Mutual Funds, subject to valid Bids being received from them at or above the Offer Price. Further, not less than 15% of the Net Offer was available for allocation on a proportionate basis to Non-Institutional Bidders and not less than 35% of the Net Offer shall be available for allocation to Retail Individual Bidders in accordance with the SEBI ICDR Regulations, subject to valid Bids being received from them at or above the Offer Price. Further, up to 160,000 Equity Shares was offered for allocation and Allotment on a proportionate basis to the Eligible Employees Bidding in the Employee Reservation Portion, subject to valid Bids being received from them at or above the Offer Price. All Bidders were required to participate in the Offer through the Application Supported by Blocked Amount ("**ASBA**") process by providing details of their respective bank account (including UPI ID for RIBs using UPI Mechanism) (UPI ID, RIBs and UPI Mechanism are defined in the Prospectus) wherein the Bid Amounts were blocked by the SCSBs or under the UPI Mechanism, as the case may be, to the extent of respective Bid Amounts. For details, see "*Offer Procedure*" on page 306 of the Prospectus.

The Offer received 1,366,323 applications for 2,212,625,520 Equity Shares as per the bid book resulting in 109.46 times subscription. The details of the applications received in the Offer from Retail Individual Bidders, Non-Institutional Bidders and QIBs are as under (prior to technical rejections):

Sr. no	Category	No. of Applications	Equity Shares Bid for	Equity Shares Reserved	No. of times Subscribed	Amount (₹)
A.	Retail Individual Investors	1,352,371	97,190,440	7,000,000	13.88	30,157,127,520
B.	Non Institutional Investors	3,367	1,059,022,320	3,000,000	353.01	338,894,363,840
C.	Qualified Institutional Buyers	316	1,055,490,680	10,000,000	105.55	337,757,017,600
D.	Eligible Employees	10,269	922,080	160,000	5.76	286,245,280
	Total	**1,366,323**	**2,212,625,520**	**20,160,000**	**109.75**	**707,094,754,240**

Final Demand

A summary of the final demand as per BSE and NSE as on the Bid/Offer Closing Date at different Bid prices is as under:

Sr. no	Bid Price (₹)	No. of Equity Shares	% to Total	Cumulative Total	Cumulative % of Total
1	315.00	571,760	0.03	2,241,646,480	100.00
2	316.00	62,000	0.00	2,241,074,720	99.97
3	317.00	85,000	0.00	2,241,012,720	99.97
4	318.00	101,640	0.00	2,240,927,720	99.97
5	319.00	61,880	0.00	2,240,826,080	99.96
6	320.00	2,163,638,520	96.52	2,240,764,200	99.96
7	CUT OFF	77,125,680	3.44	77,125,680	3.44
	Total	**2,241,646,480**	**100.00**		

The Basis of Allotment was finalized in consultation with the Designated Stock Exchange, being BSE on October 09, 2019.

A. Allotment to Retail Individual Investors (After Technical Rejections) (including ASBA Applications)

The Basis of Allotment to the Retail Individual Bidders, who have bid at cut-off or at the Offer Price of ₹ 320 per Equity Share (Retail Discount of ₹ 10 per Equity Share to the Offer Price has been offered to Retail Individual Investors), was finalized in consultation with BSE. This category has been subscribed to the extent of 13.26 times, after taking into account the shares spilled over from the unsubscribed portion of Employee category. The total number of Equity Shares Allotted in Retail Individual Bidders category is 7,006,608 Equity Shares to 175,165 successful applicants. The category-wise details of the Basis of Allotment are as under:

Sl. No	Category	No. of Applications Received	% of Total	Total No. of Equity Shares Applied	% of Total	No. of Equity Shares Allotted per Applicant	Ratio	Total No. of Equity Shares Allotted
1	40	1,057,456	81.73	42,298,240	45.52	40	13:96	5,726,160
2	80	95,615	7.39	7,649,200	8.23	40	13:96	517,760
3	120	35,838	2.77	4,300,560	4.63	40	13:96	194,080
4	160	21,048	1.63	3,367,680	3.62	40	13:96	113,960
5	200	17,799	1.38	3,559,800	3.83	40	13:96	96,400
6	240	5,102	0.39	1,224,480	1.32	40	13:96	27,640
7	280	4,399	0.34	1,231,720	1.33	40	13:96	23,840
8	320	10,058	0.78	3,218,560	3.46	40	13:96	54,480
9	360	2,094	0.16	753,840	0.81	40	5:37	11,320
10	400	7,055	0.55	2,822,000	3.04	40	13:96	38,200
11	440	1,141	0.09	502,040	0.54	40	12:89	6,160
12	480	2,133	0.16	1,023,840	1.1	40	13:96	11,560
13	520	1,322	0.1	687,440	0.74	40	13:96	7,160
14	560	854	0.07	478,240	0.51	40	7:52	4,600
15	600	16,712	1.29	10,027,200	10.79	40	13:96	90,480
16	640	15,289	1.18	9,784,960	10.53	40	13:96	82,800
17						1*	1:4001	8
	Total	**1,293,915**	**100**	**92,929,800**	**100**			**7,006,608**

**1 additional share has been allotted to 8 allottees from among 32011 successful applicants from the categories 80 to 640 in the ratio of 1:4001*

Unsubscribed portion of 6,608 Equity shares from Employee Category was spilled over to Retail Category.

B. Allotment to Non Institutional Investors (After Technical Rejections) (including ASBA Applications)

The Basis of Allotment to the Non-Institutional Bidders, who have bid at the Offer Price of ₹ 320 per Equity Share or above, was finalized in consultation with BSE. This category has been subscribed to the extent of 350.70 times, after taking into account the shares spilled over from the unsubscribed portion of Employee category. The total number of Equity Shares allotted in this category is 3,002,832 Equity Shares to 1,169 successful applicants. The category-wise details of the Basis of Allotment are as under: (Sample)

Sl. No	Category (No. of Shares applied for)	No. of Applications Received	% of Total	Total No. of Equity Shares Applied	% to Total	No. of Equity Shares Allotted per Applicant	Ratio	Total No. of Equity Shares Allotted
1	640	21	0.65	13,440	0.00	0	0:0	0
2	680	630	19.56	428,400	0.04	0	0:0	0
3	720	73	2.27	52,560	0.01	0	0:0	0
4	760	36	1.12	27,360	0.00	0	0:0	0
5	800	140	4.35	112,000	0.01	0	0:0	0
6	840	13	0.40	10,920	0.00	0	0:0	0
7	880	20	0.62	17,600	0.00	0	0:0	0
8	920	54	1.68	49,680	0.00	0	0:0	0
9	960	25	0.78	24,000	0.00	0	0:0	0
10	1000	211	6.55	211,000	0.02	0	0:0	0
11	9,375,000	33	1.02	309,375,000	29.38	26,733	1:1	882,189
12	9,400,000	2	0.06	18,800,000	1.79	26,804	1:1	53,608
13	9,920,000	1	0.03	9,920,000	0.94	28,287	1:1	28,287
14	10,062,480	4	0.12	40,249,920	3.82	28,693	1:1	114,772
15	10,160,000	1	0.03	10,160,000	0.96	28,971	1:1	28,971
	Total	**3,221**	**100**	**1,053,097,160**	**100**			**3,002,832**

Unsubscribed portion of 2,832 Equity shares from Employee Category was spilled over to HNI Category.

C. Allotment to QIBs (After Technical Rejections)

CATEGORY	NUMBER OF APPLICATIONS	NUMBER OF EQUITY SHARE	SUBSCRIPTION
Market Maker	1	2,40,000	1.00
Other than Retail Individual Investor's	33	34,60,000	1.62
Retail Individual Investor's	130	14,20,000	0.67
TOTAL	**164**	**51,20,000**	**1.14**

Details of Bids Not Banked are detailed below

CATEGORY	NUMBER OF APPLICATIONS	NUMBER OF EQUITY SHARES
Other than Retail Individual Investor's	Nil	Nil
Retail Individual Investor's	4	40,000
TOTAL	**4**	**40,000**

Details of applications rejected by the Registrar on technical grounds are detailed below

CATEGORY	NUMBER OF APPLICATIONS	NUMBER OF EQUITY SHARES
Market Maker	Nil	Nil
Other than Retail Individual Investor's	Nil	Nil
Retail Individual Investor's	4	40,000
TOTAL	**4**	**40,000**

Details of valid Applications Received (After Technical Rejection):

CATEGORY	NUMBER OF APPLICATIONS	NUMBER OF EQUITY SHARES	SUBSCRIPTION	REVISED SUBSCRIPTION
Market Maker	1	2,40,000	1.00	1.00
Other than Retail Individual Investor's	33	34,60,000	1.62	1.2014*
Retail Individual Investor's	126	13,80,000	0.65	1.00#
TOTAL	**160**	**50,80,000**	**1.128**	**1.128**

#The under subscribed portion of 7,50,000 Equity shares from Retail Investors Category have been spilled over to other then Retail Individual Investors Category.

*includes original reservation of 21,30,000 Equity shares and spill over from Retail Investors Category of 7,50,000 Equity shares.

ALLOCATION: The Basis of Allotment was finalized in consultation with the Designated Stock Exchange–NSE on October 10, 2019

A. Allocation to Market Maker (After Technical Rejections): The Basis of Allotment to the Market Maker, at the issue price of Rs.10.00/- per Equity Share, was finalised in consultation with NSE. The category was subscribed by 1.00 times. The total number of shares allotted in this category is 2,40,000 Equity shares in full out of reserved portion of 2,40,000 Equity Shares.

B. Allocation to Retail Individual Investors (After Technical Rejections): The Basis of Allotment to the Retail Individual Investors, at the issue price of Rs.10.00/- per Equity Share, was finalized in consultation with NSE. The category was subscribed by 1.00 times. Total number of shares allotted in this category is 13,80,000.

No. of Shares Applied for (Category wise)	No. of Applications received	% to total	Total No. of Equity Shares applied in each Category	% to total	Proportionate Shares Available	Allocation per Applicant (Before Rounding Off)	Allocation per Applicant (After Rounding Off)	Ratio of Allottees to the Applicants	Total No. of Shares allocated / allotted	Surplus / (Deficit)
10,000	114	90.48	11,40,000	82.61	17,59,565	15,434.78	10,000	1:1	11,40,000	(6,19,565)
20,000	12	9.52	2,40,000	17.39	3,70,435	30,869.58	20,000	1:1	2,40,000	(1,30,435)
Total	**126**	**100**	**13,80,000**	**100.00**	**21,30,000**				**13,80,000**	**(7,50,000)**

C. **Allocation to other then Retail Individual Investors (After Technical Rejections):** The Basis of Allotment to the other then Retail Individual Investors, at the issue price of Rs.10.00/- per Equity Share, was finalized in consultation with NSE. The category was subscribed by 1.2014 times. Total number of shares allotted in this category is 28,80,000:

No. of Shares Applied for (Category wise)	No. of Applications received	% to total	Total No. of Equity Shares applied in each Category	% to total	Proportionate Shares Available	Allocation per Applicant (Before Rounding Off)	Allocation per Applicant (After Rounding Off)	Ratio of Allottees to the Applicants	Total No. of Shares allocated / allotted	Surplus / (Deficit)
30,000	13	39.39	3,90,000	11.27	3,24,626	24,971.23	20,000	1:1	2,60,000	(64,626)
30,000							10,000	7:13	70,000	70,000
40,000	1	3.03	40,000	1.15	33,295	33,295	30,000	1:1	30,000	(3,295)
50,000	9	27.27	4,50,000	13	3,74,566	41,618.44	40,000	1:1	3,60,000	(14,566)
50,000							10,000	1:9	10,000	10,000
60,000	1	3.03	60,000	1.73	49,942	49,942	50,000	1:1	50,000	58
1,00,000	3	9.09	3,00,000	8.67	2,49,711	83,237	80,000	1:1	2,40,000	(9,711)
1,00,000							10,000	1:3	10,000	10,000
1,90,000	1	3.03	1,90,000	5.49	1,58,150	1,58,150	1,60,000	1:1	1,60,000	1,850
2,30,000	1	3.03	2,30,000	6.64	1,91,445	1,91,445	1,90,000	1:1	1,90,000	(1,445)
2,50,000	1	3.03	2,50,000	7.22	2,08,092	2,08,092	2,10,000	1:1	2,10,000	1,908
3,00,000	1	3.03	3,00,000	8.67	2,49,711	2,49,711	2,50,000	1:1	2,50,000	289
5,00,000	1	3.03	5,00,000	14.45	4,16,185	4,16,185	4,20,000	1:1	4,20,000	3,815
7,50,000	1	3.03	7,50,000	21.67	6,24,277	6,24,277	6,20,000	1:1	6,20,000	(4277)
Total	**33**	**100.00**	**34,60,000**	**100.00**	**28,80,000**				**28,80,000**	**0**

The Board of Directors of the Company at its meeting held on October 11, 2019 has taken on record the Basis of Allotment of Equity Shares, as approved by the Designated Stock Exchange viz. NSE and has authorized the corporate action for the allotment of the Equity Shares in dematerialised form to various successful applicants.

The Allotment Advice and/or notices are being dispatched to the address of the Applicants as registered with the depositories / as filled in the application form on or before October 12, 2019 . Further, the instructions to Self-Certified Syndicate Banks being processed on or prior to October 11, 2019 for unblocking fund. In case the same is not received within 10 days, investors may contact at the address given below. The Equity Shares allocated to successful applicants are being credited to their beneficiary accounts subject to validation of the account details with the depositories concerned. The Company is taking steps to get the Equity Shares admitted for trading on the NSE EMERGE within Six working days from the date of the closure of the Issue. The trading is proposed to be commenced on or before October 15, 2019 subject to receipt of listing and trading approvals from the National Stock Exchange of India Limited.

INVESTORS PLEASE NOTE

The details of the allotment made would also be hosted on the website of the Registrar to the Issue, Link Intime India Private Limited at www.linkintime.co.in. All future correspondence in this regard may kindly be addressed to the Registrar to the Issue quoting full name of the First/ Sole applicants, serial number of the Application Form, number of shares applied for and Bank Branch where the application had been lodged and payment details at the address of the Registrar given below:

REGISTRAR OF THE ISSUE
LINK INTIME INDIA PRIVATE LIMITED
C-101, 1st Floor, 247 Park, Lal Bahadur Shastri Marg, Vikhroli (West) Mumbai 400083, Maharashtra, India. **Tel No:** 022 - 4918 6200
Fax No: 022 - 49186195 **Email id:** sonahisona.ipo@linkintime.co.in **Website :** www.linkintime.co.in
Investor Grievance E-mail: sonahisona.ipo@linkintime.co.in **Contact Person:** Shanti Gopalkrishnan **SEBI Registration Number:** INR000004058

For, Sona Hi Sona Jewellers (Gujarat) Limited
Sd/-
Vijay Shah
Managing Director

Place: Ahmedabad
Date: October 12, 2019

THE LEVEL OF SUBSCRIPTION SHOULD NOT BE TAKEN TO BE INDICATIVE OF EITHER THE MARKET PRICE OF THE EQUITY SHARES ON LISTING OR THE BUSINESS PROSPECTS OF SONA HI SONA JEWELLERS (GUJARAT) LIMITED.

Note: All capitalized terms used and not defined herein shall have the respective meanings assigned to them in the Prospectus.

The Equity Shares have not been and will not be registered under the US Securities Act ("the Securities Act") or any state securities law in United States and may not be issued or sold within the United States or to, or for the account or benefit of, "U.S. persons" (as defined in the Regulations under the Securities Act), except pursuant to an exemption from, or in a transaction not subject to the registration requirements of the Securities Act of 1993.

Sunjeet Comm.

जनसत्ता

14 अक्तूबर, 2019

हिंसा की सियासत

पश्चिम बंगाल में एक बार फिर हिंसा को लेकर राजनीति गरमा गई है। विजयादशमी वाले दिन मुर्शिदाबाद में एक शिक्षक के घर में घुस कर अज्ञात लोगों ने शिक्षक सहित उसकी गर्भवती पत्नी और एक छोटे बच्चे की हत्या कर दी। उसके बाद शनिवार को नदिया जिले में एक दुकानदार की उसकी पत्नी के सामने गोली मार कर हत्या कर दी गई। ये सभी लोग भाजपा के कार्यकर्ता बताए जा रहे हैं। इसे लेकर प्रांतीय भाजपा नेता और कार्यकर्ता विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। उनका आरोप है कि ये हत्याएं राजनीतिक हैं और इनके पीछे तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं का हाथ है। जबकि तृणमूल कांग्रेस इस आरोप को खारिज कर रही है। इस तरह एक बार फिर पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार भाजपा के निशाने पर है। सवाल है कि विजयादशमी के दिन से लेकर अब तक पुलिस मुर्शिदाबाद हत्याकांड में ठीक से जांच भी शुरू क्यों नहीं कर पाई है। इस पर राज्यपाल को दखल देना पड़ा है। हत्या की वजहें जो भी हों, पर उसमें अगर प्रशासन ढुलमुल रवैया बनाए रखे तो सरकार पर अंगुलियां उठनी स्वाभाविक हैं।

पश्चिम बंगाल में राजनीतिक हिंसा का सिलसिला नया नहीं है। जब भी चुनाव नजदीक आते हैं या चुनाव की प्रक्रिया चल रही होती है, तो वहां हिंसक घटनाओं का सिलसिला बढ़ जाता है। लोकसभा चुनाव के दौरान बड़े पैमाने पर हुई हिंसा को लेकर अभी सरकार निशाने से बाहर नहीं आ पाई है कि हाल की घटनाओं ने उसे फिर से निशाने पर ला खड़ा किया है। वहां विधानसभा चुनाव का समय नजदीक आ रहा है, और बताया जा रहा है कि इसी कारण सियासी वैमनस्यता सिर उठाने लगी है। छिपी बात नहीं है कि वहां जो भी पार्टी सत्ता में रहती आई है, उसके और मुख्य प्रतिद्वंद्वी दल के कार्यकर्ता के साथ हिंसक झड़पें होती रही हैं। पहले ऐसी घटनाएं माकपा, कांग्रेस या फिर तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच हुआ करती थीं, अब ममता बनर्जी सरकार के आने के बाद तृणमूल और भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच देखी जाने लगी हैं। जब भी ऐसी कोई हिंसक घटना होती है, दोनों में से कोई न कोई पार्टी पीड़ित पक्ष को अपना कार्यकर्ता बता कर दूसरे पर आरोप लगाना शुरू कर देती है।

विचित्र है कि इसमें पुलिस की भूमिका पर हमेशा सवाल उठते रहे हैं। पश्चिम बंगाल में राजनीतिक हिंसा के पीछे वजहें छिपी नहीं हैं। अक्सर कई लोग अपने कारोबारी या फिर दूसरे निजी हित साधने के मकसद से सत्ताधारी दल से नजदीकी बना लेते हैं। इस तरह उन्हें प्रशासनिक संरक्षण भी प्राप्त हो जाता है। जिस तरह ममता बनर्जी खुद अपने कार्यकर्ताओं को बचाने के लिए पुलिस थाने में पहुंच जाती रही हैं, उससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि किस तरह उनकी पार्टी के कार्यकर्ता महफूज महसूस करते होंगे। इसलिए आपराधिक घटनाओं पर काबू पाने के मामले में स्वाभाविक ही ममता बनर्जी सरकार पर अंगुलियां उठती रही हैं। संभव है, विपक्षी दलों के कुछ आरोप गलत हों, पर अगर ममता बनर्जी की सरकार आपराधिक घटनाओं पर रोक लगाने को लेकर सचमुच संजीदा होती, तो इस तरह हिंसक घटनाओं का सिलसिला न चलता रहता और न विरोध प्रदर्शनों की नौबत आती। कोई भी सरकार जब तक अपने दलगत स्वार्थों से ऊपर उठ कर राज्य में कानून-व्यवस्था के प्रति प्रतिबद्ध नहीं होती, तब तक आपराधिक घटनाओं पर लगाम लगाना मुश्किल ही बना रहता है।

मंदी की मार

भारतीय अर्थव्यवस्था मंदी की मार से किस तरह कराह रही है, इसका पता उद्योग जगत की बिगड़ती दशा से चलता है। एक बार फिर यह निराशाजनक तस्वीर सामने आई है कि अगस्त में औद्योगिक उत्पादन 1.1 फीसद और गिर गया और पिछले इक्यासी महीनों में यह सबसे कम स्तर पर आ गया। औद्योगिक उत्पादन सूचकांक बता रहा है कि कारखानों में उत्पादन काफी नीचे चला गया है और निर्माण क्षेत्र की गतिविधियां भी मंद पड़ी हुई हैं, रीयल एस्टेट में खरीदारी पर ग्रहण लगा है। यह चिंताजनक स्थिति है और हालात को काबू करने के लिए सरकार के सारे उपाय बेअसर साबित हो रहे हैं। त्योहारी महीने में अगर आर्थिक सुस्ती का ये आलम देखने-सुनने को मिले तो लोग खुश कैसे होंगे, यह सोचने वाली बात है। ज्यादा चिंताजनक बात यह है कि मंदी का यह माहौल आने वाले महीनों में और हालत खराब करेगा। अगले छह-आठ महीनों में भी इस बात के आसार नहीं हैं कि कहीं से कोई सुधार या तेजी के संकेत मिलने लगें।

मंदी के संकेत साल भर पहले से मिलने लगे थे। सबसे पहले और ज्यादा असर ऑटोमोबाइल क्षेत्र में गिरावट से दिखना शुरू हो गया था। पिछले दस महीने से वाहन निर्माता कंपनियों का उत्पादन और बिक्री का ग्राफ नीचे जा रहा है। गाड़ियां बिक नहीं रहीं, इसलिए कंपनियों ने पहला कदम उत्पादन में कटौती का उठाया, इसके बाद कामगारों की छंटनी का दौर चला। लेकिन सरकार तब इसे अल्पकालिक संकट मानते हुए नजरअंदाज करती रही। उसके परिणाम आज सामने हैं। अर्थव्यवस्था के प्रमुख क्षेत्र- विनिर्माण, ऊर्जा, खनन, इस्पात सब संकट में हैं। यह लगातार तीसरा महीना है जब उपभोक्ता सामान बनाने वाली कंपनियों का उत्पादन गिरता गया है। निर्माण क्षेत्र में 2014 के बाद सबसे कम वृद्धि का आंकड़ा है। खनन क्षेत्र में उत्पादन पिछले आठ महीने में अपने न्यूनतम स्तर पर है। जाहिर है, बाजार में मांग नहीं है। बेरोजगारी जिस रफ्तार से बढ़ रही है और मंदी के कारण लोगों की नौकरियां जा रही हैं, उस सूरत में पैसा आएगा कहां से खर्च करने के लिए, यह बड़ा सवाल है। जिनके पास थोड़ा-बहुत पैसा है भी, वे आर्थिक संकट को देखते हुए उसे भविष्य के लिए बचा कर रखे हुए हैं, खर्च करने से डर रहे हैं। इसलिए बाजार में नगदी का संकट बन गया है।

रिजर्व बैंक पहले ही कह चुका है कि वह जरूरत को देखते हुए नीतिगत दरों में और कटौती कर सकता है। केंद्रीय बैंक इस साल पांच बार नीतिगत दरों में बदलाव कर चुका है, जो पिछले नौ साल के न्यूनतम स्तर पर जा चुकी है। इस कवायद का सारा जोर बाजार में मांग पैदा करना है, ताकि लोग खरीदारी के लिए पैसा निकालें। हाल में केंद्रीय कर्मचारियों का महंगाई भत्ता पांच फीसद बढ़ाने के पीछे भी यही बड़ी वजह रही। लेकिन सवाल यह है कि क्या केंद्रीय बैंक के पास नीतिगत दरों में कटौती के अलावा कोई और चारा नहीं रह गया है। इस वक्त अर्थव्यवस्था में अनिश्चितता को लेकर लोगों के मन में जो डर पैदा हो गया है, उसे निकालने की जरूरत है। बैंक भी कर्ज देने में डरे हुए हैं, इसलिए तमाम कोशिशों के बावजूद कर्ज लेने वालों का आंकड़ा बढ़ नहीं रहा। सरकार ने कारपोरेट करों में कटौती जैसे कदम तो उठाए हैं, लेकिन उससे आम आदमी को क्या फायदा होगा? जरूरत है मध्यमवर्ग की आमद बढ़ाने के लिए कदम उठाए जाएं, उस पर से करों का बोझ हल्का किया जाए, ताकि लोगों के हाथ में पैसा आए।

कल्पमेधा

गलतफहमियों में डूबे रहना, गलतियां करने से भी ज्यादा खतरनाक है।
-बर्नार्ड शॉ

सोने की बढ़ती चमक

जयंतीलाल भंडारी

दुनिया के केंद्रीय बैंक डॉलर की तुलना में सोने को महत्त्व दे रहे हैं और सोने की खरीद बढ़ा रहे हैं। इसके पीछे एक वजह अमेरिकी डॉलर की धमक कम करना भी है। रूस, चीन और भारत सहित दुनिया के कई देशों के केंद्रीय बैंकों ने पिछले कुछ महीनों में काफी मात्रा में सोना खरीदा है। छह सौ तेरह टन के सोने के भंडार के साथ भारतीय रिजर्व बैंक इस मामले में दसवां सबसे बड़ा सोने के भंडार वाला केंद्रीय बैंक है।

भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा स्वर्ण उपभोक्ता देश है और अपनी लगभग पूरी स्वर्ण मांग आयात के जरिए पूरी करता है। ऐसे में सोने के आयात में कमी अर्थव्यवस्था के लिए लाभप्रद है। आर्थिक सुस्ती के वर्तमान दौर में सोने के आयात में कमी से व्यापार घाटे में भी कमी आएगी। निश्चित रूप से भारत जैसे विकासशील देश के लिए सोने में निवेश उत्पादक नहीं है। प्रतिवर्ष देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का करीब तीन फीसद सोने की खरीद के रूप में अनुत्पादक पूंजी में बदल रहा है।

यकीनन वर्ष 2019 की शुरुआत से ही देश में सोने का आयात कम होने का परिदृश्य दिखाई दे रहा है। आमतौर पर देश में दीवाली जैसे त्योहार की तैयारी के मौसम में सोने की मांग तेजी से बढ़ती है और भारत का स्वर्ण आयात बढ़ जाता है। लेकिन इस वर्ष ऐसा नहीं दिखाई दे रहा है। यदि हम आंकड़ों की तरफ देखें तो पाते हैं कि सोने का आयात तीन वर्ष के निचले स्तर पर आ गया है। पिछले महीने भारत ने छब्बीस टन सोने का आयात किया था, जो एक साल पहले के 81.71 टन से कम है। ऐसे में चालू महीने यानी अक्तूबर में सोने की मांग में कितनी भी वृद्धि हो जाए, इसका आयात पचास टन से कम रहने के आसार हैं।

इस समय देश और दुनिया में सोने की कीमतें आसमान छू रही हैं। बड़े निवेशक सोने में निवेश करके भारी लाभ कमा रहे हैं। हालांकि देश और दुनिया की अर्थव्यवस्थाओं में नरमी और गिरावट का दौर चल रहा है। प्रॉपर्टी बाजार ठंडा पड़ा है। शेयर बाजार भी कभी उतरते हुए तो कभी चढ़ते हुए दिखाई दे रहे हैं। लेकिन सोना उन गिनी-चुनी परिसंपत्तियों में है जो छोटे-बड़े सभी निवेशकों के लिए सुरक्षित और आकर्षक लग रहा है। विशेषज्ञ यह स्वीकार करते हैं कि शेयर, रीयल एस्टेट और सोना लंबी अवधि में सबसे अधिक प्रतिफल देने वाली परिसंपत्तियां होती हैं। इसलिए विशेषज्ञ पिछले कुछ वर्षों के दौरान सोने का प्रदर्शन कमजोर रहने के बावजूद निवेशकों को अपने पोर्टफोलियो में इस पीली धातु की हिस्सेदारी बढ़ाने की सलाह दे रहे हैं।

भारत में निवेश के चार बड़े साधन माने जाते रहे हैं। सोना, संपत्ति, शेयर और बचत योजनाएं। बीते वर्षों में विशेष रूप से वर्ष 2013 के बाद सोने की चमक फीकी पड़ी है। उस समय सरकार ने शुल्क बढ़ा कर और आयात पर अंकुश लगा कर खरीदारी को हतोत्साहित किया था, जिससे सोना अपने सबसे ऊंचे स्तर से लुढ़कने लगा था। उस अवधि में शेयरों ने अच्छा प्रदर्शन किया। रीयल एस्टेट भी एक अन्य महत्त्वपूर्ण परिसंपत्ति वर्ग है, लेकिन यह बहुत से नियमों, करों और परिसंपत्ति को बेचना आसान नहीं होने के कारण कमजोर बना हुआ है। इसके अलावा रीयल एस्टेट के लंबी अवधि के प्रतिफल के आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं और न ही यह प्रतिफल पूरे देश में एकसमान है। करीब चार दशक से सूचकांक के आंकड़े उपलब्ध हैं और इस दौरान शेयरों ने अच्छा प्रतिफल दिया है। पिछले एक दशक में सोने का प्रतिफल शेयरों से अधिक रहा है। ऐसा लगता है कि भारत में सोना अब तक के सर्वोच्च स्तर पर पहुंचने और हाल में निवेश पोर्टफोलियो में सोने का हिस्सा बढ़ाने की चर्चाओं से परिदृश्य बदल रहा है। इस पीली धातु में अन्य संपत्ति वर्गों की तुलना में कई खूबियां हैं। सोने में अन्य वित्तीय बाजारों, विशेष रूप से शेयरों की तुलना में अलग रुझान होता है। निवेशकों को सोना खरीदने के लिए प्रोत्साहित करने वाले कारक भी अलग होते हैं। भारत में सोना परिवारों की जरूरत है और सोने के आभूषण पहनना भारतीय संस्कृति का अंग भी है। लोग धार्मिक आस्था की वजह से मंदिरों में सोना चढ़ाते हैं।

यदि हम देश में सोने की बढ़ती हुई कीमतों और सोने में निवेश करने वाले निवेशकों का ग्राफ देखें, तो पाते हैं कि चालू वित्त वर्ष 2019-20 के पहले पांच महीनों यानी अप्रैल से सितंबर के बीच देश में सोना निवेशकों को बाईस प्रतिशत से अधिक का लाभ दे चुका है। जबकि पिछले पूरे वित्तीय वर्ष 2018-19 में सोने के निवेशकों को लगभग दस प्रतिशत का लाभ मिला था। इस महीने में अब तक देश में सोने की कीमतें छह साल की सर्वोच्च ऊंचाई पर पहुंच चुकी हैं। अर्थविशेषज्ञों का कहना है कि

इस साल के अंत तक सोना बयालीस हजार प्रति दस ग्राम तक पहुंच सकता है।

इस समय दुनिया में सोने की कीमतें बढ़ने के कई कारण दिखाई दे रहे हैं। दुनिया के केंद्रीय बैंक डॉलर की तुलना में सोने को महत्त्व दे रहे हैं और वे सोने की खरीद बढ़ा रहे हैं। इसके पीछे एक वजह अमेरिका और डॉलर की धमक कम करना भी है। रूस, चीन और भारत सहित दुनिया के कई देशों के केंद्रीय बैंकों ने पिछले कुछ महीनों में काफी मात्रा में सोना खरीदा है। छह सौ तेरह टन के सोने के भंडार के साथ भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआइ) इस मामले में दसवां सबसे बड़ा सोने के भंडार वाला केंद्रीय बैंक है। सोने की कीमतों में नई तेजी की जड़ें दुनिया के कई विकसित देशों द्वारा डॉलर के नए विकल्प की तलाश में नीहित हैं।

दुनिया में सोने की कीमत बढ़ने का दूसरा बड़ा कारण अमेरिका और चीन के बीच बढ़ते व्यापार युद्ध भी है। इससे वैश्विक मंदी का माहौल बन गया है। ऐसे में निवेशक सोने की खरीदी को उपयुक्त मान रहे हैं। अमेरिका में ब्याज दरें घटने की संभावना से भी डॉलर कमजोर हुआ है और इससे सोने की चमक तेज हुई है। चीनी मुद्रा के अवमूल्यन से मुद्रा बाजार में अनिश्चितता बढ़ी है। अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव ने भी सोने के दाम बढ़ाए हैं। सऊदी अरब की सबसे बड़ी तेल कंपनी पर आतंकी हमले के साथ खाड़ी क्षेत्र में बढ़ते तनाव से भी सोना महंगा हुआ है। अमेरिका ने यूरोप के सामान पर शुल्क बढ़ाने का जो रदम उठाया, उससे भी सोने की चमक और बढ़ी। भारत में सोने की कीमत बढ़ने के दो अन्य कारण भी हैं। इनमें एक कारण इस साल के बजट में सोने पर सीमा शुल्क दस फीसद से बढ़ा कर साढ़े बारह फीसद कर दिया जाना है और दूसरा कारण मुद्रा बाजार में डॉलर के मुकाबले में रुपया कमजोर हुआ है।

हालांकि भारत में सोने के दाम अब तक के सर्वोच्च स्तर पर पहुंच गए हैं, लेकिन नए सोने की मांग अधिक नहीं बढ़ी है। लोग भी सोना बेच कर मुनाफा बनाने में लगे हैं। सरकार को चाहिए कि सोने की खरीदारी के इच्छुक निवेशकों को सोने की खरीदी की तुलना में स्वर्ण बांड के विकल्प की ओर प्रवृत्त करने की कोशिश करे। गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंडों के अलावा सॉवरेन गोल्ड बांड भी आ गए हैं और ये स्टॉक एक्सचेंजों पर सूचीबद्ध हैं। इन दो विकल्पों ने पहले ही भौतिक रूप में सोना खरीदने की जरूरत खत्म कर दी है और इस पीली धातु को सही मायनों में ऐसा निवेश उत्पाद बना दिया है, जिसमें भौतिक सोने के साथ पैदा होने वाला भावनात्मक जुड़ाव आड़े नहीं आता है। स्वर्ण बांड में निवेश पर सरकार ने कई तरह की रियायतों की घोषणा की है, जिससे इसमें निवेश ज्यादा फायदेमंद हो सकता है। इसके तहत एक ग्राम सोने के मूल्य के बराबर न्यूनतम बांड में निवेश कर सकते हैं। स्वर्ण बांड की बिक्री पर होने वाले लाभ पर किसी तरह का कर नहीं लगता है। ऐसा किया जाना सोने के निवेशकों के साथ-साथ देश की अर्थव्यवस्था के लिए भी लाभप्रद होगा।

झूठ का परदा

मोनिका अग्रवाल

दुनिया मेरे आगे

आज जीवन-शैली कुछ ऐसी हो गई है कि अधिकतर लोगों को झूठ बोलने में कोई हिचक नहीं होती। बहुत से लोगों का तर्क तो यह भी होता है कि किसी के भले के लिए अगर झूठ बोला जाए तो वह झूठ नहीं होता। यह तर्क और इसका खेल यहां पर भी नहीं रुकता। धोखा तो किसी को भी देना बुरी बात है, किसी के भरोसे को तोड़ना है और कानूनी संदर्भ आने पर दंडनीय अपराध है। लेकिन खुद को धोखा देना तो आत्मघात के समान है। अपने जीवन और भविष्य के साथ खतरनाक खिलवाड़ है। जब कोई बढ़-चढ़ कर अपनी बड़ाई करता है या झूठ बोलता है, तो कई बार वह एक तरह से खुद को धोखा दे रहा होता है।

अक्सर ऐसी स्थितियों का सामना होता है, जब लगता है कि बच्चा हो या बड़ा, ज्यादातर लोगों की रग-रग में झूठ प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से बस गया है। झूठ बोलने में उन्हें आनंद की अनुभूति होती है। कुछ लोग तो अपनी स्वार्थ सिद्धि के लिए किसी भी हद तक चले जाते हैं। बिना किसी फायदे या नुकसान के, बिना किसी का भला या बुरा सोचे, बेबाक झूठ बोल दिया जाता है। जो बात झूठ से शुरू हो तो क्या वह सच पर खत्म होगी? मेरा मानना है कि ऐसा नहीं होगा! झूठ पर झूठ का एक सिलसिला चालू हो जाता है। ऐसे लोग हर पल अपनी बात बदलते रहते हैं और उनके झूठ से सबसे ज्यादा परिवार के सदस्य और उनके सगे-संबंधी ही परेशान होते हैं। वे ज्यादा परेशान इसलिए होते हैं कि झूठ बोलने वाला व्यक्ति आमतौर पर खुद को दूसरों से बेहतर साबित करने की कोशिश करता रहता है। वह अपने झूठ को छिपाने के लिए हर हाल में अपने आप को सही साबित करने का प्रयास करता है। अगर हम ऐसे व्यक्ति को सही-गलत सिखाना या बताना चाहते हैं तो वह उलट कर हमें ही दोषी करार देने लगता है। उसे न प्यार की भाषा समझ में आती है, न डांट की।

मनोविश्लेषकों का कहना कि इस तरह के लोग दूसरों को प्रभावित करने के आशय से अपने और अपने काम, अपनी उपलब्धियों के बारे में इस प्रकार झूठी बातें बढ़ा-चढ़ा कर बताते हैं कि बाद में वे खुद ही उन बातों पर विश्वास करने लगते हैं। उनका मन-मस्तिष्क उनकी ऐसी गप्प को भी सही मान बैठता है। परिणाम यह होता है कि इसी भुलावे में वे अपने कार्य निष्पादन, कर्तव्य, दायित्व के प्रति लापरवाह और आखिरकार उदासीन हो जाते हैं और इस तरह परेशानी में पड़ जाते हैं। एक कहावत है कि 'एक झूठ को छिपाने के लिए सौ झूठ बोलने पड़ते हैं!' अपनी अस्तित्वहीन उपलब्धियों, सफलताओं का ढिंढोरा पीटने वाले ऐसे लोग यह भूल जाते हैं कि भेद एक दिन तो खुलना ही है। वास्तविकता सामने आने पर बेवजह शर्मिंदा होने के कारण ऐसे लोग तरह-तरह के बहाने बनाने लगते हैं, दलीलें पेश करते हैं। फिर दूसरों के मत्थे दोष मढ़ने का भी प्रयास करते हैं और इस प्रकार पतन के फिसलन भरे रास्ते पर तेजी से चल पड़ते हैं।

इसलिए अपने प्रति ईमानदार होना अनिवार्य है। अपनी कमियों, कमजोरियों, त्रुटियों को जानना, पहचाना, मानना नितांत जरूरी है। तभी उन्हें सुधारने का प्रयास हो पाएगा। इलाज से पहले रोग का निदान आवश्यक होता है। अपनी कमियों को खुद से छिपा कर, उन पर परदा डाल कर, उन्हें नकार कर हम केवल उस कबूतर की तरह व्यवहार कर रहे होते हैं जो बिल्ली को देख कर करता है। जब बिल्ली उसके नजदीक आती है, तब वह यह मान कर आंखें मूंद लेता है कि बिल्ली भी उसे नहीं देख रही है। इसी भुलावे में वह आखिर जान से हाथ धो बैठता है। कमी और कमजोरी किसमें नहीं होती! कमियां और कमजोरी होना बुरा नहीं है। बुरा है उसे स्वीकार करके सुधारने की बजाय उस पर परदा डालना। दूसरों द्वारा दिए गए धोखे से तो इंसान निपट भी लेता है, पर अपने आपसे धोखा करके भला कहां रह सकता है? इसी व्याधि का एक अन्य रूप यह भी है कि झूठ बोलने वाले व्यक्ति का मान-सम्मान धीरे-धीरे नष्ट होने लगता है।

झूठ का एक पहलू यह भी है कि जब हम किसी व्यक्ति से झूठ बोलते हैं और जब तक हमें इस बात का एहसास होता है, तो उस एहसास के होने से पहले ही दूसरा व्यक्ति हम पर भरोसा करना छोड़ चुका होता है। हम आत्मसमर्पण भी कर लें तो वह भरोसा पूरी तरह वापस नहीं आता। इसलिए कुछ आकांक्षा रखना बुरा नहीं है। लेकिन झूठ-मूठ का दिखावा करना, दूसरों को नहीं, अपने आप को धोखा देना है। ऐसा झूठ, ऐसी दोहरी जिंदगी कितनी देर चल सकती है? देर-सवेर कलई खुल ही जाती है। अंदाजा लगाइए कि सबसे सामने पोल खुलने के बाद कितनी शर्मिंदगी और कैसी हास्यास्पद स्थिति होती होगी!

चौपाल

चीन का स्वार्थ

चीनी राष्ट्रपति शी जिनफिंग की भारत यात्रा से पूर्व चीन की ओर से बयान आया था कि कश्मीर भारत और पाकिस्तान के बीच का आपसी मसला है जिसे दोनों देशों को परस्पर शांतिपूर्ण ढंग से सुलझाने का प्रयास करना चाहिए। कश्मीर पर चीन का अचानक पलटना एक तरफ भारतीय पक्ष को मजबूत करता है, तो चीन के इतिहास को देखते हुए हमें निरंतर सजग रहने की जरूरत भी रेखांकित करता है। पहले भी पंचशील समझौता करके चीन भारतीय सीमाओं का अतिक्रमण कर हमारी संप्रभुता को चुनौती देने का दुस्साहस कर चुका है। कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने के बाद चीन लगातर पाकिस्तान के साथ खड़ा नज़र आया है। उसने संयुक्त राष्ट्र से भी कश्मीर मुद्दे पर संज्ञान लेने की मांग की थी। लेकिन अब इसे द्विपक्षीय मुद्दा बता कर उसने पलटी मारी है तो इसके पीछे उसके अपने स्वार्थ हैं। वह अमेरिका के साथ व्यापार युद्ध, हांगकांग में विरोध, उईगर में मुसलमानों के उत्पीड़न के कारण खराब होती छवि जैसी मुश्किलों में फंसा है।

इन संकटों से निकलने के लिए वह अपनी छवि को अच्छा बनाने के लिए ही निष्पक्ष होने का दिखावा कर रहा है। भारत चीन के बीच व्यापार आज लगभग सौ अरब डालर सालाना तक पहुंच चुका है। लगभग एक हजार चीनी कंपनियों ने अरबों डालर का निवेश भारत में किया हुआ है। बढ़ते व्यापार और भारतीय बाजार की अनदेखी करना आज चीन तो क्या किसी भी देश के लिए संभव नहीं है। चीन के बदलते हुए रुख की एक वजह यह भी हो सकती है, लेकिन फिर भी उसकी गतिविधियों पर नजर रखने की जरूरत है।

● *बिजेंद्र कुमार, आंबेडकर कालेज, दिल्ली*

सकारात्मक पहल

यह प्रसन्नता की बात है कि दिल्ली की लगभग पांच सौ दुर्गा पूजा समितियों ने दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन इस बार कृत्रिम तालाबों में किया और पर्यावरण की रक्षा में अपना अमूल्य योगदान दिया। ये कामचलाऊ तालाब दिल्ली सरकार ने बनवाए थे, ताकि यमुना को प्रदूषण से बचाया जा सके। बड़ी बात यह है कि लोग अब पर्यावरण रक्षा की आवश्यकता, उसके महत्त्व और उसके प्रति अपने दायित्व को समझ रहे हैं। कृत्रिम तालाबों नहीं होने से लोग यमुना में मूर्ति विसर्जन करते थे और इससे घौटों पर गंदगी फैलती थी और नदी भी प्रदूषित हो जाती थी। निसंदेह इस सकारात्मक पहल के लिए दिल्ली सरकार प्रशंसा की पात्र है।

इसके पहले भी छठ के अवसर पर इस दिल्ली सरकार ने कालोनियों के आसपास इसी प्रकार के छोटे-छोटे कृत्रिम तालाबों का प्रबंध करके लोगों को यमुना में जाने की कठिनाई से बचाने की पहल की थी। इसका लाभ यह हुआ था कि यमुना के घाटों की स्वच्छता और सुंदरता की भी रक्षा हुई, क्योंकि हजारों की संख्या में श्रद्धालु वहां जाते और पूजा सामग्रियों के अवशिष्ट और प्लास्टिक की थालियां घाटों पर फेंक देते थे। इस प्रकार के सहयोग को देखते हुए यह विश्वास करना कठिन नहीं है कि पर्यावरण को ध्यान में रख कर ही लोग दीपावली में उच्चतम न्यायलय द्वारा सुझाए गए हरित पटाखे ही छोड़ेंगे। इससे दिसंबर-जनवरी हर साल छाने वाली धुंध भी कम पड़ेगी। पर्यावरण को बचाने की रोई भी पहल बिना जनभागीदारी के संभव नहीं हो सकती। अगर हमें वातावरण को बचाना है और हवा को साफ रखना है तो अपनी जिम्मेदारियां भी निभानी होंगी।

● *राजेंद्र प्रसाद सिंह, दिल्ली*

कैसे मिले रोजगार

देश में आज बेरोजगारी बड़ी समस्या के रूप में मौजूद है। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकॉनमी (सीएमआइई) की रिपोर्ट के मुताबिक देश में बेरोजगारी दर सात फीसद है और पिछले दो वर्षों से बेरोजगारी दर में इजाफा तेजी से हुआ हैं। बेरोजगारी दूर करने में सरकारें असफल साबित हुई हैं। केंद्र सरकार और राज्य सरकारें खाली पड़े पदों को भरने में उदासीन रवैया अख्तियार कर रही हैं। दूसरी ओर निजी क्षेत्र में नौकरियों के अवसर होने के बावजूद उद्यमियों को अपेक्षित कौशल और जरूरत के अनुसार उम्मीदवार नहीं मिल पाने की शिकायत है। अशिक्षित लोगों के मुकाबले शिक्षित लोगों में बेरोजगारी की दर ज्यादा हैं, क्योंकि शिक्षित लोग अपनी योग्यता और डिग्री के अनुरूप रोजगार के तलाश में होते हैं, लेकिन दुर्भाग्य से शिक्षित व्यक्ति की डिग्री का ज्ञान और पाठ्यक्रम रोजगार हासिल करने के लिए पर्याप्त नहीं हैं, इसलिए देश में रोजगारोन्मुख शिक्षा व्यवस्था को लागू करना जरूरी है। इसके लिए शिक्षा पाठ्यक्रम और व्यवस्था में आमूलचूल बदलाव की जरूरत है।

● *निशांत महेश त्रिपाठी, कोंढाली (नागपुर)*

बराबरी का दर्जा

महिलाओं को सिर्फ आलेखों में और तकरीरों में बराबरी का दर्जा दिया जाता है। कहा जाता है महिलाएं पुरुषों से कंधे से कंधा मिला कर देश दुनिया के विकास में लगी हैं। पूरब हो या पश्चिम, उत्तर हो या दक्षिण, महिलाओं को बराबरी का हक कहीं नहीं मिला है। चाहे शिक्षण संस्थान हों या वेतन में समानता की बात हो, आज भी पूरे विश्व में स्त्रियों को अपने अधिकारों के लिए पुरुष प्रधान समाज से संघर्ष करना पड़ रहा है। कहते हैं कि चार दशक के बाद ईरान की महिलाओं को स्टेडियम में जाकर फुटबाल मैच देखने की इजाजत मिली। एक और रूढ़ि से जकड़े देश सउदी अरब ने भी कुछ उदारता बरती है। सउदी अरब में पहले महिलाओं को गाड़ी चलाने की इजाजत मिली, फिर उन्हें अकेले विदेश यात्रा पर जाने की छूट दी गई। उसके बाद अब सैन्य सेवा में भी महिलाओं की भर्ती को हरी झंडी दे दी गई। देर से ही सही, ईरान और सऊदी अरब की देखा-देखी अन्य देश भी महिलाओं को समानता का अधिकार देने को बाध्य होंगे।

● *जंग बहादुर सिंह, गोलपहाड़ी (जमशेदपुर)*

चौपाल

किसी भी मुद्दे या लेख पर अपनी राय हमें भेजें। हमारा पता है : ए-8, सेक्टर-7, नोएडा 201301, जिला : गौतमबुद्धनगर, उत्तर प्रदेश

आप चाहें तो अपनी बात ईमेल के जरिए भी हम तक पहुंचा सकते हैं। आइडी है : chaupal.jansatta@expressindia.com

epaper.jansatta.com

खबर कोना

मुंबई फिल्म फेस्टिवल के दौरान रविवार को रेड कार्पेट पर फोटो खिंचवातीं बॉलीवुड अदाकारा दीपिका पादुकोण।

शेरनी ने तीन शावकों को दिया जन्म, एक की मौत

रीवा (मध्य प्रदेश), 13 अक्तूबर (भाषा)।

मध्य प्रदेश के रीवा के मुकुंदपुर स्थित वाइट टाइगर सफारी में तीन वर्षीय एक शेरनी ने तीन शावकों को जन्म दिया, जिसके तीसरे दिन उनमें से एक शावक की मौत हो गई। वाइट टाइगर सफारी मुकुंदपुर के निदेशक संजय रायखेड़े ने रविवार को बताया, 'जैस्मिन नाम की शेरनी ने गुरुवार को मुकुंदपुर स्थित वाइट टाइगर सफारी में तीन शावकों को जन्म दिया था। उनमें से एक शावक ने शनिवार देर रात दम तोड़ दिया।' उन्होंने कहा कि यह शावक पैदा होने के बाद से ही कमजोर था और दूध नहीं पी रहा था। यह शावक अन्य दो शावकों के पैदा होने के करीब 20 मिनट बाद जन्मा था। उन्होंने कहा, 'हमारी पहली प्राथमिकता है कि शेष दोनों शावकों को बचा लिया जाए।' मुकुंदपुर टाइगर सफारी में छह बाघ भी हैं, जिनमें से चार सफेद बाघ हैं।

मोदी ने अपने 'संवाद' को कविता की माला में पिरोया

नई दिल्ली, 13 अक्तूबर (भाषा)।

मामल्लापुरम समुद्र तट पर सूर्य की तरोताजा करने वाली किरणों, सागर की सरसराती लहरों और सुबह के शांत वातावरण ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपने विचारों को कविता की माला में पिरोने के लिए प्रेरित किया। मोदी ने कहा कि समुद्र तट पर सैर करते हुए वह सागर के साथ 'संवाद' में खो गए। उन्होंने रविवार को हिंदी में ट्विटर पर लिखा, 'ये संवाद मेरा भाव-विश्व है। इस संवाद भाव को शब्दबद्ध करके आपसे साझा कर रहा हूं।' मोदी ने शनिवार को समुद्र तट पर 'प्लॉगिंग' (सुबह की सैर के दौरान प्लास्टिक की बोतल आदि कचरों को चुनना) का अपना तीन मिनट का वीडियो जारी किया जिसमें वह कूड़ा उठाते और लोगों से सार्वजनिक स्थानों को साफ व स्वच्छ रखने की अपील कर रहे हैं। आठ पैराग्राफ में लिखी कविता में मोदी ने सागर के सूर्य से संबंध, लहरों और उनके दर्द को बताया है। उनका कविता संग्रह 'एक यात्रा' पहले ही उपलब्ध है।

आत्मदाह की कोशिश करने वाले निगमकर्मी की मौत

हैदराबाद, 13 अक्तूबर (भाषा)।

आत्मदाह का प्रयास करने वाले तेलंगाना राज्य सड़क परिवहन निगम (टीएसआरटीसी) के एक कर्मी की रविवार को यहां एक अस्पताल में मौत हो गई। इस शख्स ने हड़ताल कर रहे कर्मचारियों की मांगें नहीं मानने को लेकर सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए खम्मम के पास अपने घर में खुद को आग लगा ली थी। पुलिस ने कहा कि वे जांच कर रहे हैं कि चालक ने यह कदम क्यों उठाया। अस्पताल के सूत्रों ने बताया कि खम्मम डिपो में काम करने वाले श्रीनिवास रेड्डी की जलने से मौत हो गई। वह राज्यव्यापी हड़ताल कर रहे कर्मचारियों के एक समूह का हिस्सा था। शनिवार को उसने घर के पास खुद पर पेट्रोल छिड़क कर आग लगा ली थी। खम्मम पुलिस आयुक्त तफसीर इकबाल ने कहा कि खम्मम में स्थिति अब सामान्य एवं शांतिपूर्ण है। घटना के बाद वहां तनाव बढ़ गया था जहां हड़ताल कर रहे कर्मचारियों ने अस्पताल के बाहर प्रदर्शन और टीआरएस सरकार के खिलाफ नारेबाजी की थी। साथ ही खबर थी कि उन्होंने एक बस की खिड़कियां भी तोड़ दीं। इस बीच मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने कहा कि हड़ताल कर रहे कर्मचारियों से बातचीत करने या उन्हें वापस लेने का कोई सवाल नहीं उठता।

पूर्व सांसद ही नहीं उनके अतिथि भी बने सरकार का सिरदर्द

45 सांसदों-पूर्व सांसदों के अतिथि नहीं खाली कर रहे सरकारी बंगले

संपदा निदेशालय ने ऐसे 45 सांसदों, पूर्व सांसदों की सूची तैयार की है जिनके अतिथि तमाम नोटिस के बावजूद बंगला खाली नहीं कर रहे हैं। सूत्रों के अनुसार सूची में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और महेंद्र नाथ पांडे के अलावा पूर्व सांसद संजय सिंह, उदित राज, ओपी यादव और सीपी जोशी के अतिथि भी शामिल हैं। इस बीच निदेशालय ने तीन अन्य पूर्व सांसदों प्रियंका सिंह रावत, प्रसन्न कुमार पटसानी और पी श्रीनिवास रेड्डी के बंगले पुलिस की मदद से बलपूर्वक खाली कराने का आदेश जारी कर दिया है। भाजपा की पूर्व सांसद रावत को नॉर्थ एवेन्यू स्थित 185 नंबर बंगला, टीआरएस के पूर्व सांसद रेड्डी को महादेव रोड स्थित 11 नंबर बंगला और बीजद के पूर्व सांसद पटसानी को साउथ एवेन्यू स्थित 185 नंबर आबंटित था। पिछले सप्ताह बिहार से भाजपा के पूर्व सांसद हरि मांझी के साउथ एवेन्यू स्थित बंगले सहित तीन बंगलों को बलपूर्वक खाली कराने के साथ ही यह कार्रवाई शुरु हुई है।

नई दिल्ली, 13 अक्तूबर (भाषा)।

लुटियन दिल्ली स्थित सरकारी आवास में रहने की पात्रता गंवा चुके पूर्व सांसदों से बंगले खाली कराने के साथ आवास एवं शहरी मामलों का मंत्रालय सांसदों एवं मंत्रियों के उन अतिथियों से जबरन बंगले खाली कराने की मुहिम तेज करेगा, जो लंबे समय से सरकारी बंगलों में जमे हुए हैं।

मंत्रालय के संपदा निदेशालय ने ऐसे 45 सांसदों, पूर्व सांसदों की सूची तैयार की है जिनके अतिथि तमाम नोटिस के बावजूद बंगला खाली नहीं कर रहे हैं। सूत्रों के अनुसार सूची में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और महेंद्र नाथ पांडे के अलावा पूर्व सांसद संजय सिंह, उदित राज, ओपी यादव और सीपी जोशी के अतिथि भी शामिल हैं।

राजस्थान के भीलवाड़ा से पूर्व सांसद जोशी इस समय राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष हैं। ओपी यादव के अतिथि के रूप में पूर्व केंद्रीय मंत्री शाहनवाज हुसैन पं. पंत मार्ग स्थित सरकारी बंगले में रह रहे हैं। इनके अलावा सांसद मीनाक्षी लेखी, रमेश बिधूड़ी और पूनमबेन मादम और अजय टम्टा के अतिथि भी इस सूची में शामिल हैं। किसी सांसद के अनुरोध पर उसके अतिथि को इलाज या अन्य किसी विशिष्ट उद्देश्य से तीन महीने के लिए लुटियन दिल्ली स्थित सरकारी आवास आबंटित किया जा सकता है। विशेष परिस्थिति में इस अवधि को तर्कसंगत आधार बताए जाने पर बढ़ाया जा सकता है। सरकारी संपत्ति से अनधिकृत कब्जों की बेदखली के लिए हाल ही में संसद द्वारा पारित कठोर प्रावधानों वाले सार्वजनिक परिसर (अनधिकृत कब्जाधारियों की बेदखली) अधिनियम 2019 को मंत्रालय द्वारा 12 सितंबर को लागू किए जाने के बाद संपदा निदेशालय ने लुटियन दिल्ली स्थित सरकारी बंगले में रहने की पात्रता गंवा चुके पूर्व सांसदों और सांसदों के अतिथियों से आवास खाली कराने की कार्रवाई तेज कर दी है। निदेशालय के एक अधिकारी ने बताया कि बंगला खाली नहीं कर रहे लगभग 40 पूर्व सांसदों को आवास से पुलिस द्वारा बलपूर्वक बेदखल करने की कार्रवाई पूरी होने के बाद सांसदों के अतिथियों से आवास खाली कराने की प्रक्रिया को अंजाम दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि 45 अतिथियों की सूची निदेशालय की अर्द्धन्यायिक इकाई के पास भेज दी गई है। लोकसभा की आवास आबंटन समिति के अध्यक्ष सीआर पाटील ने बताया कि सिर्फ़ आठ सांसदों को आवास आबंटित होना शेष है। हालांकि कुछ सांसद ऐसे भी हैं जिन्हें बंगला आबंटन होने के बावजूद आवास ख़ाली नहीं होने के कारण आवास सुविधा नहीं मिल सकी है। उत्तर प्रदेश की लालगंज सीट से बसपा सांसद संगीता आजाद ने बताया कि उन्हें वेस्टर्न कोर्ट में अस्थायी इंतजाम के तहत रहना पड़ रहा है। सूत्रों के अनुसार विधि मंत्रालय द्वारा तैनात अर्द्धन्यायिक अधिकारी की अध्यक्षता वाली इस इकाई ने संबंधित सांसद और उसके अतिथि को नोटिस भेज कर सुनवाई के लिए तलब करना शुरु कर दिया है। इसके तहत भाजपा के राज्यसभा सदस्य रणविजय सिंह जूदेव के अतिथि के रूप में लंबे समय से साउथ एवेन्यू स्थित बंगले में रह रहे पूर्व सांसद कामेश्वर सिंह से पिछले सप्ताह बंगला खाली कराया गया। इस बीच निदेशालय ने तीन अन्य पूर्व सांसदों प्रियंका सिंह रावत, प्रसन्न कुमार पटसानी और पी श्रीनिवास रेड्डी के बंगले पुलिस की मदद से बलपूर्वक खाली कराने का आदेश जारी कर दिया है।

आशीर्वाद गांधीनगर में रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां हीराबेन से मिलने पहुंचे राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद।

कचरा उठाते समय प्रधानमंत्री मोदी के हाथ में था एक्यूप्रेशर रोलर

नई दिल्ली, 13 अक्तूबर (भाषा)।

मामल्लापुरम समुद्र तट पर प्लॉगिंग के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथ में नजर आई छड़ीनुमा चीज को लेकर लोगों की जिज्ञासा को खत्म करते हुए रविवार को उन्होंने बताया कि वह एक्यूप्रेशर रोलर था जिसका वह अक्सर इस्तेमाल करते हैं।

मोदी चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ दो दिवसीय अनौपचारिक शिखर वार्ता के लिए तटीय नगर में मौजूद थे। शनिवार को वार्ता के दूसरे दिन प्रधानमंत्री को उनकी सुबह की सैर के दौरान समुद्र तट से प्लास्टिक एवं अन्य तरह का कूड़ा बीनते देखा गया था। मोदी ने ट्वीट किया, शनिवार से आप में से कई लोग पूछ रहे हैं कि- मामल्लापुरम में समुद्र तट पर प्लॉगिंग के वक्त मेरे हाथ में क्या था। वह एक एक्यूप्रेशर रोलर था जिसका मैं अक्सर इस्तेमाल करता हूं। मुझे यह बहुत मददगार लगता है। उन्होंने उस एक्यूप्रेशर रोलर की तस्वीरें भी पोस्ट की जो वह समुद्र तट पर लिए खड़े थे। मोदी ने शनिवार को समुद्र तट पर प्लॉगिंग का अपना तीन मिनट का एक वीडियो जारी किया जिसमें वह कूड़ा उठाते और लोगों से सार्वजनिक स्थानों को साफ एवं स्वच्छ रखने की अपील कर रहे हैं।

'प्लॉगिंग' का मतलब जॉगिंग करते या दौड़ते वक्त प्लास्टिक की उपयोग की हुई बोतल जैसा कूड़ा-कचरा उठाना होता है।

पाक ने तौर तरीके नहीं बदला तो बिखर जाएगा : राजनाथ

चंडीगढ़, 13 अक्तूबर (भाषा)।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को यह कहते हुए को पाकिस्तान को आतंकवाद के खिलाफ सच्ची लड़ाई छेड़ने का आह्वान किया कि भारत उसकी मदद करने के लिए तैयार है लेकिन उसकी मंशा धोखा देने वाली है। उन्होंने उसे चेताया कि यदि उसने अपने तौर-तरीके नहीं बदले तो वह बिखर जाएगा।

हरियाणा में चुनावी रैलियों में भाजपा नेता ने यह कहते हुए पाकिस्तान को कश्मीर राग अलापना बंद करने का आह्वान किया कि दुनिया की कोई भी शक्ति कश्मीर को भारत से अलग नहीं कर सकती है।

सिंह ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान पर उसके इस बयान को लेकर प्रहार किया कि वह अंतरराष्ट्रीय मंचों पर कश्मीर मुद्दा उठाते रहेंगे। रक्षा मंत्री ने कहा, मैं पाकिस्तान के प्रधानमंत्री का भाषण सुन रहा था, उन्होंने कहा कि जबतक कश्मीर आजाद नहीं हो जाता, वह अंतरराष्ट्रीय मंचों पर कश्मीर मुद्दा उठाते रहेंगे। उन्होंने (इमरान खान के संदर्भ में) कहा, उसे भूल जाइए। कश्मीर के बारे में सोचिए भी नहीं। आपने कीमत चुकाई है। 1947 में आपने दो राष्ट्रों के सिद्धांत के चलते भारत को दो हिस्सों में बांटा..... 1971 में पाकिस्तान दो हिस्सों में बंट गया।

आह्वान किया आतंकवाद के खिलाफ सच्ची लड़ाई छेड़े पड़ोसी राष्ट्र

थाईलैंड में नौ अक्तूबर को कार हादसे में गई थी जान

बैंकॉक से स्वदेश लाया गया महिला सॉफ्टवेयर इंजीनियर का पार्थिव शरीर

छतरपुर (मध्य प्रदेश), 13 अक्तूबर (भाषा)।

थाईलैंड के फुकेत शहर में सड़क दुर्घटना में जान गंवाने वाली मध्य प्रदेश के छतरपुर शहर की रहने वाली सॉफ्टवेयर इंजीनियर प्रज्ञा पालीवाल (29) के पार्थिव शरीर को केंद्र सरकार एवं मध्य प्रदेश सरकार की मदद से रविवार को यहां लाया गया।

बंगलुरु की एक कंपनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर के तौर पर काम करने वाली प्रज्ञा अपनी कंपनी की बैंकॉक में होने वाली बैठक में शामिल होने के लिए आठ अक्तूबर को थाईलैंड पहुंचीं थीं। लेकिन, नौ अक्तूबर को कार हादसे में थाईलैंड के फुकेत शहर में उसकी मौत हो गई थी। छतरपुर के विधायक आलोक चतुर्वेदी ने बताया, प्रज्ञा के शव को भारत लाने में उसके परिवार के किसी भी सदस्य के पास पासपोर्ट न होने के कारण परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इसलिए उसके परिवार की गुहार पर मध्य प्रदेश सरकार ने उसके शव को लाने के लिए दो लाख दो हजार रुपए की व्यवस्था की और एक एजंसी से उसके पार्थिव शरीर को भारत मंगवाया गया। इसमें केंद्र सरकार ने भी सहयोग दिया। उन्होंने कहा कि शनिवार की मध्यरात्रि को इस एजंसी के जरिये उसका पार्थिव शरीर विमान से थाइलैंड से दिल्ली लाया गया जहां से उसे मध्य प्रदेश सरकार की एम्बुलेंस से आज छतरपुर लाया गया और अंतिम संस्कार किया गया।

केंद्र और मध्य प्रदेश सरकार ने की मदद

बंगलुरु की एक कंपनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर के तौर पर काम करने वाली प्रज्ञा अपनी कंपनी की बैंकॉक में होने वाली बैठक में शामिल होने के लिए आठ अक्तूबर को थाईलैंड पहुंचीं थीं।



महोत्सव बोधगया में रविवार को वियतनाम से आए बौद्ध श्रद्धालु चिवार महोत्सव में भाग लेते हुए।

यात्रा प्रतिबंध हटने के बाद कश्मीर जाने को उत्साहित बंगाल के लोग

कोलकाता, 13 अक्तूबर (भाषा)।

जम्मू-कश्मीर में यात्रा को लेकर प्रतिबंध के हटने से पश्चिम बंगाल से यहां बड़ी संख्या में पर्यटकों के पहुंचने की उम्मीद है, जो दुर्गा पूजा के दौरान यहां लगी पाबंदियों के चलते नहीं आ पाए थे।

जम्मू-कश्मीर पर्यटक कार्यालय के प्रभारी एहसान उल-हक ने यहां बताया कि गुजरात के बाद दूसरे नंबर पर सबसे अधिक पर्यटक पश्चिम बंगाल से ही जम्मू-कश्मीर आते हैं। हक ने कहा, 'पाबंदियों के दौरान भी यहां आने के लिए इच्छुक बंगाल के कई पर्यटक हमसे अनेक प्रश्न पूछ रहे थे।' उन्होंने बताया कि जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने सोमवार से पोस्टपेड मोबाइल फोन सेवाएं बहाल करने का निर्णय किया है, जिससे पर्यटकों को कश्मीर आने के लिए एक बार फिर आकर्षित किया जा सकता है। अधिकारी ने बताया कि मोबाइल सेवाएं निलंबित होने के कारण राज्य में पर्यटक उद्योग प्रभावित हो रहा था। अधिकारियों ने सोमवार दोपहर से राज्य में 40 लाख से अधिक पोस्टपेड मोबाइल फोन सेवाएं दोबारा बहाल करने की शनिवार को घोषणा की थी।

वहीं जम्मू-कश्मीर में 10 अक्तूबर से पर्यटकों के लिए पाबंदियां वापस ले ली गई हैं। राज्य प्रशासन ने घाटी में आतंकवादी हमले की आशंका का हवाला देते हुए दो अगस्त को एक सुरक्षा परामर्श जारी करते हुए पर्यटकों को कश्मीर से जल्द से जल्द वापस जाने को कहा था। 'ट्रैवल एजंट्स कंफेडरेशन ऑफ इंडिया' के अध्यक्ष (पूर्वी) अनिल पंजाबी ने बताया कि 2018 में पूर्वी राज्य से छह हजार से अधिक पर्यटक घाटी आए थे और इस आंकड़े के 2020 में तीन गुना बढ़ने की संभावना है।

निर्णय घाटी प्रशासन का आज से पोस्टपेड मोबाइल फोन सेवा बहाल करने का निर्णय

मंच पर परदे के पीछे छिप कर गाते थे | **32वीं पुण्यतिथि** | 1948 में पढ़ाई अधूरी छोड़ मुंबई चले गए

मंच पर गाने के नाम से ही किशोर कुमार की सूख जाती थी जान

इंदौर (मध्य प्रदेश), 13 अक्तूबर (भाषा)।

हिंदुस्तानी फिल्मों के हरफनमौला सितारे किशोर कुमार ने अपने करियर में हजारों गीत गाए और कई फिल्मों में अभिनय भी किया। उनकी गायकी के अनोखे अंदाज की लोग आज भी नकल की कोशिश करते हैं। विलक्षण प्रतिभा के धनी किशोर कुमार को लेकर कई किस्से मशहूर हैं। इनमें से एक यहां कॉलेज में उनकी पढ़ाई से जुड़ा है। कहा जाता है कि शुरू में मंच से इस कदर झिझकते थे कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों में परदे के पीछे छिपकर गीत गाना पसंद करते थे।

शहर के क्रिश्चियन कॉलेज में इतिहास पढ़ाने वाले स्वरूप बाजपेयी ने रविवार को बताया, 'इस महाविद्यालय में वर्ष 1946 से लेकर 1948 तक पढ़ाई के दौरान किशोर कुमार हॉस्टल के अपने कमरे से लेकर इस परिसर के इमली के पेड़ के नीचे अक्सर गाते-गुनगुनाते रहते थे। यहां तक कि वह कक्षाओं में भी अकसर गाना गाते थे। लेकिन तब पता नहीं क्यों, वह शुरूआत में मंच पर श्रोताओं का सामना करने से खूब झिझकते थे।'

उन्होंने बताया, 'कॉलेज के पूर्व छात्रों के मुताबिक वह सांस्कृतिक कार्यक्रमों के दौरान मंच के बजाय परदे के पीछे छिपकर गाना गाते थे। लेकिन वह तब भी कुछ यूं गाते थे कि समां बंध जाता था और उनकी प्रस्तुति के बाद देर तक तालियां बजती रहती थीं। हालांकि, बाद में उनकी झिझक मिटी और वह मंच पर शानदार गायन प्रस्तुति देने लगे।'

चार अगस्त, 1929 को मध्य प्रदेश (तब मध्य प्रांत) के खंडवा में पैदा हुए किशोर कुमार का वास्तविक नाम आभास कुमार गांगुली था। वह मैट्रिक पास करके इंटरमीडिएट में पहुंचे तो पिता कुंजीलाल गांगुली ने उनके भविष्य की फिक्र करते हुए उनका दाखिला इंदौर के क्रिश्चियन कॉलेज में करा दिया था।

बाजपेयी ने बताया कि चूंकि किशोर कुमार के बड़े भाई अशोक कुमार उस समय हिंदी फिल्मजगत में बतौर अभिनेता स्थापित हो चुके थे। इसलिए किशोर कुमार कॉलेज की छुट्टियों के दौरान मुंबई जाते रहते थे। पढ़ाई के दौरान ही किशोर कुमार ने मनोरंजनजगत में अपने करियर की शुरूआत वर्ष 1946 में परदे पर उतरी फिल्म 'शिकारी' से की थी। इस फिल्म में उनके बड़े भाई अशोक कुमार मुख्य भूमिका में थे। इसके बाद किशोर कुमार ने देव आनंद की प्रमुख भूमिका वाली फिल्म 'जिद्दी' (1948) के लिए 'मरने की दुआएं क्यों मांगूं...' गीत को स्वर दिया था। यह गाना किशोर कुमार के पार्श्व गायन करियर में रिकॉर्ड हुआ पहला एकल गीत माना जाता है।

बाजपेयी ने बताया, 'किशोर कुमार ने वर्ष 1948 में कॉलेज की पढ़ाई अधूरी छोड़ दी और फिल्म जगत में करियर बनाने के मकसद से हमेशा के लिये मुंबई चले गए।' बहरहाल, एक वक्त के बाद मायानगरी से उनका मोहभंग होने लगा था। वह जीवन के अंतिम पड़ाव को अपने जन्म स्थान में गुजारने की ख्वाहिश के साथ कहते थे दूध-जलेबी खायेंगे, खंडवा में बस जाएंगे।' किशोर कुमार का निधन 13 अक्टूबर 1987 को मुंबई में हुआ था। लेकिन जन्मस्थली से उनके ताउम्र दिली लगाव के कारण उनका अंतिम संस्कार खंडवा में ही किया गया था।

यादें 1946 से लेकर 1948 तक पढ़ाई के दौरान किशोर कुमार हॉस्टल के अपने कमरे से लेकर इस परिसर के इमली के पेड़ के नीचे अक्सर गाते-गुनगुनाते रहते थे। यहां तक कि वह कक्षाओं में भी अकसर गाना गाते थे। लेकिन तब पता नहीं क्यों, वह शुरूआत में मंच पर श्रोताओं का सामना करने से खूब झिझकते थे।

मोदी ने दिखाया जम्मू-कश्मीर को मुख्यधारा से जोड़ने का साहस : शाह

कोल्हापुर, 13 अक्तूबर (भाषा)।

अनुच्छेद 370 के ज्यादातर प्रावधानों को हटाए जाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि पिछली सरकारों ने जम्मू-कश्मीर को भारत की मुख्यधारा से जोड़ने में '56 इंच के सीने वाले व्यक्ति' जैसा साहस कभी नहीं दिखाया।

महाराष्ट्र में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले कोल्हापुर जिले में एक रैली को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि लोगों को कांग्रेस और राकांपा के नेताओं से यह पूछना चाहिए कि क्या वे जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 के ज्यादातर प्रावधानों को हटाए जाने संबंधी राजग सरकार के निर्णय का समर्थन करते हैं। शाह ने कहा, 'कई सरकारें आईं और गईं, कई प्रधानमंत्री आए और गए। किसी ने अनुच्छेद 370 को हटाए जाने का साहस नहीं दिखाया था। लेकिन, 56 इंच के सीने वाले व्यक्ति ने इसे एक बार में ही खत्म कर दिया।'

उन्होंने जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 लागू किए जाने के लिए विपक्षी पार्टी कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया। शाह ने कहा, '(लेकिन) सत्ता में आने के बाद (इस वर्ष दूसरे कार्यकाल के लिए) मोदी जी ने कुछ ऐसा किया जिसका देश 70 सालों से इंतजार कर रहा था। उन्होंने पांच अगस्त को अनुच्छेद 370 को निरस्त कर दिया और जम्मू-कश्मीर देश की मुख्यधारा में शामिल हो गया।' शाह ने मोदी के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा लिए गए कई अन्य साहसिक निर्णयों को भी गिनाया। उन्होंने कहा कि इन निर्णयों में तीन तलाक की प्रथा पर प्रतिबंध और उरी तथा पुलवामा आतंकवादी हमलों के बाद क्रमशः 'सर्जिकल स्ट्राइक' और 'एअर स्ट्राइक' शामिल हैं। कोल्हापुर और सांगली में अगस्त में आई बाढ़ को लेकर उन्होंने लोगों को आश्वासन दिया कि केंद्र तथा राज्य सरकार दोनों जिलों को बदल देगी और उन्हें और बेहतर तथा सुंदर बनाएगी।

शाह ने भाजपा के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र सरकार के जल संरक्षण कार्यक्रम 'जलयुक्त शिविर' की सराहना की।

मोदी की तेल व गैस कंपनियों के सीईओ के साथ बैठक रद्द होने के आसार

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 13 अक्तूबर।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तेल एवं गैस क्षेत्र के वैश्विक विशेषज्ञों व कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों (सीईओ) के साथ 14 अक्तूबर को होने वाली प्रस्तावित बैठक को रद्द किए जाने के आसार हैं। भरोसेमंद सूत्रों ने यह जानकारी दी है। इस तरह की यह चौथी सालाना बैठक सोमवार को दोपहर में होने वाली थी लेकिन प्रधानमंत्री के व्यस्त कार्यक्रमों के चलते इसे रद्द कर दिए जाने के संकेत मिले हैं।

नीति आयोग के तत्वावधान में होने वाली ये बैठकें तेल एवं गैस के नए भंडार खोजने व उनसे उत्पादन शुरू करने के लिए निवेश आकर्षित करने को लेकर नीतियां तैयार करने में सरकार के लिए मददगार रही हैं। इस बैठक में फ्रांस की कंपनी टोटल एसए के चेयरमैन एवं सीईओ पैट्रिक पोउयाने और ब्रिटेन की कंपनी बीपी पीएलसी के समूह मुख्य कार्यकारी बॉब डूडली भी शामिल होने वाले थे।

इस तरह की पहली बैठक पांच जनवरी 2016 को हुई थी। इस बैठक के बाद गहरे समुद्र जैसे मुश्किल इलाकों से उत्पादित होने वाली प्राकृतिक गैस के लिए अधिक मूल्य की मंजूरी दी गई थी। दूसरी बैठक अक्तूबर 2017 में हुई थी जिसमें ओएनजीसी और आयल इंडिया जैसी सरकारी कंपनियों के उत्पादन कर रहे तेल एवं गैस क्षेत्रों में विदेशी कंपनियों को हिस्सेदारी देने संबंधी सुझाव दिए गए थे। तीसरी एवं आखिरी बैठक 15 अक्तूबर 2018 को हुई थी। इसमें देश में तेल एवं गैस की बुनियादी संरचना में विस्तार, खोज एवं उत्पादन में विस्तार, सौर ऊर्जा एवं जैविक ईंधनों की संभावनाएं आदि पर विचार किया गया था।

कश्मीर मुद्दा उठाने पर थरूर ने की पाक की निंदा

नई दिल्ली, 13 अक्तूबर (भाषा)।

वरिष्ठ कांग्रेसी नेता शशि थरूर ने रविवार को ब्रेल्ग्रेड में एशियाई संसदीय सभा की बैठक में पाकिस्तान द्वारा जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठाने पर उसकी आलोचना की और कहा कि वह भारत के आंतरिक मामले का संदर्भ देकर मंच के राजनीतिकरण का प्रयास कर रहा है।

सूत्रों ने कहा कि अंतर संसदीय संघ की वार्षिक बैठक से इतर एशियाई संसदीय सभा में थरूर ने पाकिस्तानी सीनेट के अध्यक्ष के एक पत्र की निंदा की जिसमें उन्होंने पाकिस्तान द्वारा दिसंबर 2019 में तय एपीए पूर्ण सत्र की मेजबानी करने में नाकामी के लिए जम्मू-कश्मीर की गतिविधियों को जिम्मेदार बताया।

थरूर ने पाकिस्तान की सीनेट के अध्यक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्होंने भारत के आंतरिक मामले का संदर्भ अनावश्यक रूप से सभा के राजनीतिकरण के लिए किया।

370 की बहाली का एलान करके दिखाएं विपक्षी दल

पेज 1 का बाकी

लेते हुए कहा कि थके हुए सहयोगी एक-दूसरे को समर्थन दे सकते हैं लेकिन महाराष्ट्र और उसके युवाओं की आकांक्षाओं को पूरा नहीं कर सकते। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुशील कुमार शिंदे ने हाल में कहा था कि उनकी पार्टी और राकांपा दोनों थक गए हैं। शरद पवार का नाम लिए बिना मोदी ने एक वीडियो क्लिप का संदर्भ भी दिया जिसमें पवार नजर आ रहे हैं और आरोप लगाया कि उन्होंने अकोला में चुनावी रैली में माला पहनाए जाने के दौरान पार्टी के एक कार्यकर्ता को धक्का दे दिया था।

मोदी ने कहा, प्रचंड जनादेश के कारण भारत की आवाज दुनिया की प्रत्येक शक्ति सुन रही है। दुनिया नए भारत को देख रही है। यह मोदी के कारण नहीं, आपके एक वोट के कारण है। मेरे देश के 130 करोड़ देशवासी इसके पीछे हैं। मोदी ने कहा, फडणवीस को दूसरी बार मुख्यमंत्री बनाने के लिए लोगों का समर्थन मांगने महाराष्ट्र आया हूं।

प्रसाद ने फिल्मों की कमाई से जोड़ने वाला बयान वापस लिया

पेज 1 का बाकी

ने शनिवार को तीन फिल्मों की बॉक्स आफिस पर एक दिन में हुई 120 करोड़ रुपए की कमाई का उदाहरण देते हुए अर्थव्यवस्था की सेहत अच्छी बताई थी।

उन्होंने बेरोजगारी को लेकर एनएसएसओ रिपोर्ट की भी आलोचना की और उसे आधा-अधूरा बताया। उनके इस बयान की विपक्षी दलों समेत सोशल मीडिया पर जमकर आलोचना हुई। प्रसाद ने रविवार को कहा कि उनके बयान के एक हिस्से को संदर्भ से हटकर तोड़-मरोड़कर पेश किया गया। उन्होंने कहा- एक संवेदनशील इंसान होने के नाते मैं अपनी इस टिप्पणी को वापस लेता हूं। प्रसाद ने कहा कि मैंने शनिवार को मुंबई में तीन फिल्मों के एक दिन में 120 करोड़ रुपए की कमाई करने की बात कही थी। यह तथ्यात्मक रूप से सही है। हमें अपने फिल्म उद्योग पर गर्व है जो लाखों लोगों को रोजगार देता है और कर भुगतान कर देश की अर्थव्यवस्था में अहम योगदान करता है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मीडिया से बातचीत का पूरा वीडियो मेरे सोशल मीडिया पर उपलब्ध है। मुझे खेद है कि मेरे बयान के एक हिस्से को संदर्भ से हटकर तोड़-मरोड़कर पेश किया गया। उन्होंने कहा- मुझे बताया गया कि दो अक्तूबर को तीन हिंदी फिल्मों ने 120 करोड़ रुपए का कारोबार किया। यदि देश की अर्थव्यवस्था मजबूत नहीं है तो केवल तीन फिल्में कैसे एक दिन में इतना कारोबार कर सकती हैं? उन्होंने एनएसएसओ की बेरोजगारी की स्थिति बताने वाली रिपोर्ट को भी गलत बताया। इस रिपोर्ट में कहा गया था कि बेरोजगारी दर 2017 में पिछले 45 साल में सबसे ऊंची रही है। उन्होंने यह भी कहा कि कुछ लोग बेरोजगारी की स्थिति को लेकर जनता में भ्रम फैला रहे हैं।

आज से फिर होगी सुनवाई

पेज 1 का बाकी

नाकाम होने के बाद मामले में छह अगस्त से प्रतिदिन की कार्यवाही शुरू की थी।

इलाहाबाद हाई कोर्ट के 2010 के फैसले के खिलाफ शीर्ष अदालत 14 अपीलों पर सुनवाई कर रही है। पीठ ने इस मामले में अदालत की कार्यवाही पूरी करने की समय सीमा की समीक्षा की थी और इसके लिए 17 अक्तूबर की सीमा तय की है। पीठ के सदस्यों में न्यायमूर्ति एसए बोबडे, न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति अशोक भूषण और न्यायमूर्ति एसए नजीर भी शामिल हैं। अदालत ने अंतिम चरण की दलीलों के लिए कार्यक्रम निर्धारित करते हुए कहा था कि मुसलिम पक्ष 14 अक्तूबर तक अपनी दलीलें पूरी करेंगे और इसके बाद हिंदू पक्षकारों को अपना प्रत्युत्तर पूरा करने के लिए 16 अक्तूबर तक दो दिन का समय दिया जाएगा। इस मामले में 15 नवंबर तक फैसला सुनाए जाने की उम्मीद है। दरअसल 17 नवंबर को प्रधान न्यायाधीश गोगोई सेवानिवृत्त हो रहे हैं। लेकिन उनका अंतिम कार्य दिवस 15 नवंबर शुक्रवार ही होगा।

परीक्षा में पूछा सवाल, गांधीजी ने आत्महत्या कैसे की?

अमदाबाद, 13 अक्तूबर (भाषा)।

गुजरात में नौंवीं कक्षा की आंतरिक परीक्षा में यह चौंकाने वाला प्रश्न पूछा गया है कि 'गांधीजी ने आत्महत्या कैसे की?' परीक्षा में यह अटपटा प्रश्न पूछे जाने का मामला सामने आने के बाद अधिकारियों ने इसकी जांच शुरू कर दी है।

साथ ही, इसके अलावा 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों से पूछे गए एक और प्रश्न ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को हैरान कर दिया है। इस प्रश्न में कहा गया है, 'अपने इलाके में शराब की बिक्री बढ़ने व शराब तस्करों द्वारा पैदा की जाने वाली परेशानियों के बारे में शिकायत करते हुए जिला पुलिस प्रमुख को एक पत्र लिखें।' उल्लेखनीय है कि गुजरात में शराब पर पूरी तरह से पाबंदी है। एक अधिकारी ने बताया कि 'सुफलाम शाला विकास संकुल' के बैनर तले चलने वाले विद्यालयों में नौवीं कक्षा की आंतरिक परीक्षा में पूछा गया, 'गांधीजी ने आत्महत्या कैसे की?'

सुफलाम शाला विकास संकुल कुछ स्व वित्तपोषित विद्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों का संगठन है, जिन्हें गांधीनगर में सरकारी अनुदान मिलता है। गांधीनगर के जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) ने बताया, 'स्व वित्तपोषित स्कूलों के एक समूह ने और अनुदान प्राप्त करने वाले स्कूलों ने ये दोनों प्रश्न शनिवार को हुई अपनी आंतरिक परीक्षाओं में शामिल किए थे। ये प्रश्न बहुत आपत्तिजनक हैं और हमने जांच शुरू कर दी है। रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।' उन्होंने बताया कि सुफलाम शाला विकास संकुल के बैनर तले संचालित होने वाले इन स्कूलों के प्रबंधन ने ये प्रश्नपत्र तैयार किए थे और इनका राज्य शिक्षा विभाग से कोई लेना-देना नहीं है।

विश्व बैंक ने भारत की आर्थिक वृद्धि का अनुमान घटाया

पेज 1 का बाकी

ने कहा कि हालिया सुस्ती के बावजूद भारत तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बनी हुई है। उसके आर्थिक वृद्धि के आंकड़े दुनिया के अधिकांश देशों से अधिक हैं। भारत अभी भी व्यापक क्षमता वाली तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। दक्षिण एशिया आर्थिक फोकस के ताजा संस्करण में विश्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष में भारत की आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान घटाकर छह फीसद कर दिया। साथ ही कहा कि वृद्धि दर धीरे-धीरे सुधर कर 2021 में 6.9 फीसद और 2022 में 7.2 फीसद पर पहुंच जाने का अनुमान है।

टिम्मर ने कहा कि हालिया वैश्विक नरमी से भारत में निवेश और खपत प्रभावित हुए हैं। इस वजह से उसे कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। भारत की वृद्धि दर 2016 में 8.2 फीसद थी। अगले दो साल में यह 2.2 फीसद गिर गई। उन्होंने कहा- यह बड़ी गिरावट नहीं है लेकिन यह 2012 से तुलना करने योग्य है, जहां नरमी का असर था। हालांकि 2009 में हमने जो गिरावट देखी, यह उससे कुछ कम है। लेकिन यह गंभीर सुस्ती है। अगर आप घरेलू मांग की वृद्धि को देखते हैं तो यह जीडीपी के मुकाबले अधिक तेजी से नीचे आ रही है क्योंकि इसमें आयात भी तेजी से सुस्त पड़ रहा है।

उन्होंने कहा कि भारत की 80 फीसद आर्थिक नरमी का कारण अंतरराष्ट्रीय कारक हो सकते हैं। हमारे विचार में यह काफी कुछ उसी के अनुरूप है जोकि दुनिया में हो रहा है। इस समय दुनिया में सब जगह निवेश की रफ्तार काफी तेजी से धीमी पड़ रही है। जहां तक ऋण की बात है तो यह एक धारणा से चल रहा है जो पूरी दुनिया में फैली हुई बाजारों में अनिश्चितता की है।

बैंक ने अपनी हालिया रिपोर्ट में चालू वित्त वर्ष में दक्षिण एशिया की आर्थिक वृद्धि का अनुमान घटाकर 5.9 फीसद कर दिया है। यह अप्रैल 2019 के पूर्वानुमान से 1.1 फीसद कम है। रिपोर्ट के मुताबिक 2019 में भारत के मुकाबले बांग्लादेश और नेपाल की अर्थव्यवस्था के अधिक तेजी से बढ़ने की उम्मीद है जबकि पाकिस्तान की वृद्धि दर और गिरकर महज 2.4 फीसद रह सकती है। बांग्लादेश की वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर 2019 में 8.1 फीसद रहने का अनुमान है। यह 2018 में 7.9 फीसद की दर से अधिक है। नेपाल के मामले में जीडीपी की वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष और अगले वित्त वर्ष में औसतन 6.5 फीसद रहने का अनुमान है।

तेल कंपनियों के साथ ईंधन भुगतान मुद्दा जल्द सुलझाया जाएगा : एअर इंडिया

मुंबई, 13 अक्तूबर (भाषा)।

सरकारी विमानन कंपनी एअर इंडिया ने रविवार को कहा कि तेल कंपनियों के साथ भुगतान के मुद्दे को जल्द सुलझा लिया जाएगा।

गुरुवार को तीन सरकारी तेल कंपनियों इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम ने एअर इंडिया को पत्र लिखकर चेतावनी दी थी कि वह हर महीने एकमुश्त भुगतान देना शुरू करे वरना 18 अक्तूबर से छह प्रमुख हवाई अड्डों पर उसकी ईंधन आपूर्ति रोक दी जाएगी।

विमानन कंपनी ने अपने ग्राहकों को परिचालन सुचारु रहने का भरोसा दिया है। कंपनी ने कहा है कि मुद्दे को सुलझाने के लिए वह हरसंभव कदम उठा रही है। एअर इंडिया के प्रवक्ता धनंजय कुमार ने एक बयान में कहा कि तेल कंपनियों के साथ मुद्दे को सुलझाने के लिए बातचीत चल रही है। जल्द ही इसका समाधान हो जाएगा।

तेल कंपनियों का दावा है कि एअर इंडिया पर ईंधन का 5,000 करोड़ रुपए का बकाया है।

तेल कंपनियों ने इससे पहले पांच अक्तूबर को एअर इंडिया को कहा था कि यदि उसने हर महीने एकमुश्त रकम का भुगतान नहीं किया था तो 11 अक्तूबर से देश के छह प्रमुख हवाई अड्डों पर उसके विमानों को ईंधन आपूर्ति रोक दी जाएगी।

आइआरसीटीसी शेयर बाजार में आज से करेगी कारोबार की शुरुआत

नई दिल्ली, 13 अक्तूबर (भाषा)।

इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन (आइआरसीटीसी) सोमवार से शेयर बाजार में कारोबार की शुरुआत करेगी। कंपनी ने हाल में अपना आइपीओ पेश किया था। कंपनी का शेयर बंबई शेयर बाजार (बीएसई) और नेशनल स्टाक एक्सचेंज (एनएसई) में सूचीबद्ध किया जाएगा।

बीएसई ने एक परिपत्र में कहा कि आइआरसीटीसी लिमिटेड का इक्विटी शेयर सोमवार यानी 14 अक्तूबर से सूचीबद्ध होगा और प्रतिभूतियों के बी समूह में खरीद-बिक्री के लिए उपलब्ध होगा।

भारतीय नन मरियम थ्रेसिया को संत का दर्जा

पेज 1 का बाकी

में लाखों लोग शामिल हुए। विदेश राज्य मंत्री वी मुरलीधरन ने समारोह में भारतीय शिष्टमंडल की अगुवाई की। समारोह में प्रिंस चार्ल्स ने भी शिरकत की। रविवार के कार्यक्रम के साथ ही केरल के साइरो-मालाबार चर्च के संतों की संख्या अब चार हो गई। सबसे पहले 2008 में सिस्टर अल्फोंसा को संत घोषित किया गया था। इसके बाद फादर कुरियाकोस एलियास चावरा और सिस्टर यूफारसिया को 2014 में संत घोषित किया गया। मरियम थ्रेसिया को उनके जीवन के आधे समय तक केवल थ्रेसिया नाम से जाना जाता था। यह नाम उन्हें तीन मई, 1876 को नामकरण संस्कार के दौरान दिया गया।

इसके बाद, वर्ष 1904 उन्होंने इच्छा जताई कि उन्हें मरियम थ्रेसिया पुकारा जाए क्योंकि उनका मानना था कि एक सपने में ब्लेस्ड विर्जिन मेरी ने उन्हें उनके नाम में 'मरियम' जोड़ने को कहा था। उन्हें 1914 में यह नाम दिया गया। चर्च ने उन्हें एक असाधारण पवित्र व्यक्ति घोषित किया। वेटिकन न्यूज ने कहा, 'ईसा मसीह का अनुसरण करते हुए उन्होंने गरीबों की मदद की, बीमारों की सेवा की और अकेले पड़े लोगों का दर्द दूर किया। उन्होंने दुनिया के पाप मिटाने के लिए खुद दुख झेला। सिस्टर थ्रेसिया का आठ जून, 1926 को 50 वर्ष की आयु में निधन हो गया था। पोप जॉन पॉल द्वितीय ने नौ अप्रैल, 2000 को उन्हें 'धन्य' घोषित किया था।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 29 सितंबर को अपने 'मन की बात' कार्यक्रम में सिस्टर मरियम थ्रेसिया का जिक्र किया था और कहा था कि 13 अक्तूबर को पोप फ्रांसिस उन्हें संत घोषित करेंगे जो हर भारतीय के लिए गर्व की बात है। प्रधानमंत्री ने कहा था- सिस्टर थ्रेसिया ने 50 साल के अपने छोटे से जीवनकाल में ही मानवता की भलाई के लिए जो कार्य किए, वो पूरी दुनिया के लिए एक मिसाल है। सिस्टर थ्रेसिया ने जो भी कार्य किया, उसे निष्ठा और लगन के साथ पूरे समर्पण भाव से पूरा किया। समाज सेवा और शिक्षा के क्षेत्र से उनका अद्भुत लगाव था। उन्होंने कई स्कूल, छात्रावास और अनाथालय बनवाए।

बेटियों की मुफ्त शिक्षा व फसली कर्ज पर ब्याज माफी का वादा

पेज 1 का बाकी

नरेंद्र सिंह तोमर, पार्टी के हरियाणा मामलों के प्रभारी डॉ. अनिल जैन, केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह व रतनलाल कटारिया, प्रदेशाध्यक्ष सुभाष बराला व कैबिनेट मंत्री अनिल विज मौजूद थे। संकल्प पत्र कमेटी के चेयरमैन व कृषि मंत्री ओपी धनखड़ ने बताया कि करीब पौने दो लाख लोगों के सुझावों के आधार पर यह संकल्प पत्र तैयार किया गया।

म्हारे सपनों का हरियाणा को आधार बनाकर जारी किए गए 32 पन्नों के संकल्प पत्र के माध्यम से 32 हजार करोड़ की योजनाओं का उल्लेख किया गया है। संकल्प पत्र में 2014 के चुनावी घोषणापत्र में अधूरे रह गए वादों को भी शामिल किया है। भाजपा ने पिछले चुनाव में हर गांव में व्यायामशाला स्थापित करने का एलान किया था जिसमें संशोधन करते हुए अब वादा किया है कि भाजपा की सरकार बनने के बाद हर गांव में स्टेडियम कम व्यायामशाला का निर्माण होगा। किसानों को रिझाने की कोशिश करते हुए भाजपा ने एलान किया है कि सरकार बनने के बाद ऋण की कीमत से सवा गुणा से अधिक भूमि गिरवी नहीं रखने के कानूनी प्रावधान होंगे। सहकारी बैंकों के डिफाल्टर किसानों को राहत दी जाएगी। उनके कर्जों पर लगभग पांच हजार करोड़ रुपए की जुर्माना और ब्याज राशि को माफ किया जाएगा। केंद्र सरकार की ओर से शुरू की गई प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) के तौर पर राज्य के 19 लाख किसानों को सालाना छह हजार रुपए आर्थिक मदद मिलेगी। यही नहीं, पांच एकड़ से कम भूमि वाले राज्य के पांच लाख किसानों को किसान मानधन योजना के तहत तीन हजार रुपए मासिक पेंशन दी जाएगी। भाजपा ने वादा किया है कि तीन लाख रुपए तक के सभी फसली ऋण ब्याजमुक्त होंगे।

हर फसल की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य पर सुनिश्चित की जाएगी। हर मंडी और चीनी मिल में अपने फसल उत्पाद लेकर आने वाले किसानों को 10 रुपए में भरपेट भोजन मुहैया कराया जाएगा। इसके लिए 'किसान थाली' योजना शुरू होगी। मंडी में आई फसल के सामूहिक बीमे होंगे ताकि नुकसान होने की स्थिति में इसकी भरपाई हो सके। सभी कार्यशील दुधारु पशुओं को बीमा के दायरे में शामिल किया जाएगा। पशुओं की नियमित स्वास्थ्य जांच का प्रबंध होगा।

भाजपा के संकल्प पत्र के अहम बिंदु

-एक लाख 80 हजार सालाना आय वाले परिवारों में बेटियों को केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा, महिलाओं कॉलेजों एवं लड़कियों के स्कूलों में संवेदनशील स्थानों पर लगेंगे सीसीटीवी कैमरे, सभी जिला मुख्यालयों पर होंगे शहीद स्मारक। पूर्व सैनिकों को मिलेंगे पुनः रोजगार के अवसर

-प्रदेश के सभी विभागों के कर्मचारियों की वेतन विसंगतियों को किया जाएगा दूर

-महिला कर्मचारियों के कार्यालयों में प्रशिक्षित केयर टेकर के साथ बनेंगे क्रेच सेंटर

-पुलिस बल में बढ़ोतरी होगी। महिला पुलिस कांस्टेबल के लिए होगी विशेष भर्ती

-पंचकूला की तर्ज पर सभी जिला अस्पताल होंगे मल्टी स्पेशलिटी के तौर पर अपग्रेड

-स्कूलों में कक्षा 10 तक जीरो ड्रॉप-आउट रेट होने के लिए कदम उठाएंगे

-डिजिटल साक्षरता प्रमाण-पत्र वाले नागरिकों को सरकार निशुल्क देगी स्मार्ट फोन

-एमएसएमई पोर्टल को 60 मिनट में 10 लाख तक की तत्काल नकद ऋण सुविधा

-2022 तक सभी को पक्का आवास प्रदान करने के लिए पीएम आवास योजना

-गांवों में 24 घंटे बिजली आपूर्ति को म्हारा गांव-जगमग गांव योजना का होगा विस्तार

-हर कस्बे को स्मार्ट सिटी की तर्ज पर स्मार्ट कस्बे के रूप में किया जाएगा विकसित

-प्रदेशभर में सार्वजनिक स्थलों और पार्कों में होगी फ्री वाई-फाई की सुविधा

-बीपीएल परिवारों को मिले 100-100 गज के प्लाटधारकों को मिलेंगी मूलभूत सुविधाएं

-भ्रष्टाचार रोकने के लिए कॉल सेंटर।

निशानेबाज की करंट से मौत

पेज 1 का बाकी

रही नार्थ जोन चैंपियनशिप में हिस्सा लेने के लिए बीती नौ अक्तूबर को दिल्ली आए थे। दक्षिण पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त चिन्मय बिस्वाल ने बताया कि घटना की जानकारी परिजनों को दे दी गई है। उनके आने के बाद सोमवार को शव का पोस्टमार्टम करवाया जाएगा। शुरुआती छानबीन के आधार पर माना जा रहा है कि करंट लगने से निशानेबाज की मौत हुई है, पर पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।

मिली जानकारी के मुताबिक प्रियांशु के पिता एक निजी कंपनी में काम करते हैं। प्रियांशु 11वीं कक्षा के छात्र थे और साथ में निशानेबाजी का अभ्यास स्कूल में ही किया करते थे। उसी स्कूल में अमर सिंह कोच हैं। अमर सिंह ने बताया कि बीती नौ अक्तूबर को वह देहरादून से दिल्ली पहुंचे थे, जिसके बाद से पुल प्रहलादपुर स्थित होटल में रह रहे थे। बताया जा रहा है कि रविवार को प्रियांशु होटल के कमरे में बाथरूम में नहाने के लिए गए थे, तभी उन्हें करंट लग गया। आनन-फानन में इसकी जानकारी होटल प्रबंधक को दी गई, जिसके बाद पुलिस को सूचित किया गया। मौके पर पहुंची पुलिस उन्हें एम्स ट्रामा सेंटर लेकर पहुंची, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। फिलहाल उनके साथ रहने वाले रूममेट और अन्य निशानेबाजों का बयान ले लिया गया है।

दरअसल

प्रधानमंत्री की भतीजी का बैग झपटने वाले गिरफ्तार

पेज 1 का बाकी

के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया था, जिसके बाद जिला पुलिस के अलावा स्पेशल सेल, अपराध शाखा और जिला पुलिस का स्पेशल स्टॉफ बदमाशों की तलाश में जुट गया था। कई टीमों ने आसपास के उन सभी संभावित ठिकानों पर छापामारी की, जहां पर बदमाशों के छिपे होने की संभावना थी।

इसी बीच पुलिस को पता चला कि बदमाश गौरव उर्फ नोनू और बादल वारदात को अंजाम देने के बाद सुल्तानपुरी की ओर फरार हुए हैं। सूचना के आधार पर पुलिस की एक टीम ने गौरव को सोनीपत से गिरफ्तार किया। गौरव ने बताया कि उसने सुल्तानपुरी के बादल के साथ वारदात को अंजाम दिया था और स्कूटी अपने मौसी के घर में खड़ी की है। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर स्कूटी भी जब्त कर ली। बताया जा रहा है कि पुलिस ने करीब 56 हजार रुपए नकदी भी बरामद कर लिए। साथ ही दोनों मोबाइल फोन, कुछ दस्तावेज और अन्य सामान जब्त कर लिए हैं।

उपायुक्त ने पूछताछ में बताया कि गौरव ने पूछताछ में बताया कि उन्होंने करीब एक किमी पहले से ही पीड़िता का पीछा करना शुरू कर दिया था। वे रास्ते में सफल नहीं हो सके पर महिला के ऑटो से उतरते समय वे बैग झपटने में सफल हो गए। वारदात को जिस स्थान पर अंजाम दिया गया, वहां से चंद कदमों की दूरी पर उपराज्यपाल का आवास है। साथ ही यह पूरा इलाका वीवीआइपी क्षेत्र माना जाता है।

फिर बिगड़ी दिल्ली की आबोहवा

पेज 1 का बाकी

तुलना में इस साल दिल्ली के तीनों पड़ोसी राज्यों में पराली जलाने की घटनाओं में 58 फीसद गिरावट दर्ज की गई है।

पर्यावरण मंत्रालय के सूत्रों ने बताया कि नौ अक्तूबर के बाद पंजाब में पराली जलाने की घटनाओं में तेजी से हुए इजाफे के कारण रविवार को दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक 245 पर पहुंच गया। बताते चलें कि शून्य से 50 अंक के बीच सूचकांक को 'अच्छा', 51 और 100 के बीच 'संतोषजनक', 101 और 200 के बीच 'मध्यम', 201 से 300 के बीच 'खराब', 301 से 400 के बीच 'बहुत खराब' और 401 से 500 के बीच 'गंभीर' श्रेणी का माना जाता है।

इस बीच, 10 अक्तूबर को नासा की उपग्रह आधारित तस्वीरों के आधार पर पंजाब में आग लगाए जाने वाले 23 स्थानों को चिह्नित किया गया था। पंजाब के कृषि सचिव एसके पन्नू ने स्पष्ट किया कि उपग्रह की तस्वीरों के आधार पर चिह्नित किए गए आग वाले स्थानों में पराली के अलावा श्मशान घाटों और कचरा घरों सहित अन्य सभी प्रकार की आग की घटनाएं शामिल होती है। इसलिए उपग्रह तस्वीर में दर्शाई गई आग वाले सभी स्थानों को पराली जलाने की घटनाओं से नहीं जोड़ा जा सकता है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भी पिछले चार दिन में दिल्ली की हवा की गुणवत्ता में तेजी से हुई गिरावट पर दुख व्यक्त करते हुए रविवार को कहा- प्रदूषण के मोर्चे पर अब तक की मेहनत से जो कुछ हासिल किया था, वह सब शून्य साबित हो जाएगा। पंजाब में पराली जलाने की घटनाओं में बढ़ोतरी पर केजरीवाल ने कहा- अब दिल्ली के लिए हमें बहुत कुछ करने की जरूरत है और हम इसके लिए भरपूर कोशिश भी कर रहे हैं। लेकिन पराली जलाने से रोकने के लिए अन्य एजंसियों को भी एकजुट होकर काम करने की जरूरत है। पंजाब के कृषि सचिव पन्नू ने 15 अक्तूबर से 15 नवंबर तक की अवधि को बेहद संवेदनशील बताते हुए आने वाले दिनों में स्थिति को नियंत्रित करने का भरोसा दिलाया है। उन्होंने कहा कि पंजाब में अक्तूबर के पहले हफ्ते तक फसल अपशिष्ट जलाने की घटनाएं लगभग नगण्य रहीं। उन्होंने बेहतर निगरानी तंत्र के हवाले से दावा किया कि इस साल पराली जलाने की घटनाओं का समग्र आंकड़ा कम रहेगा। गत शुक्रवार को कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने भी दिल्ली एनसीआर के सभी राज्यों में किसानों को पराली जलाने के विकल्प मुहैया कराए जाने और निगरानी तंत्र मजबूत बनाने का हवाला देते हुए आने वाले दिनों में पराली जलाने की घटनाओं में गिरावट आने का दावा किया था।

epaper.jansatta.com

खबर कोना

सीरिया की तरफ से दागे गए मोर्टार से रविवार को तुर्की के दक्षिणपूर्व राज्य में क्षतिग्रस्त दीवार का निरीक्षम करता एक फॉरेंसिक अधिकारी।

मिस्र में परिवार के नौ सदस्यों की मौत

एल अरिश, 13 अक्तूबर (एपी)।

मिस्र के अशांत उत्तरी सिनाई प्रायद्वीप में शनिवार को आम नागरिकों को ले जा रहे ट्रक पर गोला गिरने से एक ही परिवार के कम से कम नौ व्यक्तियों की मौत हो गई। सुरक्षा अधिकारियों और चिकित्सकों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि बीर अल-अब्द में गोला फटा। इसमें कम से कम अन्य छह लोग घायल हो गए। उनको अस्पताल ले जाया गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार अभी यह पता नहीं चल पाया है कि गोलाबारी के पीछे किसका हाथ था। हमले के समय परिवार अपने घर लौट रहा था। सुरक्षा का हवाला देते हुए नाम उजागर न करने की शर्त पर स्थानीय लोगों ने यह जानकारी दी। इस बीच अधिकारियों ने बताया कि बीर अल-अब्द और रफाह में वाहनों के विस्फोटक की चपेट में आने से सात सुरक्षाकर्मी घायल हो गए। तत्काल किसी समूह ने हमलों की जिम्मेदारी नहीं ली है।

प्रिंस विलियम का आज से पाक दौरा

लंदन, 13 अक्तूबर (भाषा)।

ब्रिटेन के प्रिंस विलियम के पाकिस्तान की अपनी पांच दिवसीय यात्रा के दौरान देश में अपनी मां प्रिंसेस डायना द्वारा किए गए धर्मार्थ कार्यों के प्रति सम्मान व्यक्त करने की संभावना है। उनकी यह यात्रा सोमवार से शुरू हो रही है। प्रिंसेस ऑफ वेल्स डायना पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान की पूर्व पत्नी जेमिमा गोल्डस्मिथ के जरिए उनकी करीबी दोस्त थीं और वह कई बार पाकिस्तान आई थीं। पाकिस्तान की उनकी आखिरी यात्रा पेरिस में उनकी मौत से कुछ वक्त पहले 1997 में हुई थी जब वह लाहौर में खान द्वारा बनाए कैंसर केंद्र के लिए फंड जुटाने में मदद करने के लिए आई थीं। द संडे टाइम्स ने खबर में कहा, 'सुरक्षा के लिहाज से यात्रा की जानकारियां गुप्त रखी गई हैं लेकिन दंपति पाकिस्तान के राष्ट्रपति आरिफ अल्वी और प्रधानमंत्री इमरान खान से मुलाकात करेंगे जिन्हें ड्यूक बचपन से जानते हैं।' शाही दंपति अपने तीन बच्चों के बिना पाकिस्तान की यात्रा करेगा। खबर में शाही परिवार के सूत्रों के हवाले से कहा गया है, 'ऐसा माना जा रहा है कि विलियम यात्रा के दौरान अपनी मां के मानवता कार्य के प्रति सम्मान प्रकट कर सकते हैं।'

चीन को विभाजित करने की कोशिश कुचल देंगे : शी

काठमांडो, 13 अक्तूबर (भाषा)।

- चीन व नेपान ने 'ट्रांस हिमालयन' रेलवे लाइन बिछाने की योजना सहित कई समझौतों पर हस्ताक्षर किए।
- चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने नेपाल को 56 अरब नेपाली रुपए की मदद देने की घोषणा की।
- संयुक्त बयान में दोनों देशों ने कहा कि उन्होंने अपने द्विपक्षीय संबंधों को सहयोग की रणनीतिक साझेदारी पर पहुंचाने का फैसला लिया है।
- बयान में कहा गया कि नेपाल और चीन ने बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव को व्यापक रूप से सभी क्षेत्रों में परस्पर फायदेमंद सहयोग को मजबूत करने के अवसर के तौर पर देखते हैं।

काठमांडो में रविवार को नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली से मिलते चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग।

चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने रविवार को चेतावनी दी कि चीन को विभाजित करने की जो कोई कोशिश करेगा, उसे कुचल दिया जाएगा। उन्होंने यहां नेपाल के शीर्ष नेतृत्व के साथ व्यापक वार्ता की और दोनों देशों ने अपने द्विपक्षीय संबंधों को सहयोग की रणनीतिक साझेदारी तक पहुंचाया और एक 'ट्रांस हिमालयन' रेलवे लाइन बिछाने की योजना सहित कई समझौतों पर हस्ताक्षर किए। शी ने शनिवार को नेपाल की राष्ट्रपति विद्या देवी भंडारी के साथ अपनी बैठक के दौरान नेपाल के विकास कार्यक्रमों के लिए 56 अरब नेपाली रुपए की मदद की घोषणा की। पिछले 23 बरसों में नेपाल की यात्रा करने वाले शी पहले चीनी राष्ट्रपति हैं।

चीनी राष्ट्रपति ने काठमांडो और तातोपानी ट्रांजिट बिंदु को जोड़ने वाले अरनिको हाईवे का उन्नयन करने का संकल्प लिया। इसे नेपाल में आए 2015 के विनाशकारी भूकंप के बाद बंद कर दिया गया था। उन्होंने संपर्क बढ़ाने के लिए और अधिक सीमा चौकियां खोलने का भी संकल्प लिया। चीन के राष्ट्रपति ने कहा कि ट्रांस हिमालयन रेलवे के लिए एक व्यवहार्यता अध्ययन जल्द शुरू किया जाएगा और चीन केरूंग-काठमांडो सुरंग मार्ग के निर्माण में भी मदद करेगा।

चीन की आधिकारिक समाचार एजंसी शिन्हुआ की खबर के मुताबिक नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के साथ रविवार को अपनी बैठक के दौरान शी ने कहा, 'जो कोई भी चीन को विभाजित करने की कोशिश करेगा उसे कुचल दिया जाएगा।' नेपाल में तिब्बती आध्यात्मिक गुरु समर्थकों पर नकेल कसने के लिए काठमांडो पर बेजिंग के दबाव बनाए जाने के बीच शी की ये टिप्पणियां आई हैं। तिब्बत के साथ नेपाल एक लंबी सीमा साझा करता है और करीब 20,000 निर्वासित तिब्बती इस देश में रहते हैं। बेजिंग भारत में स्वनिर्वासन में रह रहे दलाई को चीन को विभाजित करने की कोशिश करने के वाले एक अलगाववादी के तौर पर देखता है।

ओली ने कहा कि नेपाल चीन को उसकी संप्रभुता व क्षेत्रीय अखंडता की हिफाजत करने में पूरा समर्थन करता है और एक चीन की नीति के प्रति दृढ़ता से खड़ा है। दोनों देश सच्चे मित्र व साझेदार हैं।

संयुक्त बयान में दोनों देशों ने कहा कि उन्होंने अपने द्विपक्षीय संबंधों को सहयोग की रणनीतिक साझेदारी पर पहुंचाने का फैसला लिया है। बयान में कहा गया कि नेपाल और चीन ने बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) को व्यापक रूप से सभी क्षेत्रों में परस्पर फायदेमंद सहयोग को मजबूत करने के अवसर के तौर पर देखते हैं। चीन के राष्ट्रपति शी ने नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी के सह अध्यक्ष पुष्प कमल दहल प्रचंड के साथ भी रविवार को वार्ता की। शी ने उन्हें चीनियों का एक अच्छा और पुराना मित्र बताया।

हांगकांग में पुलिस व लोकतंत्र समर्थकों के बीच झड़पें

हांगकांग, 13 अक्तूबर (एएफपी)।

हांगकांग दंगा रोधी पुलिस की रविवार को लोकतंत्र समर्थक प्रदर्शकारियों के साथ यहां कई झड़पें हुई हैं। इसे लेकर पुलिस ने कई गिरफ्तारियां की हैं। ये झड़पें कई स्थानों पर हुई हैं। हालांकि, हालिया सप्ताहांतों पर हुई झड़पों से ये कम हिंसक थीं।

पुलिस ने बताया कि उसे दो जिलों में आंसू गैस के गोले छोड़ने को मजबूर होना पड़ा और कम से कम चार अन्य स्थानों पर संक्षिप्त झड़पें हुईं। कुछ प्रदर्शनकारियों ने सड़कों की नाकेबंदी कर दी, चीन समर्थक कारोबारी प्रतिष्ठानों की दीवारों पर चित्र उकेर दिए, खिड़कियां तोड़ डालीं और बैरीकेड हटा दिए। प्रदर्शनकारी मास्क लगाए हुए थे। प्रदर्शनकारियों को रोकने पहुंची पुलिस ने दर्जनों गिरफ्तारियां की हैं।

चार महीने पहले चीन के साथ प्रत्यर्पण संधि के विरोध में शुरू हुआ आंदोलन अब लोकतंत्र की मांग के आंदोलन में तब्दील हो गया है। कई देशों में लोगों ने आंदोलनारियों के समर्थन में रैलियां भी की हैं।

तुर्की और कुर्दों में लड़ाई

सीरियाई शिविर से भागे आइएस आतंकियों के सैकड़ों रिश्तेदार

कामिशली (सीरिया), 13 अक्तूबर (एएफपी)।

कुर्दिश अधिकारियों ने रविवार को कहा कि उत्तरी सीरिया के विस्थापितों के शिविर से विदेशी आतंकियों के सैकड़ों रिश्तेदार फरार हो गए हैं। तुर्की के हमले के बाद फरार होने वालों का आंकड़ा बढ़कर एक लाख 30 हजार तक पहुंच गया है।

दोनों पक्षों के बीच झड़प पांचवें दिन भी जारी रही जिसके चलते दर्जनों नागरिक और लड़ाकों की मौत हो गई और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी इसे लेकर चिंता व्यक्त की जा रही है। कुर्दिश अधिकारियों और विदेशी ताकतों ने बार-बार चेतावनी दी है कि इन हमलों से इस्लामिक स्टेट समूह (आइएस) के खिलाफ जंग कमजोर हो सकती है और आतंकियों को कैद से फरार होने का मौका मिलेगा। उत्तरी सीरिया में कुर्दिश प्रशासन ने कहा कि विस्थापितों के लिए बनाए गए शिविर के निकट तुर्की की बमबारी में आइएस आतंकियों के करीब 800 रिश्तेदार भाग गए। कुर्दों के नेतृत्व वाले सीरियन डेमोक्रेटिक फोर्सेज (एसडीएफ) के खिलाफ तुर्की ने बुधवार से हमले शुरू कर दिए हैं। तुर्की मानता है कि उसके देश के विद्रोहियों से एसडीएफ के संबंध हैं।

जापान में तूफान और बाढ़ से 33 लोगों की मौत, बड़े पैमाने पर बचाव अभियान शुरू

तोक्यो, 13 अक्तूबर (एपी)।

जापान की राजधानी तोक्यो समेत देश के अन्य हिस्सों में प्रचंड तूफान 'हगिबिस' से अब तक 33 लोगों की मौत हो चुकी है। बाढ़ में डूबे मकानों में फंसे लोगों को निकालने के लिए रविवार को हेलिकॉप्टरों, नौकाओं और हजारों सैनिकों को लगाया गया है। बचाव अभियान के दौरान महिला की हेलिकॉप्टर पर चढ़ते समय गिरकर मौत हो गई।

तूफान हगिबिस ने शनिवार शाम को दक्षिणी तोक्यो में दस्तक दी और उसने मध्य व उत्तरी जापान में तबाही मचाई। हगिबिस रविवार को उष्णकटिबंधीय तूफान में तब्दील हो गया। सरकारी प्रसारणकर्ता एनएचके ने कहा कि देशभर में 14 नदियों में बाढ़ आ गई। तोक्यो दमकल विभाग ने बताया कि 70 वर्ष की आयु की महिला फुकुशिमा के इवाकी शहर में बचाव हेलिकॉप्टर पर चढ़ते समय 40 मीटर की ऊंचाई से दुर्घटनावश जमीन पर गिर गई जिससे उसकी मौत हो गई।

सरकार की दमकल और आपदा प्रबंधन एजंसी ने रविवार देर रात कहा कि तूफान के कारण 14 लोगों की मौत हो गई, 11 लापता हैं और 187 लोग घायल हो गए। उसने बताया कि 1,283 मकान जलमग्न हो गए और 517 मकान आंशिक या पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए। वहीं, जापानी मीडिया ने मृतकों की संख्या 33 बताई और 19 लोग लापता बताए। तोक्यो इलेक्ट्रिक पावर कारपोरेशन ने रविवार देर रात बताया कि 66,000 से अधिक घरों में अब भी बत्ती गुल है। तोक्यो इलाके में सुबह कई ट्रेन सेवाएं बहाल की गई जबकि अन्यों को बाद में शुरू किया गया।

तूफान की वजह से रग्बी वर्ल्ड कप के कई मैच रद्द कर दिए गए। कई मैचों के समय को आगे बढ़ा दिया गया। तूफान रविवार सुबह राजधानी के कई हिस्सों तक पहुंच गया और इसने आसपास के इलाकों में अपने पीछे तबाही के निशान छोड़ दिए। सेना और दमकल विभाग के हेलिकॉप्टरों ने कई स्थानों पर लोगों को छतों और बालकनियों से बाहर निकाला। इवाकी सिटी, फुकुशिमा में अन्य जगहों पर नौका अभियान चलाकर सैकड़ों लोगों को बचाया गया।

फ्रांस और जर्मनी ने तुर्की को हथियार निर्यात पर रोक लगाई

पेरिस, 13 अक्तूबर (एएफपी)।

सीरिया में कुर्द लड़ाकों के खिलाफ तुर्की के हमले को लेकर फ्रांस और जर्मनी ने तुर्की को किए जाने वाले हथियारों के निर्यात पर शनिवार को रोक लगा दी। यूरोप के कई शहरों में रैलियां कर प्रदर्शनकारियों ने तुर्की की निंदा की है। तुर्की के सैनिकों ने कुर्द लड़ाकों के खिलाफ बुधवार को सीमा पार से हमले करने शुरू कर दिए थे। तुर्की इन लड़ाकों को आतंकवादियों की तरह देखता है। रक्षा व विदेश मंत्रालयों की ओर से जारी संयुक्त बयान में फ्रांस ने कहा कि उसने तुर्की को 'हथियार सामग्रियों' की नियोजित निर्यात पर रोक लगा दी है। यह रोक इस आशंका के बीच लगाई गई है कि इन हथियारों का प्रयोग सीरिया पर किए जा रहे हमलों में किया जा सकता था।

ट्रंप ने सीरिया में मानवीय सहायता के लिए दिए पांच करोड़ डॉलर

वाशिंगटन, 13 अक्तूबर (भाषा)।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सीरिया में अत्याचार का सामना कर रहे जातीय व धार्मिक अल्पसंख्यकों की रक्षा के लिए और मानवीय सहायता को आगे बढ़ाने जैसे कार्यों के लिए पांच करोड़ डॉलर की राशि जारी की है।

वाइट हाउस की प्रेस सचिव स्टेफनी ग्रिशम ने बताया कि यह धनराशि सीरिया में मानवाधिकार रक्षकों, नागरिक संगठनों और ऐसे पुनर्वास कार्यक्रमों को आर्थिक सहायता मुहैया कराएगी जो हिंसा से पीड़ित जातीय व धार्मिक अल्पसंख्यकों की सीधे तौर पर मदद कर रहे हैं। इस राशि का प्रयोग जिम्मेदारी बढ़ाना, युद्ध से बचे विस्फोटक हटाना, समुदाय की सुरक्षा, मानवाधिकार हनन के मामलों को दर्ज करना, लिंग आधारित हिंसा और प्रताड़ना के शिकार लोगों की मदद करने जैसे कामों में भी किया जाएगा। ग्रिशम ने कहा, 'हम उम्मीद करते हैं कि क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय सहयोगी भी अपना योगदान जारी रखेंगे। जातीय और धार्मिक सुरक्षा और आजादी इस प्रशासन की प्राथमिकता है।'

जॉनसन ब्रेग्जिट समझौते पर मंत्रिमंडलीय सहयोगियों को देंगे जानकारी

लंदन, 13 अक्तूबर (एएफपी)।

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने यूरोपीय संघ से अलग होने के लिए नए ब्रेग्जिट समझौता करने के अंतिम प्रयासों के बारे में अपने मंत्रियों को जानकारी देंगे। वार्ताकारों ने ब्रसेल्स में बंद में कमरे में गहन बातचीत की थी। इससे पहले जॉनसन ने गुरुवार को आयरलैंड के प्रधानमंत्री लिओ वराडकर के सामने नई शर्तें रखी थीं। हालांकि, किसी नतीजे पर पहुंचने के लिए उनके पास बहुत कम वक्त है।

जर्मनी की चांसलर एंजेला मर्केल फ्रांस के राष्ट्रपति एमैनुएल मैक्रों के साथ रविवार को देर शाम उपलब्ध विकल्पों पर चर्चा करेंगी। जॉनसन दोपहर में अपने कैबिनेट के सदस्यों को जानकारी देंगे। जॉनसन ने रविवार को एक बयान में फिर कहा कि 31 अक्तूबर तक ब्रेग्जिट करवाना बेहद जरूरी है।

जानलेवा हादसे की संदिग्ध को नहीं मिलेगी राजनयिक छूट : ब्रिटेन

लंदन, 13 अक्तूबर (एपी)।

ब्रिटेन की मीडिया में खबरें आई हैं कि सड़क पर जानलेवा हादसे में संलिप्त एक अमेरिकी अधिकारी की पत्नी को ब्रिटेन छोड़ने के कारण राजनयिक छूट नहीं मिलेगी।

'बीबीसी' और 'स्काई न्यूज' ने रविवार को कहा कि ब्रिटिश विदेश मंत्री डोमिनिक राब ने दुर्घटना के शिकार बने हैरी डन के परिवार से कहा कि छूट अब प्रासंगिक नहीं है क्योंकि संदिग्ध ब्रिटेन से जा चुकी है। विदेश कार्यालय ने इस संबंध में टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। अगस्त में दक्षिणी इंग्लैंड में ब्रिटिश वायु सेना अड्डे के बाहर मोटरसाइकिल-कार में टक्कर के बाद हैरी डन (19) की मौत हो गई थी। इस कार का इस्तेमाल अमेरिकी सेना कर रही थी। इस घटना के बाद कथित कार ड्राइवर एनी सकूलस ब्रिटेन से भाग निकलीं। एन्नी ने एक अमेरिकी अधिकारी से शादी की थी। सकूलस के वकील एमी जेफरेस ने बताया कि इस त्रासद दुर्घटना के कारण एनी की जिंदगी उजाड़ हो गई और वह डन के अभिभावकों से मिलना चाहती है।

अफगानिस्तान में आतंकी हमले, सरकारी अधिकारी बने निशाने

काबुल, 13 अक्तूबर (एपी)।

अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में तालिबान विद्रोहियों ने सरकारी अधिकारी की गोली मारकर हत्या कर दी।गवर्नर के प्रवक्ता मोहीबुल्ला शरीफजई ने बताया कि बंदूकधारियों ने पूर्वी मैदान वरदक प्रांत के जगहातु जिला प्रमुख राज़ मोहम्मद की हत्या कर दी। मोहम्मद को शनिवार को काबुल में निशाना बनाया गया था। तालिबान ने हमले की जिम्मेदारी ली है। इस बीच, उत्तरी परवान प्रांत के पुलिस प्रमुख मोहफोज वलीजादा ने बताया कि चराकर में कुछ अज्ञात बंदूकधारियों ने प्रांतीय अपीलीय अदालत के अभियोजक की गोली मारकर हत्या कर दी।

बांग्लादेश में प्रकाशक की हत्या, अंसार अल इस्लाम के आठ आतंकी दोषी करार

ढाका, 13 अक्तूबर (भाषा)।

- दीपन बांग्लादेशी-अमेरिकी लेखक और ब्लॉगर अविजीत रॉय के प्रकाशक थे। 2015 में कुछ अन्य नास्तिकों और ब्लॉगरों की हत्या कर दी थी।

बांग्लादेश की एक अदालत ने धर्मनिरपेक्षता और नास्तिकता पर किताबें छापने वाले प्रकाशक की हत्या करने वाले प्रतिबंधित आतंकी संगठन के आठ सदस्यों को दोषी ठहराया।

'डेली स्टार' के मुताबिक आतंकरोधी विशेष न्यायाधिकरण के न्यायाधीश मजीबुर रहमान ने छह आरोपियों पर लगाए गए आरोप पढ़े। सभी आरोपी अभी जेल में हैं। आरोपी आतंकी प्रतिबंधित आतंकी संगठन अंसार अल इस्लाम के सदस्य हैं। अदालत ने दो भगोड़ों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया। जागृति प्रकाशन के प्रकाशक फैसल अरफीन दीपन की अक्टूबर 2015 में ढाका के पास शाहबाग में हत्या कर दी गई थी। दीपन बांग्लादेशी-अमेरिकी लेखक और ब्लॉगर अविजीत रॉय के प्रकाशक थे। वह धर्मनिरपेक्षता और नास्तिकता पर किताबों पर काम कर रहे थे। संदिग्ध आतंकियों ने 2015 में कुछ अन्य नास्तिकों और ब्लॉगरों की हत्या कर दी थी।

मुंबई में इमारत में लगी भीषण आग, युवक की मौत

छह लोगों ने की दम घुटने की शिकायत, दस लोगों को बचाया गया

मुंबई, 13 अक्तूबर (भाषा)।

मुंबई के ग्रांट रोड इलाके में पांच मंजिल की एक व्यावसायिक इमारत में रविवार सुबह को भीषण आग लग गई, जिसमें 22 साल के एक युवक की मौत हो गई। घटना में छह लोगों ने दम घुटने की शिकायत की, जबकि एक दमकल कर्मी घायल हो गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इमारत से लगभग दस लोगों को बचाया गया।

दमकल विभाग को सुबह करीब छह बजे 'आदित्य आर्केड' इमारत में आग लगने की सूचना मिली, जिसके बाद स्थानीय पुलिस और एंबुलेंस के साथ दमकल विभाग का दल मौके पर पहुंचा। दमकल विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि जैसे ही आग लगी, परिसर में धुआं भर गया। वहां मौजूद लोगों में से कुछ ने दम घुटने की शिकायत की।

दमकल विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि उत्तम कुमार नामक युवक को सीढ़ी के पास बेहोशी की हालत में पाया गया और उसे पास के नायर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उन्होंने कहा, एक दमकलकर्मी सहित पांच लोगों ने दम घुटने की शिकायत की, जबकि बचाव अभियान के दौरान एक दमकलकर्मी के हाथ पर चोटें आईं। सभी छह लोगों को अस्पताल ले जाया गया। इन छह में से तीन व्यक्तियों- दिलीप चौधरी (40), अशोक चौधरी (23) और भरत चौधरी (23) को दम घुटने की शिकायत के बाद सरकारी जे जे अस्पताल में भर्ती कराया गया। उन्होंने कहा, उन सभी की हालत स्थिर है।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी पीएस राहंगदले ने कहा, दमकलकर्मी सुधन गोरे ने भी दम घुटने की शिकायत की, जबकि दमकलकर्मी नंदकुमार वायल के बाएं हाथ में चोट के निशान थे। उन्हें आगे के इलाज के लिए नायर अस्पताल भेजा गया। उन्होंने बताया, आग की सूचना सुबह छह बजकर छह मिनट पर मिली। यह स्तर-4 की आग थी। आग पर काबू पा लिया गया है और बचाव अभियान जारी है। अभी तक किसी की जान जाने की सूचना नहीं है। अधिकारी ने बताया कि अग्निशमन अभियान में 150 कर्मचारी लगे हुए थे।

हादसा

मुंबई की व्यावसायिक इमारत में रविवार को आग बुझाते अग्निशमनकर्मी।

एस्सार ने चुकाया 1.4 लाख करोड़ रुपए का कर्ज

नई दिल्ली, 13 अक्तूबर (भाषा)।

एस्सार समूह ने अपनी संपत्तियों को बेचकर अब तक 1.4 लाख करोड़ रुपए का कर्ज चुका दिया है और बचा 10-15 फीसद कर्ज अगली दो तिमाहियों में चुका दिया जाएगा। एस्सार कैपिटल के निदेशक प्रशांत रुइया ने यह जानकारी दी।

रुइया ने समूह की वेबसाइट पर डाली गई एक आंतरिक बातचीत में कहा- मुझे लगता है कि पिछले तीन साल में कर्ज से बाहर निकलने की दिशा में प्रयास करने के मामले में हम पहली कंपनी हैं। हमने कर्ज घटाने के मामले में कुछ निर्णयात्मक कदम उठाए हैं। इसकी शुरुआत 12.9 अरब डॉलर में एस्सार ऑयल को रोसनेफ्ट व त्राफिगुरा को बेचने से हुई। इसके बाद हमने अपनी बीपीओ इकाई एजिस को बेचा। हमने कुछ और भी संपत्तियों की बिक्री की। इससे प्राप्त राशि का इस्तेमाल कर हमने करीब 1,40,000 करोड़ रुपए का कर्ज चुकाया। यह किसी भी कंपनी द्वारा चुकाया गया सर्वाधिक कर्ज है। उन्होंने कहा कि कर्ज चुकाने का कार्य संपन्न करने के बाद समूह पुनः निवेश चक्र शुरू करेगा।

उन्होंने सरकार द्वारा हाल में कॉरपोरेट कर की दरें घटाने को कॉरपोरेट जगत के लिए बड़ा व सकारात्मक कदम करार दिया। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ साल में सरकारी नीतियों में किए गए बदलाव से कई नियामकीय अनिश्चितताएं दूर हुई हैं। इससे यह भी सुनिश्चित होगा कि नए निवेश के समक्ष वे जोखिम नहीं होंगे, जिनका सामना पुराने निवेश को करना पड़ा। इसके साथ ही घरेलू मांग को देखते हुए नया निवेश करने और देश में वृद्धि व निवेश के लिए मजबूत माहौल बना है।

सीतारमण आज करेंगी बैंकों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों के साथ बैठक

नई दिल्ली, 13 अक्तूबर (भाषा)।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण सोमवार को सार्वजनिक बैंकों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगी। इसमें ऋण वितरण में प्रगति समेत विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

सूत्रों ने कहा कि संकटग्रस्त गैर-बैंकिंग वित्तीय क्षेत्र (एनबीएफसी) और लघु, सूक्ष्म व मध्यम उपक्रमों (एमएसएमई) के लिए ऋण उपलब्धता की समीक्षा किए जाने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि बैंक आंशिक ऋण गारंटी योजना और पूंजी दायरा बढ़ाने के लिए बाजार से पूंजी जुटाने को लेकर रिपोर्ट कार्ड पेश कर सकते हैं। यह एक महीने से भी कम समय में सार्वजनिक बैंकों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों के साथ वित्त मंत्री की दूसरी बैठक होगी।

जीएसटी राजस्व प्राप्ति सुधार समिति की पहली बैठक कल

नई दिल्ली, 13 अक्तूबर (भाषा)।

माल व सेवा कर (जीएसटी) के तहत राजस्व प्राप्ति बढ़ाने सहित इसकी व्यापक रूप से समीक्षा कर जरूरी सुझाव देने को लेकर गठित उच्च स्तरीय समिति की पहली बैठक मंगलवार को होगी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने इसकी जानकारी दी।

जीएसटी परिषद के विशेष सचिव राजीव रंजन ने कहा कि समिति की पहली बैठक मंगलवार यानी 15 अक्तूबर को होगी। उन्होंने कहा कि समिति को रिपोर्ट सौंपने के लिए 15 दिन का समय दिया गया है। सरकार ने पिछले सप्ताह इस समिति का गठन किया। समिति को जीएसटी के तहत राजस्व संग्रह बढ़ाने और कर चोरी रोकने के उपायों पर सुझाव देने का काम दिया गया है। जीएसटी की 1 जुलाई, 2017 को शुरुआत होने के बाद इसकी यह पहली व्यापक समीक्षा होगी।

सरकार ने जीएसटी संग्रह और इसके प्रशासन को दुरुस्त करने के उपायों पर सुझाव देने के लिए अधिकारियों की 12 सदस्यीय समिति गठित की है। समिति को राजस्व प्राप्ति में आ रही गिरावट को रोकने और राजस्व संग्रह बढ़ाने के बारे में जरूरी उपायों के बारे में सुझाव देने को कहा गया है। समिति के गठन की शर्तों में जीएसटी का दुरुपयोग रोकने के उपायों और स्वैच्छिक अनुपालन में सुधार के कदमों समेत जीएसटी में संरचनात्मक बदलावों के बारे में सुझाव देना है। समिति को कर आधार बढ़ाने के उपायों के बारे में भी सुझाव देने की जिम्मेदारी दी गई है।

आदेश में कहा गया कि कानून में नीतिगत उपायों और संबंधित बदलावों की जरूरत है। आंकड़ों के बेहतर विश्लेषण और बेहतर प्रशासनिक समन्वय के जरिए अनुपालन की बेहतर निगरानी व अपवंचना रोधी उपायों का सुझाव देना भी समिति की शर्तों में शामिल है। समिति के सदस्यों में महाराष्ट्र, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और पंजाब के जीएसटी आयुक्त, इसके अलावा केंद्र सरकार से जीएसटी प्रधान आयुक्त और संयुक्त सचिव (राजस्व) सहित कुछ अन्य अधिकारी शामिल हैं। राज्यों से कहा गया है कि वे समिति में शामिल होने के साथ-साथ लिखित में सुझाव भी दे सकते हैं। सितंबर में जीएसटी प्राप्ति घटकर 19 माह के निचले स्तर 91,916 करोड़ रुपए रह गई। जीएसटी प्राप्ति में लगातार दूसरे माह नरमी रही।

दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर जल्द सौ किमी की गति से फर्राटा भरेंगे वाहन

नई दिल्ली, 13 अक्तूबर (भाषा)।

दिल्ली से इंदिरापुरम, ग्रेटर नोएडा और हिंडन आने-जाने वाले जल्द ही दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर 120/100 किलोमीटर की रफ्तार से फर्राटा भर सकेंगे। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआइ) इस राजमार्ग पर गति बढ़ाने के लिए जल्द ही दिल्ली पुलिस को पत्र लिखने की तैयारी में है।

एक्सप्रेसवे पर लगे मौजूदा साइन बोर्ड के अनुसार वर्तमान में एक्सप्रेसवे पर हल्के वाहनों के लिए अधिकतम गति सीमा 70 किमी प्रति घंटा और भारी वाहनों के लिए 40 किमी प्रति घंटा है। इस कदम से उन लोगों को राहत मिलेगी जो इस राजमार्ग पर 60 किमी से अधिक की रफ्तार होने पर दिल्ली पुलिस की ओर से ई-चालान भेजने की शिकायत करते हैं।

आम जनता से मिल रही शिकायतों को देखते हुए कल्याणपुरी सर्कल के यातायात निरीक्षक (दिल्ली पुलिस) ने सितंबर में एनएचएआइ को पत्र लिखकर राजमार्ग पर 60 किलोमीटर प्रति घंटे की अधिकतम गति सीमा के साइन बोर्ड लगाने के लिए कहा था। कुछ दिन बाद इस संबंध में स्मरण पत्र भी भेजा था। नए मोटर वाहन अधिनियम में तय सीमा से अधिक रफ्तार से वाहन चलाने पर जुर्माने को 400 रुपए से बढ़ाकर 5,000 कर दिया गया है। यातायात निरीक्षक के पत्र के जवाब में एनएचएआइ ने दिल्ली पुलिस को 13 सितंबर को पत्र लिखकर गति सीमा को 120 और सौ किमी करने के लिए कहा था।

एनएचएआइ गाजियाबाद परियोजना कार्यान्वयन इकाई (पीआइयू) में परियोजना निदेशक/महाप्रबंधक (प्रौद्योगिकी) आरपी सिंह के मुताबिक दिल्ली पुलिस आयुक्त को इस संबंध में जल्द पत्र भेजा जाएगा जिसमें एक्सप्रेसवे के हिस्से की गति सीमा 70/50 किमी प्रति घंटा से बढ़ाकर 120/100 किमी प्रति घंटा करने का सुझाव दिया जाएगा।

सिंह ने बताया कि एनएचएआइ मुख्यालय से एक पत्र भेजा जाएगा। पिछले महीने दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे के तीसरे चरण के उद्घाटन के दौरान इस संबंध में पत्र भेजने का फैसला लिया गया है। इससे पहले गति सीमा बढ़ाने के लिए 13 सितंबर को एनएचएआइ की ओर से विशेष पुलिस आयुक्त (यातायात) को पत्र भेजा गया था। राजमार्ग प्राधिकरण ने पत्र में कहा कि दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे 120/100 किलोमीटर घंटे की रफ्तार से चलने के लिहाज से तैयार किया गया है।

दूरसंचार क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा के पहलुओं का अध्ययन करेगा सीसीआइ

नई दिल्ली, 13 अक्तूबर (भाषा)।

भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआइ) दूरसंचार क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा संबंधी विभिन्न पक्षों का अध्ययन करेगा। दूरसंचार क्षेत्र में हालिया समय में हुए महत्त्वपूर्ण बदलावों के कारण यह फैसला किया गया है।

सीसीआइ के चेयरमैन अशोक कुमार गुप्ता ने यह जानकारी दी। उन्होंने एक बातचीत में कहा कि दूरसंचार क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा संबंधी पक्षों के अध्ययन की तैयारी शुरू कर दी गई है। अध्ययन नवंबर में शुरू होने का अनुमान है। उन्होंने कहा- बाजार नियामक होने के नाते हमें इस अध्ययन से पता चलेगा कि हमें किन बातों को लेकर सजग रहना चाहिए और क्या करने की जरूरत है। यह आयोग को प्रतिस्पर्धा को लेकर रणनीति तैयार करने व दूरसंचार क्षेत्र को लेकर सुझाव तैयार करने में मदद करेगा।

गुप्ता ने कहा कि दूरसंचार सेवाओं की महत्ता और अर्थव्यवस्था में इसकी प्रासंगिकता को देखते हुए यह सीसीआइ के लिए जरूरी हो गया है कि वह क्षेत्र में हो रहे बदलावों पर नजर रखे। नई कंपनियों के आने, कंपनियों के एकीकरण, प्रतिस्पर्धा संबंधी रणनीतियों में बदलाव और दूरसंचार क्षेत्र के बिजनेस मॉडल के कारण हालिया समय में इस क्षेत्र में महत्त्वपूर्ण बदलाव हुए हैं।

उन्होंने कहा कि बाजार की नई संरचना से कई सारे सवाल पैदा हुए हैं, जैसे कि क्या प्रतिस्पर्धा का मौजूदा स्तर पर्याप्त है, क्या दूरसंचार कंपनियां क्षेत्र में अपने दबदबे का इस्तेमाल उन क्षेत्रों को प्रभावित करने में कर सकती हैं जो क्षेत्र दूरसंचार पर निर्भर हैं। उन्होंने कहा कि अध्ययन से दूरसंचार क्षेत्र में बदलावों को स्पष्ट तरीके से समझने के लिए संबंधित पक्षों से प्रासंगिक सूचनाएं जमा होंगी। सीसीआइ अभी ई-वाणिज्य क्षेत्र को लेकर इसी तरह का एक अध्ययन कर रहा है।

एफपीआइ ने अक्तूबर में अब तक पूंजी बाजार से 6,200 करोड़ रुपए निकाले

नई दिल्ली, 13 अक्तूबर (भाषा)।

वैश्विक आर्थिक मंदी और व्यापार युद्ध की आशंकाओं के कारण निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई है। इस कारण अक्तूबर के पहले दो हफ्तों में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआइ) ने पूंजी बाजार से 6,200 करोड़ रुपए से अधिक की निकासी की।

डिपोजिटरी के ताजा आंकड़ों के अनुसार एक अक्तूबर से 11 अक्तूबर के दौरान एफपीआइ ने शेयर बाजार से 4,955.20 करोड़ रुपए और ऋणपत्रों से 1,261.90 करोड़ रुपए की शुद्ध निकासी की। इस तरह आलोच्य अवधि में उनकी कुल निकासी 6,217.10 करोड़ रुपए की रही। पिछले महीने एफपीआइ ने 6,557.80 करोड़ रुपए की शुद्ध खरीदारी की थी।

मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट के वरिष्ठ विश्लेषक प्रबंधक (शोध) हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा कि सितंबर में शुद्ध खरीदार रहने के बाद एफपीआइ पुनः अक्तूबर में बिकवाली करने लगे। सरकार द्वारा आर्थिक सुधारों की घोषणा के बाद एफपीआइ ने सितंबर में शुद्ध खरीदारी की थी। ग्रो के सह-संस्थापक व मुख्य परिचालन अधिकारी हर्ष जैन ने कहा कि एफपीआइ और एफडीआइ का नया वर्गीकरण कुछ समय के लिए विदेशी निवेशकों की धारणा को प्रभावित कर सकता है। मूडीज और अन्य संस्थानों द्वारा जीडीपी वृद्धि का अनुमान घटाने से भी विदेशी निवेशकों की धारणा पर असर पड़ा है। देश में बैंकिंग व वित्तीय क्षेत्र के संकट से भी निवेशकों पर प्रभाव पड़ रहा है।

कोमेरो लीजिंग एण्ड फाइनेन्शियल्स प्राइवेट लिमिटेड
CIN: U65921DL1992PTC047365
24, साधना एन्क्लेव मालवीय नगर, नई दिल्ली-110017
ई-मेलः comero@shrirathigroup.com, फोन नं. 011-40502041

सार्वजनिक सूचना

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि गैर बैंकिंग वित्तीय संस्थान के व्यवसाय के निष्पादन के लिये भारतीय रिजर्व बैंक में ''श्रेणी बी'' गैर बैंकिंग वित्तीय कम्पनी के रूप में पंजीकृत कोमेरो लीजिंग एण्ड फाइनेन्शियल्स प्राइवेट लिमिटेड जिसका CIN: U65921DL1992PTC047365 है, के पक्ष में भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 451A के अंतर्गत भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी मूल पंजीकरण प्रमाणपत्र जिसका पंजीकरण सं. बी-14.02206 है, कहीं गुम/स्थानच्युत हो गया है तथा नहीं मिल रहा है। यदि किसी व्यक्ति को वह मिले, तो कोमेरो लीजिंग एण्ड फाइनेन्शियल्स प्राइवेट लिमिटेड, पंजीकृत कार्यालयः 24, साधना एन्क्लेव, मालवीय नगर, नई दिल्ली-110017 में है, को उसकी सूचना दें। एतद्द्वारा सभी व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि अवांछित तत्वों द्वारा पंजीकरण प्रमाणपत्र का दुष्प्रयोग न करें तथा कोमेरो लीजिंग एण्ड फाइनेन्शियल्स प्राइवेट लिमिटेड एतद्द्वारा वचन देता है कि यदि बाद में वह मिला पंजीकरण का प्रमाणपत्र 6, संसद मार्ग, नई दिल्ली में स्थित अंचल कार्यालय में उसे वापस लौटा दिया जायेगा।

बोर्ड के आदेश से
कोमेरो लीजिंग एण्ड फाइनेन्शियल्स प्राइवेट लिमिटेड
गोपाल राठी
निदेशक, DIN: 00072755
निवासीः 24, साधना एन्क्लेव, मालवीय नगर, नई दिल्ली-110017

श्री शिन्धुस्वर्णा इन्वेस्टमेंट प्राइवेट लिमिटेड
CIN: U74899DL1985PTC020283
जे-1/202, भूतल, डीडीए फ्लैट्स, कालकाजी, नई दिल्ली-110019
ई-मेलः sss.investmentpvt@gmail.com, फोन नं. 011-40502041

सार्वजनिक सूचना

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि गैर बैंकिंग वित्तीय संस्थान के व्यवसाय के निष्पादन के लिये भारतीय रिजर्व बैंक में ''श्रेणी बी'' गैर बैंकिंग वित्तीय कम्पनी के रूप में पंजीकृत श्री शिन्धुस्वर्णा इन्वेस्टमेंट प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में रीमा चिट फंड प्रा.लि. के नाम से विदित) जिसका CIN: U74899DL1985PTC020283 है, के पक्ष में भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 451A के अंतर्गत भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी मूल पंजीकरण प्रमाणपत्र जिसका पंजीकरण सं. बी-14.02883 है, कहीं गुम/स्थानच्युत हो गया है तथा नहीं मिल रहा है। यदि किसी व्यक्ति को वह मिले, तो श्री शिन्धुस्वर्णा इन्वेस्टमेंट प्राइवेट लिमिटेड, पंजीकृत कार्यालयः जे-1/202, भू तल, डीडीए फ्लैट्स, कालकाजी, नई दिल्ली-110019 को उसकी सूचना दें। एतद्द्वारा सभी व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि अवांछित तत्वों द्वारा पंजीकरण प्रमाणपत्र का दुष्प्रयोग न करें तथा श्री शिन्धुस्वर्णा इन्वेस्टमेंट प्राइवेट लिमिटेड एतद्द्वारा वचन देता है कि यदि बाद में वह मिला, पंजीकरण का प्रमाणपत्र 6, संसद मार्ग, नई दिल्ली में स्थित अंचल कार्यालय में उसे वापस लौटा दिया जायेगा।

बोर्ड के आदेश से
श्री शिन्धुस्वर्णा इन्वेस्टमेंट प्राइवेट लिमिटेड
शिव कुमार शर्मा
निदेशक, DIN: 00072768
निवासीः मकान सं. एम-237, सेक्टर-12
प्रताप विहार, गाजियाबाद-201009

Bank of India
NBG North 1 Office, New Delhi

Disciplinary Action/Departmental Enquiry

Ms. Moumita N Majumdar (PF No. 192266)
Staff Clerk
E-316 A, Sector - 27, NOIDA – 201301
Dist. Gautam Budh Nagar (U.P.)

Disciplinary Action has been initiated against you by issuance of Charge Sheet bearing Ref.No. NBGN1/SA/2019-20/304 dated 11.09.2019 under covering Memorandum bearing Ref. No. NBGN1/SA/2019-20/307 dated 11.09.2019, for the act of gross misconduct committed by you, during your tenure as Clerk at Bank's National Banking Group (North 1) from 06.04.2015 till date, that of remaining unauthorisedly absent from your duties for more than 30 days continuously since 05-11-2018 till date. The service of Charge sheet through Registered Post and personal service could not be effected.

You are, therefore, advised to collect the Memorandum, Charge Sheet and all other enclosures mentioned therein from the HR/IR Department, National Banking Group (North 1) during office hours,on any working day on or before 25-10-2019. Shri Malkhan Singh, Senior Manager, NBG North 1 has been appointed as the Enquiry Officer to enquire into the charges, who notified the date of Preliminary Hearing on 30-10-2019 at Bank of India, NBG North 1 Office, New Delhi at 11:00 AM. You are permitted to submit your explanation/reply before the Enquiry Officer in respect of the charges levelled against you as per the Charge Sheet, and also to attend the enquiry proceedings on the aforesaid date, failing which enquiry proceedings will be held ex-parte, without any further notice to you.

Date: 14.10.2019 **Parag Sharma, Asst. General Manager**
Place: New Delhi **NBG North 1 & Disciplinary Authority**

प्रपत्र संख्या आईएनसी-26
[कम्पनीज (निगमन) नियमन 2014 के नियम 30 के अनुसरण में]
केन्द्रीय सरकार (क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र, नई दिल्ली) के समक्ष
कम्पनीज अधिनियम 2013 की धारा 13(4) एवं कम्पनीज (निगमन) नियमन, 2014 के नियम 30 (5) के मामले में

एवं

गॅरेट मोशन इंजीनियरिंग सोलूसनस प्राईवेट लिमिटेड, (पूर्व में वोक्लेक्ट इण्डिया प्राईवेट लिमिटेड के नाम से विदित), सी.आई.एन. U74210HR210 PTC040372, जीएसटी संख्याः 06AACV2586Q1ZM, जिसका पंजीकृत कार्यालय पेस सिटी II परिसर, निचली मंजिल, सेक्टर 36, मोहेमदपुर झारसा, गुड़गाँव, -122004 हरियाणा ("आवेदक कम्पनी अथवा "दि कम्पनी") के मामले में

कम्पनीज अधिनियम 2013, की धारा 13 के अंतर्गत एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचना प्रदान की जाती है कि कम्पनी की 10 अक्टूबर 2019 को प्रातः 11.30 बजे को आरएमजेड इकोवर्ड एसईजेड, कैम्पस 4सी, पार्ट तीन मंजिल, यूनिट 302, सरजापुर आउटर रिंग रोड, देवराबिसनाहली एण्ड भोगनाहली गाँव, वथूर होबली, बंगलौर ईस्ट तालुक, बंगलौर-560103 में सम्पन्न विशेष असाधारण बैठक में पारित विशेष संकल्प में कम्पनी के मैमोरन्डम ऑफ एसोशियेसन में बदलाव कर केन्द्रीय सरकार (क्षेत्रीय निदेशक, नई दिल्ली) से पुष्टीकरण हेतु आवेदन करने का प्रस्ताव कर रही है ताकि कम्पनी का पंजीकृत कार्यालय "हरियाणा राज्य" से "महाराष्ट्रा राज्य" में स्थानान्तरित किया जा सके।

किसी भी व्यक्ति, जिसका इस प्रस्तावित पंजीकृत कार्यालय के बदलाव से हित प्रभावित होता हो, इसकी सूचना एमसीए-21 के पोर्टल (www.mca.gov.in) पर निवेशक शिकायत प्रपत्र में दाखिल कर अथवा कारण को पंजीकृत डाक द्वारा विरोध के कारणों के स्वभाव तथा शपथपत्र की एक प्रति के साथ क्षेत्रीय निदेशक के पते बी-2 विंग, द्वितीय मंजिल, पर्यावरण भवन, सीजीओ काम्पलैक्स, नई दिल्ली - 110003 को इस सूचना प्रकाशन के 14 (चौदह) दिनों के भीतर प्रस्तुत करें और एक प्रतिलिपि आवेदक कम्पनी को उसके यहाँ पर निम्न वर्णित पंजीकृत कार्यालय को प्रेषित करें:
पंजीकृत कार्यालय पेस सिटी II परिसर, निचली मंजिल, सेक्टर 36, मोहेमदपुर झारसा, गुड़गाँव, -122004 हरियाणा

गॅरेट मोशन इंजीनियरिंग सोलूसनस प्राईवेट लिमिटेड की ओर से उनके लिए
हस्ता०/-
जेचरीह जोन पौमकूहिमनील
निदेशक
DIN: 08174462
तिथि: 14 अक्टूबर, 2019
स्थानः हरियाणा

प्ररूप संख्या आईएनसी-26
(कंपनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 के अनुसरण में)
केन्द्रीय सरकार के समक्ष उत्तरी क्षेत्र
(क्षेत्र निदेशक) नई दिल्ली
कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13(4) और
कंपनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 के
उपनियम (झ)छ के खंड (क)छ के मामले में
और
बीआरएस फिनिनवेस्ट प्राइवेट लिमिटेड जिसकी
रजिस्ट्रीकृत कार्यालय 913 नई दिल्ली हाउस 27
बाराखम्बा रोड नई दिल्ली – 110001
.....याचिकाकर्ता

आम जनता को यह नोटिस दी जाती है कि यह कंपनी केन्द्रीय सरकार के समक्ष कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 के अधीन आवेदन फाइल का प्रस्ताव करती है जिसमें कंपनी का रजिस्ट्रीकृत कार्यालय एन0सी0टी0 नई दिल्ली से उत्तर प्रदेश राज्य में स्थानांतरित करने के लिए तारीख 16.07.19 को आयोजित असाधारण अधिवेशन में पारित विशेष संकल्प के संदर्भ में कंपनी के संगम ज्ञापन में संशोधन की पुष्टि की मांग की गई है।
कंपनी के रजिस्ट्रीकृत कार्यालय के प्रस्तावित स्थानांतरण से यदि किसी व्यक्ति का हित प्रभावित होता है तो वह व्यक्ति या तो निवेशक शिकायत प्ररूप फाइल कर एमसीए-21 पोर्टल (www.mca.gov.in) में शिकायत दर्ज कर सकता है या एक शपथ पत्र जिसमें उनके हित का प्रकार ओर उसके विरोध का कारण उल्लिखित हो के साथ अपनी आपत्ति प्रादेशिक निदेशक को इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 14 दिनों के भीतर बी-2 विंग द्वितीय तल पर्यावरण भवन सी जी ओ काम्प्लेक्स, लोदी रोड, नई दिल्ली-110003 पते पर पंजीकृत डाक द्वारा भेज सकता है या सुपुर्द कर सकते हैं और इसकी प्रति आवेदक कंपनी को उनके ऊपर लिखित रजिस्ट्रीकृत कार्यालय पते पर भेजेंगा।

आवेदक के लिए और आवेदक की ओर से
बीआरएस फिनिनवेस्ट प्राइवेट लिमिटेड
हस्ता/-
(विपुल जैन)
निदेशक
डिआईएन : 00048923
तारीख : 13.10.2019
स्थान : नई दिल्ली

प्ररूप संख्या आईएनसी-26
(कंपनी(निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 के अनुसरण में)
केन्द्रीय सरकार के समक्ष
उत्तरी क्षेत्र (क्षेत्र निदेशक) नई दिल्ली
कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13(4) और
कंपनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 के
उपनियम (झ)छ के खंड (क)छ के मामले में
और
एवीपी इन्वेस्टमेंट प्राइवेट लिमिटेड
जिसकी रजिस्ट्रीकृत कार्यालय 913 नई दिल्ली
हाउस 27 बाराखम्बा रोड नई दिल्ली – 110001
.....याचिकाकर्ता

आम जनता को यह नोटिस दी जाती है कि यह कंपनी केन्द्रीय सरकार के समक्ष कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 के अधीन आवेदन फाइल का प्रस्ताव करती है जिसमें कंपनी का रजिस्ट्रीकृत कार्यालय एन0सी0टी0 नई दिल्ली से उत्तर प्रदेश राज्य में स्थानांतरित करने के लिए तारीख 15.07.2019 को आयोजित असाधारण अधिवेशन में पारित विशेष संकल्प के संदर्भ में कंपनी के संगम ज्ञापन में संशोधन की पुष्टि की मांग की गई है।
कंपनी के रजिस्ट्रीकृत कार्यालय के प्रस्तावित स्थानांतरण से यदि किसी व्यक्ति का हित प्रभावित होता है तो वह व्यक्ति या तो निवेशक शिकायत प्ररूप फाइल कर एमसीए-21 पोर्टल (www.mca.gov.in) में शिकायत दर्ज कर सकता है या एक शपथ पत्र जिसमें उनके हित का प्रकार ओर उसके विरोध का कारण उल्लिखित हो के साथ अपनी आपत्ति प्रादेशिक निदेशक को इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 14 दिनों के भीतर बी-2 विंग द्वितीय तल पर्यावरण भवन सी जी ओ काम्प्लेक्स, लोदी रोड, नई दिल्ली-110003 पते पर पंजीकृत डाक द्वारा भेज सकता है या सुपुर्द कर सकते हैं और इसकी प्रति आवेदक कंपनी को उनके ऊपर लिखित रजिस्ट्रीकृत कार्यालय पते पर भेजेंगा।

आवेदक के लिए और आवेदक की ओर से
एवीपी इन्वेस्टमेंट प्राइवेट लिमिटेड
हस्ता/-
(विपुल जैन)
निदेशक
डीआईएन : 00048923
तारीख : 13.10.2019
स्थान : नई दिल्ली

प्रपत्र सं. आईएनसी-25ए
क्षेत्रीय निदेशक, कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय, उत्तरी क्षेत्र, नई दिल्ली के समक्ष
कम्पनी अधिनियम, 2013, कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 14 तथा कम्पनी (निगमन) नियमावली, 2014 के नियम 41 के मामले में
तथा
मेसर्स आर के स्टील प्रोडक्ट्स लिमिटेड जिनका पंजीकृत कार्यालय 209, द्वितीय तल, 960-81/1, मक्की मार्केट, चावड़ी बाजार, दिल्ली-110006 में स्थित है इनके मामले में
.....आवेदक

एतद्द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि यह कम्पनी उपरोक्त नियमावली के साथ पठित कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 14 के अंतर्गत के माध्यम से केन्द्र सरकार के पास एक आवेदन करने के लिए इच्छुक है तथा ऐसे रूपांतरण को प्रभावी करने के लिये कम्पनी को सक्षम बनाने के लिये 30 सितंबर, 2019 को आयोजित वार्षिक आमसभा में पारित विशेष प्रस्ताव के अनुसार कम्पनी को प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी में रूपांतरित करने के लिये इच्छुक है।
यदि किसी भी व्यक्ति के हित कम्पनी के प्रस्तावित परिवर्तन/स्थिति से प्रभावित होने की संभावना है, उपरोक्त नीचे वर्णित पते पर पंजीकृत कार्यालय में आवेदक कम्पनी को उसकी एक प्रति के साथ इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से चौदह दिनों के भीतर अपने हित की प्रकृति तथा आपत्ति के कारणों का उल्लेख करते हुए एक शपथ पत्र द्वारा समर्थित अपनी आपत्ति क्षेत्रीय निदेशक, कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय, बी-2 विंग, द्वितीय तल, पं. दीन दयाल अन्त्योदय भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली 110 003 में जमा करें या जमा कराएं या पंजीकृत डाक से भेजें।

कृते और के लिए
आर के स्टील प्रोडक्ट्स लिमिटेड
हस्ताक्षर
रसिक गोयल
निदेशक
दिनांकः12.10.2019
स्थानः दिल्ली
डीआईएनः05220841
पंजीकृत कार्यालयः 209, द्वितीय तल, 960-81/1, मक्की मार्केट, चावड़ी बाजार, दिल्ली-110006

महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड
निगम एवं पंजी. कार्यालय : महानगर दूरसंचार सदन, पंचम तल, 9, सीजीओ कांम्प्लेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली-110003
सीआईएन: L32101DL1986GOI023501

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

टी.ई. सं. एमटीएनएल/20-80(885)/2019-एमएम/आईएलडी कैरेज चार्जेस, दिनांक :14.10.2019
एमटीएनएल द्वारा एमटीएनएल दिल्ली एवं मुम्बई के ओरिजनेटिंग आईएलडी ट्रैफिक को ले जाने के लिए वेन्डरों के एम्पैनलमेंट हेतु ऑनलाइन खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। विवरण हेतु कृपया वेबसाइट https://www.eprocure.gov.in/eprocure/app या www.mtnl.in पर लॉग ऑन करें।
डीजीएम (एमएम) सीओ

के.सी.एम. लीजिंग एण्ड फाइनेन्स प्राइवेट लिमिटेड
CIN: U65910DL1992PTC047317
जे-1/202, भू तल, डीडीए फ्लैट्स, कालकाजी, नई दिल्ली-110019
ई-मेलः kcm.financepvt@gmail.com, फोन नं. 011-40502041

सार्वजनिक सूचना

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि गैर बैंकिंग वित्तीय संस्थान के व्यवसाय के निष्पादन के लिये भारतीय रिजर्व बैंक में ''श्रेणी बी'' गैर बैंकिंग वित्तीय कम्पनी के रूप में पंजीकृत के.सी.एम. लीजिंग एण्ड फाइनेन्स प्राइवेट लिमिटेड जिसका CIN: U65910DL1992PTC047317 है, के पक्ष में भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 451A के अंतर्गत भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी मूल पंजीकरण प्रमाणपत्र जिसका पंजीकरण सं. बी-14.02571 है, कहीं गुम/स्थानच्युत हो गया है तथा नहीं मिल रहा है। यदि किसी व्यक्ति को वह मिले, तो के.सी.एम. लीजिंग एण्ड फाइनेन्स प्राइवेट लिमिटेड, पंजीकृत कार्यालयः जे-1/202, भू तल, डीडीए फ्लैट्स, कालकाजी, नई दिल्ली-110019 को उसकी सूचना दें। एतद्द्वारा सभी व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि अवांछित तत्वों द्वारा पंजीकरण प्रमाणपत्र का दुष्प्रयोग न करें तथा के.सी.एम. लीजिंग एण्ड फाइनेन्स प्राइवेट लिमिटेड एतद्द्वारा वचन देता है कि यदि बाद में वह मिला, पंजीकरण का प्रमाणपत्र 6, संसद मार्ग, नई दिल्ली में स्थित अंचल कार्यालय में उसे वापस लौटा दिया जायेगा।

बोर्ड के आदेश से
के.सी.एम. लीजिंग एण्ड फाइनेन्स प्राइवेट लिमिटेड
जीतेन्द्र सिंह
निदेशक, DIN: 06907838
निवासीः एच. नं. 1120, पंडित वाली गली,
विजय नगर, शिवपुरी 3, गाजियाबाद, 201001

असीमित फिनवेस्ट प्राइवेट लिमिटेड
CIN: U74899DL1993PTC056559
जे-1/202, भू तल, डीडीए फ्लैट्स, कालकाजी, नई दिल्ली-110019
ई-मेलः asimit.exportspvt@gmail.com, फोन नं. 011-40502041

सार्वजनिक सूचना

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि गैर बैंकिंग वित्तीय संस्थान के व्यवसाय के निष्पादन के लिये भारतीय रिजर्व बैंक में ''श्रेणी बी'' गैर बैंकिंग वित्तीय कम्पनी के रूप में पंजीकृत असीमित फिनवेस्ट प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में असीमित एक्स्पोर्ट प्रा.लि. के नाम से विदित) जिसका CIN: U74899DL1993PTC056559 है, के पक्ष में भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 451A के अंतर्गत भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी मूल पंजीकरण प्रमाणपत्र जिसका पंजीकरण सं. बी-14.02647 है, कहीं गुम/स्थानच्युत हो गया है तथा नहीं मिल रहा है। यदि किसी व्यक्ति को वह मिले, तो असीमित फिनवेस्ट प्राइवेट लिमिटेड, पंजीकृत कार्यालयः जे-1/202, भू तल, डीडीए फ्लैट्स, कालकाजी, नई दिल्ली-110019 को उसकी सूचना दें। एतद्द्वारा सभी व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि अवांछित तत्वों द्वारा पंजीकरण प्रमाणपत्र का दुष्प्रयोग न करें तथा असीमित फिनवेस्ट प्राइवेट लिमिटेड एतद्द्वारा वचन देता है कि यदि बाद में वह मिला, पंजीकरण का प्रमाणपत्र 6, संसद मार्ग, नई दिल्ली में स्थित अंचल कार्यालय में उसे वापस लौटा दिया जायेगा।

बोर्ड के आदेश से
असीमित फिनवेस्ट प्राइवेट लिमिटेड के लिये
रजनी शर्मा
निदेशक, DIN: 08024261
निवासीः 109ए, ए-ब्लॉक-एफ, प्रताप विहार,
सेक्टर-11, गाजियाबाद

छह राज्यों में स्कूली शिक्षा पर जमीनी सर्वेक्षण करा रही है एनसीईआरटी

सर्वेक्षण के आधार पर पठन पाठन की स्थिति को उन्नत बनाया जाएगा

नई दिल्ली, 13 अक्तूबर (भाषा)।

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् (एनसीईआरटी) राष्ट्रीय पाठ्यचर्या एवं पठन-पाठन की व्यवस्था को उन्नत बनाने के लिए देश के छह राज्यों के छह प्रखंडों में प्राथमिक शिक्षा स्तर पर जमीनी सर्वेक्षण करा रही है ।

यह सर्वेक्षण स्कूलों की स्थिति, पाठ्एतर गतिविधियों में छात्रों की सहभागिता, छात्र केंद्रित गतिविधि, शिक्षकों को पेश आने वाली परेशानी, स्कूल के माहौल के आधार पर किया जा रहा है।

एनसीईआरटी के निदेशक ऋषिकेश सेनापति ने एजंसी से कहा, इन छह राज्यों में कर्नाटक के मैसूर में हुंसूर प्रखंड, मध्य प्रदेश के भोपाल में इच्छावर, मेघालय के शिलांग में भोइरिमबांग, राजस्थान के भीलवाड़ा में हुर्दा तथा ओड़ीशा के भुवनेश्वर में चिल्का प्रखंड शामिल हैं। उन्होंने बताया, इन छह प्रखंडों में स्कूली शिक्षा के विविध आयामों पर जमीनी (बेसलाइन) सर्वेक्षण कराया जा रहा है। इसके तहत हमने कई गतिविधियां तैयार की हैं और इन प्रखंडों में स्थित स्कूलों में इनके अनुपालन की स्थिति एवं प्रगति की समीक्षा करके और रिपोर्ट तैयार की जाएगी। इस सर्वेक्षण के तहत एनसीईआरटी की टीम स्कूलों का दौरा कर रही

> कर्नाटक के मैसूर में हुंसूर प्रखंड, मध्य प्रदेश के भोपाल में इच्छावर, मेघालय के शिलांग में भोइरिमबांग, राजस्थान के भीलवाड़ा में हुर्दा तथा ओड़ीशा के भुवनेश्वर में चिल्का प्रखंड शामिल हैं।

है और इसमें सामुदायिक भागीदारी भी सुनिश्चित की गई है। इस कार्य में राज्य शिक्षा विभाग, एससीईआरटी, शिक्षाविदों, शिक्षकों, छात्रों एवं अधिकारियों की भी सहभागिता है। एनसीईआरटी के निदेशक ने बताया कि इस सर्वेक्षण के आधार पर राष्ट्रीय पाठ्यचर्या एवं पठन पाठन की स्थिति को उन्नत बनाया जाएगा।

गौरतलब है कि एनसीईआरटी ने नई शिक्षा नीति लागू होने के बाद राष्ट्रीय पाठ्यचर्या 2005 को उन्नत बनाने की योजना बनाई है।

एनसीईआरटी के सर्वेक्षण के तहत कर्नाटक के मैसूर में हुंसूर प्रखंड में 329 स्कूलों के 21500 छात्र एवं 1208 शिक्षकों को शामिल किया गया है जबकि मध्य प्रदेश के भोपाल में इच्छावर प्रखंड में 290 स्कूलों में 17000 छात्रों एवं 649 शिक्षकों को शामिल किया गया है। मेघालय के शिलांग में भोइरिमबांग प्रखंड में 183 स्कूलों में 13613 छात्रों एवं 946 शिक्षकों, राजस्थान के भीलवाड़ा में हुर्दा प्रखंड में 167 स्कूलों में 20 हजार से अधिक छात्रों एवं 496 शिक्षकों तथा ओड़ीशा के भुवनेश्वर में चिल्का प्रखंड में 119 स्कूलों में 16098 छात्रों एवं 574 शिक्षकों को शामिल किया गया है।

एनसीईआरटी के निदेशक ने बताया कि परिषद् ने पहली से आठवीं कक्षा के लिए पहले ही लर्निंग आउटकम जारी कर दिया है और इसी महीने माध्यमिक शिक्षा के स्तर पर लर्निंग आउटकम जारी किया जाएगा। सेनापति ने बताया, हमारा जोर क्षमता उन्नयन पर है। हम छात्रों में समस्या समाधान क्षमता एवं समालोचनात्मक सोच को बढ़ावा देना चाहते हैं। लर्निंग आउटकम को उसी हिसाब से तैयार किया गया है।

रामबन में हुए भूस्खलन के कारण जम्मू-श्रीनगर राजमार्ग पर रविवार को जाम में फंसे ट्रक।

उत्तराखंड में दो सड़क हादसों में 11 की मौत, कई घायल

जनसत्ता संवाददाता
देहरादून 13 अक्तूबर।

उत्तराखंड में रविवार को दो सड़क दुर्घटनाओं में 11 लोगों की मौत हो गई और कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

उत्तराखंड के सीमांत जिले चमोली में रविवार को भयानक सड़क हादसा हुआ। चमोली जिले के देवाल-घेस सड़क मार्ग पर यात्रियों से भरी जीप गहरी खाई में गिर जाने से 10 लोगों की मौत हो गई। राज्य आपदा प्रबंधन दल और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीमें राहत और बचाव कार्यों में जुटी हैं। चमोली की जिलाधिकारी स्वाति भदौरिया ने बताया कि वाहन सवार सभी लोग गांव के ही एक व्यक्ति के अंतिम संस्कार में शामिल होने जा रहे थे। जैसे ही वाहन देवाल से दो किलोमीटर दूर काली ताल के पास पहुंचा वाहन अचानक संतुलन खो बैठा और गहरी नदी में जा गिरा। इस वाहन में 14 लोग सवार बताए जा रहे हैं।

जिलाधिकारी चमोली स्वाति भदौरिया घायलों से मिलने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र थराली पहुंची। इस दुर्घटना पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने गहरा दुख जताया है और उन्होंने इस दुर्घटना की जांच के आदेश दिए हैं। जिला अधिकारी के मुताबिक पांच घायलों को बचाव राहत दल की टीम ने गहरी खाई से निकालकर देवाल में इलाज के बाद चमोली के जिला चिकित्सालय भेजा। इन घायलों में से एक घायल ने रास्ते में दम तोड़ दिया जबकि 9 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। दूसरा हादसा गढ़वाल मंडल के बदरीनाथ धाम के राष्ट्रीय राजमार्ग पर पाताल गंगा में हुआ। वहां एक ट्रक तीन सौ मीटर गहरी खाई में जा गिरा। इस दुर्घटना में चालक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

मुख्य मुद्दों से लोगों का ध्यान भटकाया जा रहा है : राहुल

लातूर, 13 अक्तूबर (भाषा)।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को आरोप लगाया कि सरकार और मीडिया मुख्य मुद्दों से लोगों का ध्यान भटका रहे हैं। महाराष्ट्र में लातूर जिले के औसा में एक चुनावी रैली में गांधी ने कहा कि जब युवा नौकरी मांगते है तो सरकार उन्हें, इसरो के हालिया चंद्र अभियान, चंद्रयान -2 के स्पष्ट संदर्भ में, चांद देखने के लिए कहती है।

उन्होंने यह भी जानकारी देने को कहा कि चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ हाल में हुई बैठक के दौरान मोदी ने क्या उनसे 2017 डोकलाम गतिरोध के बारे में पूछा। वे 2017 में भारतीय क्षेत्र में चीनी सैनिकों की कथित घुसपैठ का जिक्र कर रहे थे।

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने '15 अमीर लोगों' का 5.5 लाख करोड़ रुपये का कर्ज माफ किया।

गांधी ने आरोप लगाया, 'मीडिया, मोदी और शाह का काम मुख्य मुद्दों से लोगों का ध्यान भटकाना है। किसानों के संकट और नौकरियों की कमी पर मीडिया चुप है। मीडिया अमीर लोगों की कर्ज माफी पर भी चुप्पी साधे है।' उन्होंने कहा कि नोटबंदी और वस्तु एवं सेवाकर (जीएसटी)का उद्देश्य गरीबों की जेबों से पैसा निकाल कर अमीरों को देना था।

बाल अश्लीलता फैलाने को लेकर 12 गिरफ्तार, 20 पर मामला दर्ज

तिरूवनंतपुरम, 13 अक्तूबर (भाषा)।

केरल में सोशल मीडिया के माध्यम से कथित रूप से बाल अश्लीलता (चाइल्ड पोर्नोग्राफी) फैलाने को लेकर 12 लोगों को गिरफ्तार किया गया है और 20 लोगों के विरूद्ध मामले दर्ज किए गए हैं।

केरल पुलिस की बाल यौन उत्पीड़न निरोधक इकाई (सीसीएसई) द्वारा राज्य में 21 स्थानों पर छापा मारे जाने के बाद यह कार्रवाई हुई है। सीसीएसई इंटरपोल की बच्चों के विरूद्ध अपराध संबंधी इकाई और इंटरनेशनल सेंटर फोर मिसिंग एंड एक्सप्लॉयटेड चिल्ड्रेन के साथ मिलकर काम करती है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि 12 अक्तूबर को सुबह छह बजे छापा शुरू हुआ था जो रविवार को करीब एक बजे समाप्त हुआ। पुलिस ने एक विज्ञप्ति में बताया कि गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों के पास से लैपटॉप, मोबाइल फोन मॉडम, हार्ड डिस्क, मेमोरी कार्ड, कंप्यूटर और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किए गए।

पुलिस ने बताया कि जिन वाट्स ऐप ग्रुपों पर बाल अश्लीलता फैलाई जा रही थी, उनकी भी पहचान कर ली गई है।

बेटी से शिक्षक ने छेड़छाड़ की पिता ने फांसी लगाकर जान दी

सागर (मध्य प्रदेश), 13 अक्तूबर (भाषा)।

दसवीं में पढ़ने वाली अपनी 16 वर्षीय बेटी से एक सरकारी स्कूल के शिक्षक द्वारा कथित तौर पर छेड़छाड़ करने और इस संबंध में दर्ज मामले को स्कूल की प्रिंसिपल सहित कुछ अन्य लोगों द्वारा वापस लेने का दबाव बनाए जाने से तंग आकर एक व्यक्ति ने बिजली के टावर से फांसी लगाकर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली।

यह घटना सागर जिला मुख्यालय से करीब 42 किलोमीटर दूर गढ़ाकोटा कस्बे में हुई। छात्रा से स्कूल में छेड़छाड़ करने के मामले में शासकीय कन्या विद्यालय गढ़ाकोटा का आरोपी शिक्षक वर्तमान में जेल में बंद है। गढ़ाकोटा पुलिस थाना प्रभारी कमलेंद्र कलचुरी ने रविवार को बताया, 'छेड़छाड़ की 16 वर्षीय पीड़ित छात्रा के पिता ने शनिवार रात अपने घर से करीब दो किलोमीटर दूरी पर स्थित खेत में लगे बिजली के टावर से फंदा लटकाकर आत्महत्या कर ली।' उन्होंने कहा कि मृतक के पास से एक सुसाइड नोट भी मिला है।

कलचुरी ने बताया कि इस सुसाइड नोट में उसने आरोप लगाया है कि स्कूल की महिला प्रिंसिपल एवं कुछ अन्य लोग छेड़छाड़ की शिकायत को वापस लेने के लिए दबाव बना रहे हैं, जिससे वह व्यथित एवं परेशान है। उन्होंने कहा कि सुसाइड नोट के आधार पर पुलिस ने स्कूल की प्रिंसिपल व अन्य के खिलाफ भादंवि की धारा 306 (आत्महत्या का दुष्प्रेरण) के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

नेशनल पैंथर पार्टी ने राष्ट्रपति को सौंपी याचिका

जम्मू, 13 अक्तूबर (भाषा)।

भाजपा पर जम्मू कश्मीर की लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करने का आरोप लगाते हुए नेशनल पैंथर्स पार्टी (एनपीपी) ने राज्य में 'संवैधानिक गारंटियों' को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए रविवार को राष्ट्रपति के हस्तक्षेप की मांग की।

उत्तराखंड में दोबारा शुरू होगा 'ऑपरेशन मुक्ति'

देहरादून, 13 अक्तूबर (भाषा) ।

भिक्षावृत्ति की प्रवृत्ति को समाप्त कर इसमें लिप्त बच्चों को मुख्य धारा में लाने के लिए चलाए गए 'ऑपरेशन मुक्ति' की सफलता से उत्साहित उत्तराखंड पुलिस अब जल्द ही इसे दोबारा शुरू करेगी। अभियान के तहत भीख मांगने, कूड़ा बीनने, गुब्बारा बेचने आदि कार्यों में लगे 292 बच्चों का विवरण तैयार किया गया।

पूर्व में दो माह तक चली इस कवायद से प्रदेश भर में भिक्षा मांगने वाले 68 बच्चों को न केवल इस बुरी प्रथा से मुक्ति दिलाई गई बल्कि उन्हें पुनर्वासित कर अन्य बच्चों की तरह स्कूल में दाखिल भी कराया गया जिससे वे भी शिक्षा ग्रहण कर एक उज्ज्वल भविष्य की राह पर चल सकें।

इन 68 बच्चों में से 11 वर्षीय राजू को दृष्टिहीन होने के चलते यहां देहरादून स्थित प्रतिष्ठित राष्ट्रीय दृष्टिबाधितार्थ संस्थान (एनआइवीएच) में दाखिला दिलाया गया है। अन्य 67 बच्चों को भी सरकारी स्कूलों में दाखिला दिलाया गया है। उत्तराखंड के पुलिस महानिदेशक, कानून एवं व्यवस्था, अशोक कुमार ने कहा कि आपरेशन मुक्ति के बाद प्रदेश भर में भिक्षावृत्ति में लिप्त बच्चों की संख्या में काफी कमी आई है और इसकी सफलता को देखते हुए हम इसे जल्द ही दोबारा शुरू करेंगे।

उन्होंने कहा कि इस काम में लगे बच्चों को इससे बाहर निकालना एक बड़ी चुनौती है क्योंकि ज्यादातर मामलों में इन बच्चों के माता-पिता ही इनसे भिक्षावृत्ति कराते हैं। हालांकि उन्होंने उम्मीद जताई कि भिक्षावृत्ति पर प्रभावी रोकथाम, जागरूकता और भिक्षावृत्ति में लिप्त बच्चों के पुनर्वास के अपने लक्ष्य में पुलिस सफल होगी। इस साल एक मई से 30 जून तक तीन चरणों में चलाए गए 'आपरेशन मुक्ति' के तहत पुलिस ने एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट्स भी बनाए और इन्हें प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर तैनात किया गया।

धार्मिक नगरी हरिद्वार में भिक्षावृत्ति की प्रवृत्ति के ज्यादा होने के मद्देनजर वहां ज्यादा ध्यान किया गया। देहरादून में भी शहर के ऐसे इलाके चिन्हित किए गए जहां बच्चे भिक्षावृत्ति में ज्यादा लिप्त रहते हैं। इन इलाकों में दर्शन लाल चौक, परेड ग्राउंड, एश्ले हॉल, आइएसबीटी, रिस्पना पुल, पैसिफिक मॉल, रेलवे स्टेशन, दिलाराम चौक, प्रिंस चौक, बल्लूपुर चौक आदि स्थानों पर लगातार अभियान चलाया गया।

पहले चरण में भिक्षावृत्ति में लिप्त बच्चों और उनके परिवारों का विवरण तैयार किया गया जबकि दूसरे चरण में समस्त स्कूलों, कॉलेजों और सार्वजनिक स्थानों, सिनेमाघरों और बस तथा रेलवे स्टेशनों तथा धार्मिक स्थानों पर बच्चों को भिक्षा न देने के लिए जनता के बीच जागरूकता अभियान चलाया गया।

इस अभियान में बच्चों को जबरन भिक्षावृत्ति में धकेलने वाले व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के अलावा बच्चों के परिवारजनों को भी समझाया गया कि भिक्षावृत्ति एक बुराई है। तीसरे चरण में भिक्षावृत्ति में लिप्त बच्चों को इससे हटाकर उनके परिजनों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर कार्रवाई करना तथा किसी प्रकार का संदेह होने पर डीएनए टेस्ट की कार्रवाई करना शामिल है। अभियान के तहत भीख मांगने, कूड़ा बीनने, गुब्बारा बेचने आदि कार्यों में लगे 292 बच्चों का विवरण तैयार किया गया।

FORM G
INVITATION FOR EXPRESSION OF INTEREST
(Under Regulation 36A (1) of the Insolvency and Bankruptcy (Insolvency Resolution Process for Corporate Persons Regulations, 2016)

FOR THE ATTENTION OF THE PROSPECTIVE RESOLUTION APPLICANTS OF M/S. ABHINAV STEELS AND POWER LIMITED

Sl.No.	RELEVANT PARTICULARS	
1	Name Of Corporate Debtor	ABHINAV STEELS AND POWER LIMITED
2	Date Of Incorporation Of Corporate Debtor	05/10/1987
3	Authority Under Which Corporate Debtor Is Incorporated/registered	ROC- New Delhi
4	Corporate Identity Number/limited Liability Identification Number Of Corporate Debtor	U74899DL1987PLC029384
5	Address Of The Registered Office and Principal Office (if Any) Of Corporate Debtor	Registered Office: 401, Mahavirji Complex Lsc, Rishabh Vihar New Delhi DL 110092 Factory Address: A-42, 43, 44, 45, 46, 47, SIDA Industrial Area, Satharia, Jaunpur, UP
6	Insolvency Commencement Date of the corporate Debtor	31/07/2019 (By the Order of Hon'ble NCLT, New Delhi, Principal Bench CP. No (IB) 275/ND/2019
7	Date Of Invitation Of Expression Of Interest	14th October, 2019
8	Eligibility For Resolution Applicants Under Section 25(2)(H) Of The Code Available At:	Details can be sought by emailing at shravan.vishnoi@yahoo.com
9	Norms Of Ineligibility Applicable Under Section 29A Available At :	http://ibbi.gov.in/webfront/legal_framework.php. Official website of IBBI. Also details can be sought by emailing at shravan.vishnoi@yahoo.com
10	Last Date for Receipt Of Expression Of Interest	04th November,2019
11	Date Of Issue Of Provisional List Of Prospective Resoluton Applicants	8th November,2019
12	Last Date For Submission Of Objections To Provisional List	13th November,2019
13	Date of issue of final list of prospective resolution applicants	20th November,2019
14	Date of issue of information memorandum, evaluation matrix and request for resolution plans to prospective resolution applicants	13th November,2019
15	Manner Of Obtaining Request For Resolution Plan, Evaluation Matrix, Information Memorandum And Further Information	The Resolution professional will share the request for resolution plan/ Evaluation Matrix/ Information Memorandum in electronic form after verification of KYC, capacity to invest, capability to manage and eligibility under section 29A of IBC, 2016 and prequalification criteria, if any approved by COC and after submission of Non-disclosure agreement. Further details can be obtained by sending email at shravan.vishnoi@yahoo.com
16	Last date for submission of resolution plans	16th December,2019
17	Manner Of Submitting Resolution Plans To Resolution Professional	In electronic form to the email ID mentioned against at serial no. 20. An additional physical copy may also be submitted in a sealed envelope containing duly signed hard copy and soft copy in a pen dive at the address mentioned against at Sl No. 21 so as to reach on or before the last date.
18	Estimated Date For Submission Of Resolution Plan To The Adjudicating Authority For Approval	10th January,2020
19	Name and Registration Number of Resolution Professional	CS Shravan Kumar Vishnoi IBBI/IPA-002/IP-N00040/2016-2017/10079
20	Name, address and e-mail of the resolution professional, as registered with the board	BCC Tower, 1008,10th Floor, Sultanpur-Lko Road, Arjun Ganj, Nr Saheed Path, Lucknow 226002 (UP) Shravan.vishnoi@yahoo.com +91 9839 443555
21	Address and E-mail, to be used for correspondence with the Resolution Professional	BCC Tower, 1008,10th Floor, Sultanpur-Lko Road, Arjun Ganj, Nr Saheed Path, Lucknow 226002 (UP) Shravan.vishnoi@yahoo.com +91 9839 443555
22	Further details are available at or with	Details can be sought by emailing at shravan.vishnoi@yahoo.com
23	Date of Publication of Form G	14th October, 2019

Sd/-
SHRAVAN KUMAR VISHNOI
RESOLUTION PROFESSIONAL
M/s ABHINAV STEELS AND POWER LIMITED
IP Registration No.IBBI/IPA-002/IP-N00040/2016-2017/10079
Date : 14th October 2019
Place : Lucknow

FORM G
INVITATION FOR EXPRESSION OF INTEREST
(Under Regulation 36A (1) of the Insolvency and Bankruptcy (Insolvency Resolution Process for Corporate Persons Regulations, 2016)

FOR THE ATTENTION OF THE PROSPECTIVE RESOLUTION APPLICANTS OF M/S. RS INGOT AND BILLET PRIVATE LIMITED (DEMERGED ENTITY OF ABHINAV STEELS AND POWER LIMITED)

Sl.No.	RELEVANT PARTICULARS	
1	Name Of Corporate Debtor	RS INGOT AND BILLET PRIVATE LIMITED
2	Date Of Incorporation Of Corporate Debtor	16/08/2012
3	Authority Under Which Corporate Debtor Is Incorporated/registered	ROC- New Delhi
4	Corporate Identity Number/limited Liability Identification Number Of Corporate Debtor	U27100DL2012PTC240299
5	Address Of The Registered Office and Principal Office (if Any) Of Corporate Debtor	Registered Office: 401, Mahavirji Complex Lsc, Rishabh Vihar New Delhi DL 110092 Factory Address: A-18, 19, 21, 22, 25, 26, 27, SIDA Industrial Area, Satharia, Jaunpur, UP
6	Insolvency Commencement Date of the corporate Debtor	31/07/2019 (By the Order of Hon'ble NCLT, New Delhi, Principal Bench CP. No (IB) 274/PB/2019
7	Date Of Invitation Of Expression Of Interest	14th October, 2019
8	Eligibility For Resolution Applicants Under Section 25(2)(H) Of The Code Available At:	Details can be sought by emailing at shravan.vishnoi@yahoo.com
9	Norms Of Ineligibility Applicable Under Section 29A Available At :	http://ibbi.gov.in/webfront/legal_framework.php. Official website of IBBI. Also details can be sought by emailing at shravan.vishnoi@yahoo.com
10	Last Date for Receipt Of Expression Of Interest	04th November,2019
11	Date Of Issue Of Provisional List Of Prospective Resoluton Applicants	8th November,2019
12	Last Date For Submission Of Objections To Provisional List	13th November,2019
13	Date of issue of final list of prospective resolution applicants	20th November,2019
14	Date of issue of information memorandum, evaluation matrix and request for resolution plans to prospective resolution applicants	13th November,2019
15	Manner Of Obtaining Request For Resolution Plan, Evaluation Matrix, Information Memorandum And Further Information	The Resolution professional will share the request for resolution plan/ Evaluation Matrix/ Information Memorandum in electronic form after verification of KYC, capacity to invest, capability to manage and eligibility under section 29A of IBC, 2016 and prequalification criteria, if any approved by COC and after submission of Non-disclosure agreement. Further details can be obtained by sending email at shravan.vishnoi@yahoo.com
16	Last date for submission of resolution plans	16th December,2019
17	Manner Of Submitting Resolution Plans To Resolution Professional	In electronic form to the email ID mentioned against at serial no. 20. An additional physical copy may also be submitted in a sealed envelope containing duly signed hard copy and soft copy in a pen dive at the address mentioned against at Sl No. 21 so as to reach on or before the last date.
18	Estimated Date For Submission Of Resolution Plan To The Adjudicating Authority For Approval	10th January,2020
19	Name and Registration Number of Resolution Professional	CS Shravan Kumar Vishnoi IBBI/IPA-002/IP-N00040/2016-2017/10079
20	Name, address and e-mail of the resolution professional, as registered with the board	BCC Tower, 1008,10th Floor, Sultanpur-Lko Road, Arjun Ganj, Nr Saheed Path, Lucknow 226002 (UP) Shravan.vishnoi@yahoo.com +91 9839 443555
21	Address and E-mail, to be used for correspondence with the Resolution Professional	BCC Tower, 1008,10th Floor, Sultanpur-Lko Road, Arjun Ganj, Nr Saheed Path, Lucknow 226002 (UP) Shravan.vishnoi@yahoo.com +91 9839 443555
22	Further details are available at or with	Details can be sought by emailing at shravan.vishnoi@yahoo.com
23	Date of Publication of Form G	14th October, 2019

Sd/-
SHRAVAN KUMAR VISHNOI
RESOLUTION PROFESSIONAL
M/s. RS INGOT AND BILLET PRIVATE LIMITED
IP Registration No.IBBI/IPA-002/IP-N00040/2016-2017/10079
Date : 14th October 2019
Place : Lucknow

यूको बैंक (भारत सरकार का उपक्रम) **UCO BANK** (A Govt. of India Undertaking)
शाखा कार्यालयः ए-148, प्रियदर्शिनी विहार, लक्ष्मी नगर, दिल्ली-110092

कब्जा सूचना (प्रतिभूति हित (प्रवर्तन), अधिनियम 2002 के नियम 8(1) के तहत

जबकि वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 (2002 का 54) के अंतर्गत **यूको बैंक, प्रियदर्शिनी विहार, लक्ष्मी नगर, दिल्ली शाखा** का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) अधिनियम, 2002 के नियम 3 के साथ पढ़े जाने वाले अनुच्छेद 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने मांग सूचना, दिनांक **29.05.2019** जारी की थी, जिसके द्वारा **कर्जदारः मैसर्स जहनवी माही सेलेक्शन** पार्टनर्स – **श्री कृष्ण दत्त शर्मा, श्री रवि दत्त शर्मा, श्रीमती रेनु शर्मा एवं श्रीमती पूनम शर्मा**, को सूचना में उल्लिखित राशि **रु.31,13,150.83 (इकतीस लाख तेरह हजार एक सौ पचास रूपये तिरासी पैसे मात्र)** उक्त सूचना की प्राप्ति के 60 दिनों के भीतर चुकाने के लिए कहा गया था। **कर्जदार** के इस राशि को चुकाने में असफल रहने के कारण, कर्जदार तथा आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 के साथ पढ़े जाने वाले कथित अधिनियम की उपधारा (4) की धारा 13 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा **दिनांक 10 अक्टूबर, 2019** को ले लिया है। **कर्जदार** को विशेष तौर पर तथा आम जनता को सामान्य तौर पर एतद्द्वारा सावधान किया जाता है कि वे **सम्पत्ति** के साथ किसी प्रकार का लेन-देन न करें और **सम्पत्ति** का कोई भी लेनदेन **रु.31,13,150.83 (इकतीस लाख तेरह हजार एक सौ पचास रूपये तिरासी पैसे मात्र) और उस पर अन्य विविध खर्चे तथा ब्याज के साथ, यूको बैंक, प्रियदर्शिनी विहार, लक्ष्मी नगर, दिल्ली शाखा** के प्रभार के भुगतान के अधीन होगा।

ऋणियों का ध्यान सुरक्षित सम्पत्ति को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम के अनुच्छेद (13) के उप-अनुच्छेद (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।

अचल सम्पत्ति का विवरण

बिल्डिंग नं. सी-15, सेक्टर-15, मिलो कॉम्प्लैक्स, वसुन्धरा, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश में स्थित बिना छत अधिकार सम्पत्ति बेसमेंट स्पेश नं. बी-2, कवर्ड एरिया 57 वर्ग मीटर के सभी भाग एवं हिस्से **जो घिरा है:**

उत्तरः बेसमेंट स्थान **दक्षिणः** प्लॉट नं. 15सी/14
पूर्वः प्लॉट नं. 15/सी 16 एवं 17 **पश्चिमः** खुला स्थान

तिथिः 10.10.2019 **प्राधिकृत अधिकारी**
स्थानः गाज़ियाबाद **यूको बैंक**

यूको बैंक (भारत सरकार का उपक्रम) **UCO BANK** (A Govt. of India Undertaking)
शा.का.: 40, कम्युनिटी सेंटर, औद्योगिक क्षेत्र फ़ेज:-1, नारायणा, नई दिल्ली-110028

कब्जा सूचना (प्रतिभूति हित (प्रवर्तन), अधिनियम 2002 के नियम 8(1) के तहत

जबकि वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 (2002 का 54) के अंतर्गत **यूको बैंक, नारायणा, नई दिल्ली शाखा** का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) अधिनियम, 2002 के नियम 3 के साथ पढ़े जाने वाले अनुच्छेद 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने मांग सूचना, दिनांक **19.07.2019** जारी की थी, जिसके द्वारा **कर्जदारः श्रीमती प्रेमलता गुप्ता, मालिक- मैसर्स डाईलेन जींस,** को सूचना में उल्लिखित राशि **रु.24,14,833.96 (चौबीस लाख चौदह हजार आठ सौ तैंतीस रूपये छियानबे पैसे मात्र)** उक्त सूचना की प्राप्ति के 60 दिनों के भीतर चुकाने के लिए कहा गया था। **कर्जदार** के इस राशि को चुकाने में असफल रहने के कारण, कर्जदार तथा आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 के साथ पढ़े जाने वाले कथित अधिनियम की उपधारा (4) की धारा 13 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा **दिनांक 10 अक्टूबर, 2019** को ले लिया है। **कर्जदार** को विशेष तौर पर तथा आम जनता को सामान्य तौर पर एतद्द्वारा सावधान किया जाता है कि वे **सम्पत्ति** के साथ किसी प्रकार का लेन-देन न करें और **सम्पत्ति** का कोई भी लेनदेन **रु.24,14,833.96 (चौबीस लाख चौदह हजार आठ सौ तैंतीस रूपये छियानबे पैसे मात्र) और उस पर ब्याज के साथ, यूको बैंक, नारायणा, नई दिल्ली शाखा** के प्रभार के भुगतान के अधीन होगा।

ऋणियों का ध्यान सुरक्षित सम्पत्ति को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम के अनुच्छेद (13) के उप-अनुच्छेद (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।

अचल सम्पत्ति का विवरण

उप-जिला गांव मटियाला दिल्ली और आबादी को नन्हे पार्क कॉलोनी के रूप में जाना जाता है, सी-ब्लॉक, उत्तम नगर, नई दिल्ली-110059 के भीतर पंजीकृत सम्पत्ति फ्लैट नं. सी-34, दूसरा तल, बिना छत अधिकार/टैरेस अधिकार, खसरा नं. 18/22 में शामिल सम्पत्ति के सभी भाग एवं हिस्से **जो घिरा है:**

उत्तरः कथित सम्पत्ति का भाग **क्षिणः** रोड 20 फीट
पूर्वः कथित सम्पत्ति का भाग **पश्चिमः** कथित सम्पत्ति का भाग

तिथिः 10.10.2019 **प्राधिकृत अधिकारी**
स्थानः नई दिल्ली **यूको बैंक**

खबर कोना

रूस के दानिल मेदवेदेव ने शंघाई मास्टर्स के फाइनल में रविवार को अलेक्जेंडर ज्वेरेव को एकतरफा मुकाबले में हराकर साल का चौथा खिताब जीता। लगातार छठे टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचे 23 साल के इस खिलाड़ी ने 74 मिनट तक चले मुकाबले में जर्मनी के खिलाड़ी को 6-4, 6-1 से हराया।

भारत को सैफ अंडर-15 फुटबॉल में बांग्लादेश ने ड्रॉ पर रोका

थिम्पू, 13 अक्तूबर (भाषा)।

भारतीय अंडर-15 महिला फुटबॉल टीम को सैफ चैंपियनशिप के आखिरी लीग मुकाबले में रविवार को यहां बांग्लादेश ने 1-1 की बराबरी पर रोक दिया। अमिशा बाक्स्ला ने 24वें मिनट में गोलकर भारत को बढ़त दिला दी थी लेकिन टीम इस बढ़त को दो मिनट तक ही बरकरार रख पाई। बांग्लादेश की सपना रानी के 26वें मिनट में किए गए गोल से स्कोर 1-1 हो गया। इसके बाद दोनों टीम को गोल करने के मौके मिले लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। दोनों टीमें हालांकि पहले ही मंगलवार को खेले जाने वाले फाइनल के लिए क्वालीफाई कर चुकी है। इस मुकाबले के ड्रॉ होने के बाद दोनों टीमों के एक समान सात अंक हैं। बेहतर गोल अंतर के कारण भारतीय टीम शीर्ष पर है।

राष्ट्रीय हॉकी शिविर के लिए 22 खिलाड़ियों का चयन

नई दिल्ली, 13 अक्तूबर (भाषा)।

हॉकी इंडिया ने एक और दो नवंबर को भुवनेश्वर में होने वाले एफआइएच ओलंपिक क्वालीफायर से पहले पुरुष हॉकी टीम के राष्ट्रीय शिविर के लिए 22 खिलाड़ियों का चयन किया। खिलाड़ी सोमवार से कलिंगा स्टेडियम पर लगने वाले शिविर में मुख्य कोच ग्राहम रीड को रिपोर्ट करेंगे। भारतीय टीम हाल ही में बेल्जियम के सफल दौरे से लौटी है जहां उसने मेजबान को तीन और स्पेन को दो मैचों में हराया। भारत को अगले महीने तोक्यो ओलंपिक क्वालीफायर में रूस से खेलना है।

पेस ने टीपीएल नीलामी में युवाओं पर लगाया दांव

मुंबई, 13 अक्तूबर (भाषा)।

मुंबई लियोन आर्मी टीम के सह मालिक लिएंडर पेस और कोच सुखवंत बसरा ने दूसरे टेनिस प्रीमियर लीग (टीपीएल) की नीलामी में रविवार को युवा खिलाड़ियों निक्की पूनाचा और आर्यन गोवियास को क्रमशः 2.25 और 1.25 लाख रुपए में खरीदा। निक्की ने पिछले सप्ताह आर्यन को हराकर फेनेस्टा नेशनल्स का खिताब जीता था। युवा खिलाड़ियों में जहां टीमों ने दिलचस्पी दिखाई वहीं टीमों में देश के चोटी के खिलाड़ियों के लिए प्रतिस्पर्धा देखी गई। पुरुष वर्ग में साकेत मयनेनी (दिल्ली बिन्नी ब्रिगेड), सोमदेव देववर्मन (गुजरात पैंथर्स), विष्णु वर्धन (बंगलुरु हॉक्स), जीवन नेदुचेझियन (पंजाब बुल्स) और पुरव राजा (पुणे वारियर्स) को समान कीमत 2.25 लाख रुपए में खरीदा गया।

दूसरे टैस्ट में भारतीय टीम की शानदार जीत

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पारी और 137 रन के अंतर से जीत दर्ज करके शृंखला झोली में डाली

पुणे, 13 अक्तूबर (भाषा)।

अपने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर भारत ने दक्षिण अफ्रीका को दूसरे क्रिकेट टैस्ट में चौथे ही दिन रविवार को एक पारी और 137 रन से हराकर तीन मैचों की शृंखला में 2-0 की विजयी बढ़त बना ली।

अपनी सरजमीं पर भारतीय टीम ने यह रेकार्ड लगातार 11वीं शृंखला जीती है। दक्षिण अफ्रीका को 2008 के बाद किसी टैस्ट शृंखला में फालोआन खेलने पर मजबूर करने वाली भारत पहली टीम बन गई । फालोआन खेलते हुए वेर्नोन फिलैंडर और केशव महाराज ने आखिर में जीत के लिए भारत का इंतजार लंबा कराने की कोशिश की लेकिन तेज गेंदबाज उमेश यादव ने 67वें ओवर में फिलैंडर (37) और कैगिसो रबाडा (चार) को पवेलियन भेजा। इसके अगले ओवर में रविंद्र जडेजा ने दूसरी ही गेंद पर महाराज (22) को पगबाधा आउट किया। दक्षिण अफ्रीकी टीम ने रिव्यू लिया लेकिन फैसला गेंदबाज के पक्ष में रहा। पहली पारी में 275 रन बनाने वाली दक्षिण अफ्रीकी टीम दूसरी पारी में 189 रन पर आउट हो गई ।

भारत ने अपनी पहली पारी पांच विकेट पर 601 रन (घोषित) की थी ।

दक्षिण अफ्रीका का शीर्षक्रम दूसरी पारी में भी नाकाम रहा । भारत के लिए जडेजा ने 21.2 ओवर में 52 रन देकर 3, उमेश यादव ने आठ ओवर में 22 रन देकर 3 और रविचंद्रन अश्विन ने 21 ओवर में 45 रन देकर 2 विकेट लिए। मोहम्मद शमी और ईशांत शर्मा को 1-1 विकेट मिला ।

11 वीं शृंखला लगातार जीती है भारतीय टीम ने अपनी सरजमीं पर

2008 के बाद दक्षिण अफ्रीका को किसी टैस्ट शृंखला में फालोआन खेले पर मजबूर करने वाली भारत पहली टीम बन गई

275 रन पहली पारी में बनाने वाली दक्षिण अफ्रीका की टीम दूसरी पारी में 189 रन पर सिमट गई

लंच के बाद जडेजा ने क्विंटोन डिकॉक (05) और तेम्बा बावुमा (38) को आउट किया। वहीं मोहम्मद शमी ने सेनुरान मुथुस्वामी (09) को पवेलियन भेजा। सुबह के सत्र में डीन एल्गर ने 72 गेंद में 48 रन बनाकर अकेले मुकाबले की कोशिश की लेकिन अश्विन ने उन्हें पवेलियन भेजा।

पहली पारी में विकेट नहीं ले सके ईशांत शर्मा ने दूसरी ही गेंद पर एडेन मार्कराम (0) को पवेलियन भेजा। दूसरे छोर पर खड़े एल्गर से लंबी बातचीत के बाद मार्कराम ने रिव्यू नहीं लिया हालांकि टीवी रिप्ले से जाहिर था कि गेंद लेग स्टम्प के बाहर से जा रही थी। पहली पारी में भी शानदार कैच लपकने वाले विकेटकीपर रिद्धिमान साहा ने थ्यूनिस डि ब्रून का एक और दर्शनीय कैच लपका। एल्गर और कप्तान फाफ डु प्लेसी (54 गेंद में पांच रन) ने 49 रन जोड़े। डु प्लेसी को अश्विन ने आफ ब्रेक पर आउट किया। वहीं एल्गर ने मिडआफ पर खड़े उमेश यादव को कैच थमाया ।

राष्ट्रीय टीम में आने के लिए युवाओं को हमसे बेहतर करना होगा : उमेश

पुणे, 13 अक्तूबर (भाषा)।

तेज गेंदबाज उमेश यादव का मानना है कि भारत में प्रतिभा की कमी नहीं है लेकिन युवाओं को राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने के लिए उन्हें वर्तमान टीम के सदस्यों ने बेहतर प्रदर्शन करना होगा। विदर्भ के इस तेज गेंदबाज ने कहा कि वर्तमान टीम में शामिल खिलाड़ियों ने पिछले वर्षों में बहुत अनुभव हासिल किया है और भावी खिलाड़ियों के लिए मानदंड स्थापित किया है।

उमेश ने कहा, 'इस टीम में सात से आठ खिलाड़ी ऐसे हैं जिन्होंने 40 से अधिक टैस्ट मैच खेले हैं। इसलिए जब देखते हैं कि सीनियर ने कितने कड़े मानदंड स्थापित किए हैं तो उनके लिए राष्ट्रीय टीम में जगह बनाना आसान नहीं होता है। वे जानते हैं कि टीम में जगह बनाने के लिए उन्हें हमसे बेहतर प्रदर्शन करना होगा।'

रांची टैस्ट के लिए महाराज की जगह लिंडे टीम में

बाएं हाथ के स्पिनर जॉर्ज लिंडे को चोटिल केशव महाराज की जगह भारत के खिलाफ शनिवार से रांची में शुरू होने वाले तीसरे और अंतिम टैस्ट मैच के लिए दक्षिण अफ्रीकी टीम में शामिल किया गया है।

ढिलाई नहीं बरतेंगे, क्लीन स्वीप करने उतरेंगे : कोहली

पुणे, 13 अक्तूबर (भाषा)।

भारतीय कप्तान विराट कोहली ने दक्षिण अफ्रीका को आगाह करते हुए रविवार को कहा कि उनकी टीम शृंखला में आगे ढिलाई नहीं बरतेगी और रांची में शुरू होने वाले तीसरे और अंतिम टैस्ट मैच में भी जीत दर्ज करके क्लीन स्वीप करने की कोशिश करेगी।

"आपको सुबह नई गेंद का सामना करने के लिए तैयार रहना चाहिए। जब परिस्थितियां मुश्किल थी तब हमने अच्छा खेल दिखाया।

कोहली ने कहा, 'टैस्ट चैंपियनशिप पर गौर करने पर हर मैच महत्त्वपूर्ण बन गया है चाहे वह स्वदेश में हो या विदेश में। प्रारूप ऐसा ही है। इसलिए हम तीसरे टैस्ट मैच में भी किसी तरह की ढिलाई नहीं बरतेंगे।' उन्होंने कहा, 'कोई भी किसी भी समय ढिलाई नहीं बरतेगा। हम तीसरे टैस्ट में भी जीत के लिए उतरेंगे और उम्मीद है कि 3-0 से शृंखला जीतेंगे।'

रहाणे संग साझेदारी

कोहली ने कहा, 'मैं जिक्स (रहाणे) के साथ बल्लेबाजी का वास्तव में लुत्फ उठाता हूं। हम जब साझेदारी निभाते हैं तो हम मैच को आगे ले जाते हैं।' जब भी मैंने गलत किया उन्होंने मुझे बताया और इसी तरह से मैं उन्हें बताता रहा।'

साहा व अश्विन

कप्तान ने ऋद्धिमान साहा के बारे में कहा, 'वे विशाखापत्तनम में वापसी करने पर थोड़ा नर्वस थे, लेकिन इस मैच में उन्होंने शानदार विकेटकीपिंग की। अश्विन ने भी शानदार वापसी की।'

डु प्लेसिस ने कहा, भारत शृंखला जीतने का हकदार

दक्षिण अफ्रीकी कप्तान फाफ डु प्लेसिस ने स्वीकार किया कि भारत शृंखला जीतने का हकदार था। उन्होंने कहा, 'उन्हें स्वदेश में हराना बेहद मुश्किल है और रेकार्ड इसका गवाह है। हम जानते हैं कि उपमहाद्वीप में आपकी पहली पारी महत्त्वपूर्ण होती है। अच्छे स्कोर से आपकी संभावना बन जाती है।'

वर्नोन फिलैंडर और कैगिसो रबादा ने पहले कुछ दबाव बनाया लेकिन हमें एक और गेंदबाज की जरूरत थी जो दबाव बना सके।

डुप्लेसिस ने कहा, 'लेकिन जिस तरह से भारत ने बल्लेबाजी की, विशेषकर विराट का दोहरा शतक। इसके लिए काफी मानसिक मजबूती चाहिए। दो दिन तक मैदान पर क्षेत्ररक्षण करने से आप थक सकते हैं। विशेष दूसरे दिन शाम को बल्लेबाज मानसिक रूप से कमजोर थे।' टैस्ट में स्पिनर के बजाय अतिरिक्त तेज गेंदबाज उतारने के बारे में उन्होंने कहा, 'इस पिच के लिहाज से यह सही फैसला था।

भारत की न्यूजीलैंड पर बड़ी जीत

जोहोर बाहरू, 13 अक्तूबर (भाषा)।

संजय के दो गोल व अन्य खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन से भारतीय जूनियर हॉकी टीम ने सुल्तान जोहोर कप में रविवार को न्यूजीलैंड पर 8-2 से बड़ी जीत दर्ज की। संजय ने 17वें और 22वें मीनट में गोल किए। उनके अलावा दिलप्रीत सिंह (छठे मिनट), शैलानंद लाकड़ा (14वें), मनदीप मोर (22वें), सुमन बेक (45वें) प्रताप लाकड़ा (50वें) और सुदीप चिरमाको (51वें मिनट) ने भी गोल दागे। न्यूजीलैंड की तरफ से दोनों गोल डायलन थॉमस (28वें और 44वें मिनट) ने किए।

भारत की यह टूर्नामेंट में दूसरी जीत है। राउंड रोबिन टूर्नामेंट में उसका अगला मुकाबला मंगलवार को जापान से होगा। भारतीय टीम ने शुरू से ही आक्रामक रवैया अपनाया। उसे दूसरे मिनट में ही पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन न्यूजीलैंड ने उसे बचा दिया लेकिन दिलप्रीत सिंह ने जल्द ही मैदानी गोल करके भारत का खाता खोल दिया। इसके बाद भी भारतीय टीम ने दबाव बनाए रखा और इसका फायदा उठाकर शैलानंद ने 14वें मिनट में स्कोर 2-0 कर दिया। भारत ने दूसरे क्वार्टर के शुरू में ही तीसरा गोल भी दाग दिया। न्यूजीलैंड ने तुरंत बाद पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया लेकिन भारतीय रक्षकों के सामने उसकी एक नहीं चली।

सुल्तान जोहोर कप

कप्तान मनदीप मोर ने 20वें मिनट में चौथा गोल किया।

इसके दो मिनट बाद भारत को पेनल्टी कॉर्नर मिला जिसे संजय ने गोल में बदला।

खेल मंत्रालय ने दिल्ली के चार स्टेडियम सभी के लिए खोले

नई दिल्ली, 13 अक्तूबर (भाषा)।

एक अभूतपूर्व कदम उठाते हुए खेल मंत्रालय ने जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम और कर्णी सिंह निशानेबाजी रेंज समेत दिल्ली के चार स्टेडियम बिना किसी शुल्क के सभी महासंघों और खिलाड़ियों के लिए एक नवंबर से खोलने का फैसला किया है ।

यह फैसला फिट इंडिया आंदोलन को बढ़ावा देने और देश भर में खिलाड़ियों को खेल के मैदान और बुनियादी ढांचा मुहैया कराने की कवायद में लिया गया है । पहले चरण में जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम, इंदिरा गांधी स्टेडियम, मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम और कर्णी सिह निशानेबाजी रेंज राज्य और खेल महासंघों के लिए प्रतिस्पर्धायें और लीग कराने के लिए उपलब्ध होंगी। नेहरू स्टेडियम में फुटबाल लीग होती आई है जबकि आइजी स्टेडियम में कुश्ती, मुक्केबाजी, जूडो और बैडमिंटन खेला जाता रहा है । नेशनल स्टेडियम में हॉकी और तैराकी स्पर्धायें होती हैं जबकि कर्णी सिह रेंज निशानेबाजी के लिए है। खेल मंत्री किरण रिजीजू ने कहा, 'इसी इरादे से हमने मौजूदा खेल बुनियादी ढांचे का इस्तेमाल अगले तीन महीने में तीन गुना बढ़ाने का फैसला किया है।'

अमेरिका की कोको गॉफ को आस्ट्रिया ओपन का खिताब

लिंज (आस्ट्रिया), 13 अक्तूबर (एपी)।

अमेरिकी किशोरी कोको गॉफ ने रविवार को अपर आस्ट्रिया लेडीज टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में येलेना ओस्टापेंको को हराकर अपना पहला डब्लूटीए खिताब जीता। विंबलडन के चौथे और यूएस ओपन के तीसरे दौर में पहुंचने वाली 15 वर्षीय किशोरी गॉफ ने ओस्टापेंको को 6-3, 1-6, 6-2 से हराया। गॉफ ने दूसरा सेट आसानी से गंवा दिया लेकिन इसके बाद उन्होंने शानदार वापसी की।

विजय हजारे : महाराष्ट्र ने हिमाचल को तीन विकेट से हराया

वड़ोदरा, 13 अक्तूबर (भाषा)।

अजीम काजी के अर्धशतक की मदद से महाराष्ट्र ने विजय हजारे ट्रॉफी के ग्रुप बी मैच में रविवार को हिमाचल प्रदेश पर तीन विकेट से रोमांचक जीत दर्ज की। महाराष्ट्र के सामने 202 रन का लक्ष्य था लेकिन उसका शीर्ष क्रम लड़खड़ा गया। ऐसे समय में अजीम ने 82 गेंदों पर 84 रन बनाकर टीम को जीत दिलाई। उन्होंने नौशाद शेख (36) के साथ 109 रन की साझेदारी की।

इससे पहले हिमाचल प्रदेश की टीम नौ विकेट पर 201 रन ही बना पाई। उसकी तरफ से अमित कुमार ने सर्वाधिक 62 रन बनाए। महाराष्ट्र के लिए समद फल्लाह, निकित धूमल और अजीम ने दो-दो विकेट लिए।

उत्तराखंड ने सिक्किम को 253 रन से रौंदा : तेज गेंदबाज सन्नी राणा (पांच विकेट पर 26 रन) के करिअर के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के दम पर उत्तराखंड ने विजय हजारे प्लेट ग्रुप के मुकाबले में सिक्किम को 52 रन पर आउट कर 253 रन की बड़ी जीत दर्ज की। सिक्किम के लिए 306 रन का लक्ष्य काफी बड़ा साबित हुआ जिसका पीछा करते हुए पूरी टीम महज 21.1 ओवर में ही पवेलियन लौट गई।

मंजू रानी को विश्व चैंपियनशिप में रजत

उलान उदे, 13 अक्तूबर (भाषा)।

भारतीय मुक्केबाज मंजू रानी को महिला विश्व चैंपियनशिप के फाइनल में मिली पराजय के बाद कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। हरियाणा की इस मुक्केबाज को लाइट फ्लायवेट (48 किलो) वर्ग के फाइनल में रूस की एकातेरिना पाल्सेवा ने 4-1 से हराया।

शनिवार को 20 बरस की होने जा रहीं रानी फाइनल में एकमात्र भारतीय थीं। इससे पहले छह बार की चैंपियन एमसी मैरी कोम (51 किलो), जमुना बोरो (54 किलो) और लवलीना बोरगोहेन (69 किलो) को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा । बोरगोहेन का यह लगातार दूसरा कांस्य पदक था।

पहला दौर

रानी और उनकी प्रतिद्वंद्वी ने पहले दौर से ही आक्रामक खेल दिखाया। पहले तीन मिनट में रूसी मुक्केबाज ने दमदार मुक्के लगाए।

दूसरा दौर

दूसरे दौर में रानी ने अच्छे जवाबी हमले किए और स्थानीय मुक्केबाज पर भारी पड़ी। आखिरी तीन मिनट में दोनों ने संभलकर खेला। रूसी मुक्केबाज को बेहतर रिफ्लैक्सेस के कारण विजेता घोषित किया गया।

रानी को राष्ट्रीय खिताब

रानी ने इस साल पंजाब के लिए राष्ट्रीय खिताब जीतकर राष्ट्रीय शिविर में जगह बनाई थी। उन्होंने इस साल पहली बार स्ट्रांजा मेमोरियल टूर्नामेंट खेलते हुए रजत पदक जीता। रोहतक के रिठाल फोगाट गांव की रानी के पिता सीमा सुरक्षा बल में अधिकारी थे जिनका कैंसर के कारण 2010 में निधन हो गया था ।

जज्बे ने बनाया मंजू को कामयाब

नई दिल्ली, 13 अक्तूबर (भाषा)।

भारतीय मुक्केबाज मंजू रानी को खुद की पहचान बनाने की ललक ने मुक्केबाजी दस्ताने पहनने को प्रेरित किया और रिंग में उतरने के बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा। पहली बार महिला विश्व चैंपियनशिप में भाग लेने वाली 19 साल की मंजू को रविवार को उलान उदे में हुए फाइनल में पराजय के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

गृह राज्य हरियाणा से मौका नहीं मिलने पर राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में पंजाब का प्रतिनिधित्व करने वाली मंजू ने कहा, ' मेरे यह जन्मदिन का समय से पहले मिलने वाले तोहफे की तरह हैं।' सीमा सुरक्षा बल में अधिकारी के पद पर तैनात उनके पिता का कैंसर के कारण 2010 में निधन हो गया था। इसके बाद उनकी मां इशवंती देवी ने उनके चार भाई-बहनों का लालन पालन किया। मंजू ने कहा, 'मैंने करिअर की शुरुआत कबड्डी खिलाड़ी के तौर पर की थी लेकिन वह टीम खेल है। मुक्केबाजी ने मुझे आकर्षित किया क्योंकि यह व्यक्तिगत खेल है। यहां जीत का श्रेय सिर्फ आपको मिलता है।' उन्होंने कहा, 'मां ने कैरिअर चयन के मामले में मेरा पूरा समर्थन किया। उन्होंने हर समय मेरा साथ दिया।' मंजू को ओलंपिक पदक विजेता विजेंदर सिह और एमसी मैरी कोम से प्रेरणा मिलती है।

महिला विश्व चैंपियनशिप के फाइनल में मिली पराजय के बाद निराश मंजू रानी।

रजिस्ट्रेशन नं. डी.एल.-21047/03-05, आरएनआई नं. 42819/83, वर्ष 36, अंक 330, *हवाई शुल्क:* इंफल-पांच रुपए, गुवाहाटी-चार रुपए, रायपुर-दो रुपए और पटना-एक रुपए।
दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड के लिए आर. सी. मल्होत्रा द्वारा ए-8, सेक्टर 7, नोएडा- 201301, जिला गौतम बुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित और मेजनीन फ्लोर, एक्सप्रेस बिल्डिंग, 9-10, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित। फोनः (0120) 2470700/2470740, ई-मेलः edit.jansatta@expressindia.com, फैक्सः (0120) 2470753, 2470754, **बोर्ड अध्यक्षः विवेक गोयनका, कार्यकारी संपादकः मुकेश भारद्वाज***, *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेवार। कापीराइटः दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड। सर्वाधिकार सुरक्षित। लिखित अनुमति लिए बगैर प्रकाशित सामग्री या उसके किसी अंश का प्रकाशन या प्रसारण नहीं किया जा सकता।